रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-324 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### प्रदेश के 33 जिलों के लिए माह जुलाई का 552 किलोलीटर केरोसिन आबंटित

**रायपुर।** प्रदेश के 33 जिलों के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने 552 किलोलीटर केरोसिन उचित मूल्य दुकानों के लिए आबंटन जारी किया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह जुलाई 2024 के लिए गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डों में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत केरोसिन प्रदाय किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों एवं हॉकर्स के लिए उचित मूल्य दुकानवार ऑनलाईन आबंटन जारी किया गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अुनसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित समस्त अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले राशनकार्डधारी हितग्राहियों को केरोसिन की पात्रता होगी।

### दिल्ली सरकार ने मोहल्ला बस सेवा का ट्रायल किया शुरू

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार ने मोहल्ला बस सेवा का ट्रायल शुरु किया जो सात दिनों तक चलेगा। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने पत्रकारों से कहा, मोहल्ला बस सेवाओं की शुरूआत दिल्ली में लास्ट माईल कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन बसों को सीमित सड़क चौड़ाई और उच्च भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस ट्रायल के द्वारा हम यात्रियों से उनके अनुभव के आधार पर आवश्यक प्रतिक्रिया इकट्ठा कर रहे हैं जिससे मोहल्ला बसों की सेवा का विस्तार दिल्ली के सभी इलाक़ों में सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा।

### शेयर बाजार में तेजी बरकरार

**मुंबई।** विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, ऊर्जा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार फिर नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 145.52 अंक की तेजी के साथ 80,664.86 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 84.55 अंक चढ़कर 24,586.70 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई।

# छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में पांच राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा जाएगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। भारत सरकार द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) और प्रदेश के चार नगरीय निकायों बिलासपुर, रायगढ़, चांपा एवं भाटापारा का चयन प्रतिष्ठित 'स्पार्क-2023-24' पुरस्कारों के लिए किया गया है। राज्य में शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए ये पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 18 जुलाई को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में सूडा और चारों नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया जाएगा।

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू ये पुरस्कार प्रदान करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ये पुरस्कार राज्य के लिए सम्मान का विषय है। मैं इसके लिए केन्द्र सरकार को धन्यवाद देता हूं। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत सामाजिक गतिशीलता, संस्थागत विकास, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण एवं शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता के साथ ही शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने भी सूडा और पुरस्कार के लिए चयनित नगरीय निकायों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन महिलाओं एवं युवाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मिशन है। छत्तीसगढ़ इस मिशन मे लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। भारत सरकार द्वारा इन पुरस्कारों के लिए चयन हमारी कोशिशों की सफलता का घोतक है। सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा ये पुरस्कार शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में श्रेष्ठ कार्यों के लिए दिया जा रहा है। दीनदयाल अंत्योदय योजना -राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से नगरीय निकायों ने शहरी आबादी के जीवन में उल्लेखनीय सुधार किया है।

### मुख्यमंत्री से एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा ने की सौजन्य मुलाकात



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में एसबीआई के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ और बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। मुख्यमंत्री साय ने शर्मा से छत्तीसगढ़ में बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने में बैंकों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। छत्तीसगढ़ राज्य के सुदूर इलाकों खासकर गावों तक बैंक शाखाओं का और अधिक विस्तार हो ताकि दूरस्थ क्षेत्र के अधिक से अधिक ग्रामीण-जन बैंकिंग प्रणाली का हिस्सा बन सकें। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री साय ने राज्य में वित्तीय समावेशन बढ़ाने और ग्रामीणों को बैंकिंग साक्षरता से जोड़ने पर बल दिया।

## पीएम मोदी ने ओली को नेपाल का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी



एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खड्ग प्रसाद शर्मा ओली को नेपाल का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है। मोदी ने सोशल मीडिया पर बधाई संदेश में कहा, 'नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर केपी शर्मा ओली को बधाई। मोदी ने बधाई संदेश में कहा, 'हम दोनों देशों के बीच मित्रता के गहरे संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।' नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड की सरकार के अल्पमत में आने के बाद नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के नेता ओली नेपाली कांग्रेस के समर्थन से दोबारा प्रधानमंत्री बने हैं।

## खानपान व्यवहार परिवर्तन में उपभोक्ताओं और उद्योगों को संवेदनशील करना महत्वपूर्ण

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



जगत प्रकाश नड्डा ने खाद्य सुरक्षा पर साक्ष्य आधारित जानकारी के साथ उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि स्वस्थ खाने की आदतों के लिए व्यवहार परिवर्तन में उपभोक्ताओं और उद्योगों को संवेदनशील करना महत्वपूर्ण है। नड्डा ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के कामकाज की समीक्षा बैठक में कहा कि साक्ष्य आधारित जानकारी के माध्यम से विभिन्न खाद्य सुरक्षा मुद्दों पर उपभोक्ताओं और नागरिकों को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि न केवल नियामक मुद्दों पर बल्कि स्वस्थ खाने की आदतों को विकसित करने के लिए व्यवहार परिवर्तन पर भी संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत जैसे बड़े देश में, विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग आहार संबंधी आदतें और प्राथमिकताएं हैं।

## ठाणे में गोरखपुर एक्सप्रेस में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

एजेंसी ◄ मुंबई
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार सुबह लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस के कोच में ब्रेक बाइंडिंग के कारण पहियों के पास आग लग गयी लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रेलवे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दो अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करके तुरंत आग पर काबू पा लिया गया और बताया गया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। मध्य रेलवे (सीआर) के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुबह करीब साढ़े छह बजे एस-8 कोच की ब्रेक बाइंडिंग के कारण गोरखपुर जाने वाली ट्रेन को ठाकुर्ली स्टेशन (ठाणे जिले में) के पास रोक दिया गया।

## केजरीवाल की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा जेल प्रशासन : आप

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

आप ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जेल प्रशासन मुख्यमंत्री की रिपोर्ट सार्वजनिक कर उनकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा है। आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि किसी भी मरीज की मेडिकल रिपोर्ट जारी करना एक अपराध है। जेल प्रशासन ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मेडिकल रिपोर्ट जारी कर चुका है। जेल प्रशासन एक मुख्यमंत्री का मेडिकल रिपोर्ट जारी कर यह साबित कर रहा है कि वह मुख्यमंत्री की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा है। जेल प्रशासन केजरीवाल की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने के लिए गहरी साजिश रच रहा है। सिंह ने कहा कि वह खुद भी जेल में रहे हैं। अगर आपकी तबीयत खराब है और आप घंटों तक घंटी बजाते रहते हैं।

# बजट में बेरोजगारी की असलियत नजरअंदाज करेगी सरकार : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि देश में बेरोजगारी की समस्या बहुत गंभीर है, लेकिन मोदी सरकार इसे नजरअंदाज करती रही है और बजट में भी वह अर्थव्यवस्था की गुलाबी बजट वाली तस्वीर पेश कर बेरोजगारी की भयावह स्थिति पर पर्दा डालने का ही प्रयास करेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बयान जारी कर दावा किया है कि मोदी सरकार असलियत पर पर्दा डालेगी और सिर्फ गुलाबी बजट की तस्वीर ही पेश करेगी। उनका कहना था कि मोदी सरकार सिर्फ अच्छी तस्वीर पेश करने का प्रयास कर असलियत से ध्यान भटकाने का काम कर रही है और इस बार के बजट में भी उसकी इसी तरह से वास्तविकता से हटकर गुलाबी बजट पेश करने की कोशिश रहेगी। प्रवक्ता ने कहा कि आगामी बजट भी निस्संदेह अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर पेश करने के लिए आरबीआई डेटा का उपयोग करेगा, लेकिन, नौकरियों के मोर्चे पर वास्तविक हालात बेहद गंभीर है - बड़े पैमाने पर बेरोज़गारी और कम गुणवत्ता वाले रोज़गार दोनों के कारण। अगले मंगलवार को बजट भाषण में इस दोहरी त्रासदी को निश्चित रूप से नज़रअंदाज़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के नए अनुमान के आधार पर सरकार जॉब मार्केट में तेज़ी का दावा कर रही है कि उसने नेतृत्व में आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था ने आठ करोड़ नौकरियां सृजित की हैं जबकि सच यह है कि रोज़गार के आंकड़ों में यह वृद्धि वास्तविकता के अनुरूप नहीं है। इस समय निजी निवेश कमज़ोर रहा है और उपभोग में वृद्धि बेहद सुस्त है। सरकार ने रोज़गार की गुणवत्ता और परिस्थितियों पर ध्यान दिए बिना, रोज़गार की बहुत विस्तृत परिभाषा अपनाकर, रोज़गार सृजन का दावा करने के लिए कुछ कलात्मक सांख्यिकीय बाज़ीगरी की है। प्रवक्ता ने कहा कि रोजगार वृद्धि का जो दावा किया जा रहा है उसमें महिलाओं द्वारा किए जाने वाले अवैतनिक घरेलू काम को भी 'रोज़गार' बताया गया है और ख़राब आर्थिक माहौल के बीच, श्रम बाजार में वेतनभोगी, औपचारिक रोज़गार की हिस्सेदारी में कमी आई है। श्रमिक कम उत्पादकता वाली असंगठित और कृषि क्षेत्र की नौकरियों की ओर जा रहे हैं।

## नारकोटिक्स समन्वय केंद्र की शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को यहां नारकोटिक्स समन्वय केंद्र की 7वीं शीर्षस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गृह मंत्रालय ने बताया कि गृह मंत्री राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 'मानस' की शुरुआत और श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन भी करेंगे। वह ब्यूरो की 'वार्षिक रिपोर्ट 2023' और 'नशामुक्त भारत' पर एक विस्तृत विवरण भी जारी करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य भारत में मादक पदार्थों की तस्करी और इनके दुरुपयोग से निपटने में शामिल विभिन्न केन्द्रीय और राज्य सरकार की एजेंसियों के प्रयासों में समन्वय और तालमेल स्थापित करना है। केंद्र सरकार ने ड्रग्स तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस नीति' अपनाई है जिससे ड्रग्स के खतरे को कम किया जा सके। गृह मंत्रालय संस्थागत ढांचे को मजबूत कर सभी नार्को एजेंसियों के बीच समन्वय और व्यापक जनजागरूकता अभियान की तीन सूत्रीय रणनीति पर चलते हुए 2047 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। इस रणनीति के तहत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राज्यों और गृह मंत्रालय के बीच बेहतर समन्वय के लिए 2016 में नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर स्थापित किया गया था।



# धन विधेयक विवादः सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए संविधान पीठ के गठन पर विचार करेगी

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कथित तौर पर राज्यसभा को दरकिनार कर 'आधार अधिनियम' जैसे कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए वह एक 'संवैधानिक पीठ' का गठन करने के अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सिब्बल ने आरोप लगाते हुए इस मामले में पीठ के समक्ष उल्लेख किया कि केंद्र सरकार द्वारा धन विधेयक की आड़ में कानून पारित किए जा रहे हैं। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस पर कहा, जब मैं संविधान पीठों का गठन करूंगा तो देखूंगा। इस पर सिब्बल ने कहा यह मामला पहले से ही सूची में है। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और अधिवक्ता इंदिरा जय सिंह ने सिब्बल की दलीलों को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मामले में दलीलें पहले ही पूरी हो चुकी हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जय सिंह ने भी कहा कि धन विधेयक से संबंधित एलआईसी का मुद्दा भी है। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने सहमति जताते हुए कहा कि हम इस मामले को सूचीबद्ध करेंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, जब मैं संविधान पीठों का गठन करूंगा, तब इस पर विचार करूंगा। मुख्य न्यायाधीश ने पहले घोषणा की थी कि 'आधार अधिनियम' जैसे कानूनों को धन विधेयक के रूप में पारित करने की वैधता के मुद्दे पर विचार करने के लिए सात न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ का गठन किया जाएगा। इस निर्णय का उद्देश्य धन विधेयकों को लेकर उठे विवाद को हल करना है, क्योंकि सरकार ने 'आधार अधिनियम' और 'धन शोधन निवारण अधिनियम' (पीएमएलए) जैसे कानून में संशोधन के लिए उन्हें धन विधेयक के रूप में संशोधन पेश किए हैं। आरोप है कि सरकार का यह दृष्टिकोण राज्य सभा को दरकिनार करने का था, जहां उस समय सरकार के पास बहुमत हासिल नहीं था। दरअसल, धन विधेयक केवल लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है। राज्यसभा धन विधेयक में संशोधन या अस्वीकृति नहीं कर सकती है। वह केवल सिफारिशें कर सकती है।

### इन प्रौद्योगिकियों और तकनीकों का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जाएगा

# नयी सरकार के पहले सौ दिन में फसल की सौ नयी किस्में, सौ नयी कृषि प्रौद्योगिकी

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में फसलों की एक सौ नयी प्रजातियों और कृषि, बागवाली, मृदा संरक्षण, डेयरी और मत्स्य पालन जैसे कृषि एवं संबंधित क्षेत्रा से जुड़ी नयी प्रौद्योगिकी प्रस्तुत करने की तैयारी की है। यह जानकारी कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव और आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने दी। डॉ. पाठक ने संकेत दिया कि इन प्रौद्योगिकियों और तकनीकों का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जा सकता है। उन्होंने आईसीएआर के 96वें स्थापना एवं प्रौद्योगिक दिवस के उपक्ष्य में आयोजित दो दिन के कार्यक्रमों के पहले दिन पूसा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। महानिदेशक पाठक ने यह भी कहा, हर अपने हर वैज्ञानिक के लिए एक वर्ष में एक नया उत्पाद प्रस्तुत करने का मिशन देने जा रहे है। यह मिशन पांच साल का होगा। ये उत्पाद नए बीज, तकनीक, माडल या नए पोस्टर, अवधारणाएं, किसी भी रूप में हो सकते हैं। आईसीएआर के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों में इस समय साढ़े पांच हजार से अधिक वैज्ञानिक कार्यरत हैं। आईसीएआर महानिदेशक ने कहा कि देश में कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के इस शीर्ष संगठन कि देश में दहलन क्रांति के बाद संस्थान अब तिलहनों के क्षेत्र में उन्नत बीजों के विकास और प्रसार के कदम उठाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईसीएआर खास कर विभिन्न फल-सब्जियों का सेल्फ लाइफ(ताजा बने रहने की अवधि)




बढ़ा कर उनकी आपूर्ति में प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेप बढ़ाने में भी प्रयासरत है। आईसीएआर के 96वें स्थापना दिवस का औपचारिक उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे तथा मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह तथा कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी तथा राम नाथ ठाकुर भी उपस्थित होंगे। आईसीएआर के प्रौद्योगिकी दिवसर के उपलक्ष्य में पूसा में फसलों की नयी किस्मों, प्रसंस्कृत उत्पादों और मशीनों की एक बड़ी प्रदर्शनी भी लगायी गयी है। इसमें सैकड़ों की संख्या में केले और आम की कस्में भी रखी गयी हैं। आईसीएआर के 'एक वैज्ञानिक-एक उत्पाद' अभियान के बारे में डॉ. पाठक ने कहा, इस अभियान की केंद्रीकृत और संस्थान के स्तर पर निगरानी व्यवस्था की जा रही है। इसमें पहले से तय होगा कि कोई वैज्ञानिक साल में किस उत्पाद पर काम करने जा रहा है, उसकी प्रगति की विभिन्न स्तर पर तिमाही और छमाही समीक्षा की जाएगी। नयी सरकार के पहले 'सौ दिन में सौ किस्मे और सौ प्रौद्योगिकी' अभियान के बारे में उन्होंने कहा, 'पहले हर रोज एक किस्म जारी करने का विचार था। पर मंत्री जी के सुझाव के अनुसार हम इन्हें एक साथ जारी करने की तैयारी में हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री से उनके समय के लिए अनुरोध किया गया है। इनमें जारी की जाने वाली फसलों की नयी किस्मों में बहुत सी किसमें जलवायु परिर्वन को सहने में समर्थ होंगी। उन्होंने कहा कि गेहूं की पिछले साल की खेती का 75 प्रतिशत रकबा जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशील नयी प्रजातियों का प्रयोग किया गया। इससे गर्मी ज्यादा पड़ने के बावजूद गेहूं की पिछली फसल में उतने ही क्षेत्र में गेहूं का रिकार्ड उत्पादन हुआ है। पिछले रबी सत्र में गेहूं का उत्पादन 11.29 करोड़ टन के रिकार्ड स्तर पर रहा। आईसीएआर प्रमुख ने कहा कि इसमें 85 प्रतिशत योगदान आईसीएआर द्वारा विकसित किस्मों का रहा है। उन्होंने कहा कि धान के मामले में इस बार सूखा और डूब प्रतिरोधी किस्मों का रकबा 25 प्रतिशत तक पहुंचने का लक्ष्य है।

## सुप्रीम कोर्ट ने नीट पर हाई कोर्ट में लंबित याचिकाएं अपने पास स्थानांतरित की, 18 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मेडिकल और कुछ अन्य विषयों में स्नातक स्तर की कक्षाओं में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित अनियमितताओं को उच्च न्यायालयों में चुनौती देने वाली याचिकाओं को वह अपने पास पहले से सूचीबद्ध इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ 18 जुलाई को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि अदालत वंशिका यादव और अन्य के मामले के साथ गुरुवार 18 जुलाई को इस (उच्च न्यायालय में दायर संबंधित याचिका पर) मामले की सुनवाई करेगी। पीठ ने एनटीए द्वारा दायर स्थानांतरण याचिका (उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में) को नीट यूजी 2024 में अनियमितताओं और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग से संबंधित लंबित मामले के साथ जोड़ने का आदेश दिया। पीठ ने कहा, हम गुरुवार को इस पर विचार करेंगे। एनटीए के अधिवक्ता ने दलील दी कि शीर्ष अदालत को स्थानांतरण याचिका में नोटिस जारी करना चाहिए, क्योंकि राजस्थान उच्च न्यायालय इस मामले में आगे की सुनवाई करने जा रहा है। इस पर पीठ ने विभिन्न संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया।

## वाणिज्यक निर्यात जून में 2.55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 35.20 अरब डॉलर : सरकारी आंकड़े

**नयी दिल्ली।** देश से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात जून 2024 में 2.55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 35.20 अरब डॉलर रहा। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों में दी गयी। जून 2023 में वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात 34.32 अरब डॉलर डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जून में वाणिज्यक वस्तुओं का आयात 56.18 अरब डॉलर रहा जो एक साल पहले इसी माह 53.51 अरब डालर था। इस तरह जून में व्यापार घाटा 20.98 अरब डालर के बराबर रहा। जून में सेवाओं का अनुमानित निर्यात 30.27 अरब डालर रहा जो एक साल पहले इसी माह 27.79 अरब डॉलर था। इस माह के दौरान सेवाओं का आयात 17.29 अरब डालर रहा जो एक साल पहले इसी दौरान 15.61 अरब डालर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने जून के निर्यात के आंकड़ों पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, अप्रैल-जून में कुल निर्यात (वस्तु और सेवाएं) 200 अरब डॉलर था। अगर यही रुझान जारी रहा, तो हमें पूरा भरोसा है कि हम इस साल 800 अरब डॉलर का व्यापार पार कर जाएँगे। वस्तुओं और सेवाओं-दोनों को मिला कर कुल निर्यात अनुमानित 5.40 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 65.47 अरब डॉलर के बराबर रहा जबकि एक वर्ष पहले इसी माह कुल निर्यात 62.12 अरब डॉलर था।



# विभिन्न अंचलों में होंगी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव
## निवेश बढ़ाने प्रदेश के बाहर रोड शो भी: यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश आकर्षित करने प्रदेश भर में विभिन्न अंचलों में क्षेत्रीय स्तर पर 'इंडस्ट्री कॉन्क्लेव' आयोजित होंगी और साथ ही प्रदेश के बाहर रोड शो भी समानांतर चलाए जाएंगे। हाल ही में मुंबई में औद्योगिक समूहों के साथ निवेश की संभावनाओं पर चर्चा कर लौटे डॉ यादव ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार ने 2025 को निवेश वर्ष के तौर पर प्लान किया हुआ है। इस दौरान 'रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव' और प्रदेश के बाहर के रोड शो समानांतर चलेंगे। अब ये कॉन्क्लेव अन्य अंचलों में भी की जाएगी। सरकार ने कुछ समय पहले ऐसी एक कॉन्क्लेव उज्जैन में की थी। अब आगामी 20 जुलाई को जबलपुर में होने वाली है। डॉ यादव ने कहा कि हाल ही में उनकी मुंबई यात्रा के दौरान उनका औद्योगिक हस्तियों से मिलना हुआ। आगामी समय में ग्वालियर, सागर, रीवा और जबलपुर में जो कॉन्क्लेव होने वाली हैं, उनके लिए भी निवेशकों की ओर से प्रस्ताव आने लगे हैं। प्रख्यात उद्योगपति अनिल अंबानी ने भी राज्य में निवेश की बात कही है। मुंबई में हुई चर्चा के दौरान पर्यटन के क्षेत्र में भी कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस आयोजन में लगभग 450 निवेशकों द्वारा भागीदारी की गई। डॉ यादव ने कहा कि लगभग 35 से ज्यादा निवेशकों के साथ उनकी व्यक्तिगत और कॉमन चर्चा हुई है। इस प्रकार सीधे संवाद करने से आत्मविश्वास आ रहा है। सभी कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों से बातचीत के दौरान सरकार की ओर से उनसे कहा जा रहा है कि राज्य से केवल कच्चा माल ना ले जाएं, उत्पाद भी यहीं बनाएं। ज्यादातर लोग इससे सहमत भी हो रहे हैं। सरकार स्टार्टअप में अच्छे काम की कोशिश करा रही है। कई संस्थाओं से बात की है। जबलपुर में होने वाली कॉन्क्लेव में जबलपुर संभाग से लेकर पूरा आसपास का क्षेत्र कवर करने की बात की है। इसके लिए जरूरी 'होमवर्क' कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में 1500 निवेशकों की भागीदारी प्रस्तावित कर रहे हैं, उसमें से लगभग एक हजार के आने की संभावना है। विदेशी निवेशकों को यहां लाने की दिशा में काम करते हुए ताइवान और मलेशिया के प्रतिनिधिमंडलों के साथ भी बैठक की है। डॉ यादव ने कहा कि राज्य में 'इंडस्ट्रियल बेल्ट' में बुनियादी सुविधाओं पर भी काम हो रहा है। भविष्य में कोयंबटूर, बेंगलूर, दिल्ली, अहमदाबाद में भी सरकार रोड शो करने जा रही है ताकि वहां के निवेशकों को आमंत्रित किया जा सके। राज्य में बिजली, पानी, कानून व्यवस्था सब व्यवस्थित हुए हैं, इसलिए सरकार चाहती है कि राज्य में निवेश की संभावनाओं को आमंत्रित किया जाए। वर्तमान में प्रचलित उद्योगों की परियोजनाओं का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क की लगभग पूरी जमीन भर चुकी है, इसलिए इसके दूसरे भाग पर भी काम किया जा रहा है। पीएम मित्रा पार्क, धार के माध्यम से आदिवासी इलाकों में रोजगार के लिए काम शुरु हो चुका है। मुरैना में मेगा लेदर, फुटवियर एंड एक्सेसरीज़ क्लस्टर डवलपमेंट पार्क के माध्यम से लेदर और फुटवियर का काम हो रहा है। कई राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ कर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का काम प्रस्तावित है।

## हैदराबाद में 77 लाख मूल्य के नकली बिजली के तार बरामद, एक गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से बड़ी मात्रा में नकली बिजली के तार जब्त किये जिनकी कीमत करीब 77 लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर आयुक्त की टास्क फोर्स, सेंट्रल जोन टीम के अधिकारियों ने रविवार को कॉपीराइट प्रमाणीकरण क्षेत्र के एजेंटों के साथ मिलकर अफजलगंज थाने की सीमा के अंतर्गत जामबाग के पूसलाबस्थी स्थित एक गोदाम पर छापेमारी की। उस दौरान, व्यक्ति दिल्ली और गुजरात से फिनोलेक्स, वी-गार्ड, पॉलीकैब, एंकर, गोल्डमेडल, जीएम कंपनी आदि जैसी प्रमुख कंपनियों के नकली बिजली के तार, खाली कार्टन बॉक्स/पैकिंग बॉक्स और होलोग्राम अवैध रूप से खरीद रहा था, जिससे निर्दोष ग्राहकों को यह विश्वास हो गया कि वे ब्रांडेड कंपनियों के मूल उत्पाद हैं। पुलिस ने हैदराबाद के अफजलगंज के दयाराम चौधरी (21) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस मामले में एक अन्य मालिक नरेंद्र चौधरी फरार है। पूछताछ के दौरान दयाराम चौधरी ने बताया कि वह राजस्थान का रहने वाला है और पांच साल पहले हैदराबाद आया था। वह अपने साले नरेंद्र चौधरी के साथ अफ्जलगंज के गौलीगुड़ा के पास पवन एंटरप्राइजेज नाम से इलेक्ट्रिक आइटम की बिक्री की दुकान चलाता है। दुकान से होने वाली उनकी मामूली कमाई पर्याप्त नहीं थी, इसलिए उन्होंने अवैध रूप से आसानी से पैसा कमाने की योजना बनाई। उन्होंने दिल्ली और गुजरात से ब्रांडेड केबलों के डुप्लीकेट बिजली के तार, बॉक्स, होलोग्राम और सीरियल नंबर खरीदना शुरू कर दिया। उन्होंने इन नकली सामग्रियों और खाली बक्सों को अपने गोदाम में संग्रहीत किया। बाद में, उन्होंने विभिन्न गेज (-- 1.0 मिमी, 1.5 मिमी, 2.5 मिमी, 4.0 मिमी) की नकली सामग्रियों को प्रमुख कंपनी के लोगो के साथ मुद्रित बक्सों में पैक और सील कर दिया। फिर उन्होंने इन्हें कई बिल्डरों, थोक विक्रेताओं और खुदरा दुकानों को आपूर्ति की।

## जागेश्वर धाम के प्रसिद्ध श्रावणी मेला का शुभारंभ करेंगे धामी

वार्ता ➤ जागेश्वर/नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में आयोजित होने वाला ऐतिहासिक श्रावणी मेला मंगलवार यानी 16 जुलाई से शुरू होगा। एक महीने तक चलने वाले इस मेले का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। अल्मोड़ा के जिलाधिकारी विनीत तोमर ने एक बैठक कर मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। जागेश्वर स्थित पर्यटक आवास गृह में हुई बैठक में मुख्यमंत्री के आगमन के संबंध में भी तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक में तय किया गया कि मेले में देश-विदेश के शिव भक्त और श्रद्धालु पहुंचेंगे। इसलिये कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष जोर देने को कहा गया।

श्रद्धालु आसानी से पूजा अर्चना और दर्शन कर सकें इसके लिये भी व्यवस्था सुदृढ़ और सुचारू करने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने मेले के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाये रखने को कहा है। उन्होंने व्यापारियों से भी अपील की है कि वह मेले में व्यवस्था बनाये रखने में अपना सहयोग दें। बैठक में मंदिर समिति की प्रबंधक ज्योत्सना पंत, पुजारी प्रतिनिधि पंडित नवीन चंद्र भट्ट समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

# स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर से किया गया ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल

### कोरबा के बिजलीघरों को पुन: संचालित करने बांगो से भेजा गया पॉवर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुर्नसंचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफ्लतापूर्वक किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि आपात स्थिति में पॉवर प्लांट के ब्लैक आऊट होने पर कोरबा पश्चिम के बिजली संयंत्रों को शुरू करने हेतु लगभग 43 मिनट में जल विद्युत संयंत्रों से बिजली पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। 12 जुलाई को यह मॉक ड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं उत्पादन कम्पनी के प्रबंध निदेशक क्रमशः आर0 के0 शुक्ला तथा संजीव कुमार कटियार की उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ । इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुसार साल में एक बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है। इस दौरान डंगनिया स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर में कार्यपालक निदेशक सर्व के0 एस0 मनोठिया एवं एम0 एस0 कंवर, मुख्य अभियंता के0 के0 भगत, अतिरिक्त मुख्य अभियंता शारदा सोनवानी, राकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता मनोज राय, संजय चैधरी, अभिषेक जैन , संजय वैद्य, एम0 नायक, माया नायर, पुष्पा पिल्लई कार्यपालन अभियंता जी0पी0सिंह, धर्मजीत भट्ट, मनोज रावटे, सुसुदेशना पॉल, सुनमिता विभा लकरा, अवनीश जोशी, सहायक अभियंता केतन मिश्रा, विन्ध्याचल गुप्ता, प्रीति गुप्ता, सुजुवेना गोम्स, रेखा शर्मा, सुसंदीपा देवॉगन, कनिष्ठ अभियंता शुभम घोरे आदि उपस्थित थे। राज्य भार प्रेषण केन्द्र के नियंत्रण कक्ष में ड्युटी पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता जी0 आर0 नवरंग, रंजीत कुजुर ,सहायक अभियंता संदीप देवॉगन एवं तकनीकी सहायक दिनेश विश्वकर्मा का मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही । इसी तरह बांगो जल विद्युत संयंत्र के अधीक्षण अभियंता बी0 आर0 भगत, एस0 के0 रहमतकर एवं उनकी टीम, विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में अधीक्षण अभियंता एस0 करकरे एवं उनकी टीम, कोरबा पूर्व में पारेषण संकाय से अधीक्षण अभियंता डी0एस0 पटेल एवं उनकी टीम, वितरण संकाय से अधीक्षण अभियंता पी0 एल0 सिदार एवं उनकी टीम ,संचार एवं टेलीमीटरी संकाय से कार्यपालन अभियंता अजय कंवर एवं उनकी टीम, उत्पादन कॅपनी से कार्यपालन अभियंता आनंद कुमार एवं सुरेश साहू की सक्रिय भूमिका इस मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में रही है । ऐसे पूरी हुई मॉकड्रिल की प्रक्रिया- मॉक ड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत गृह, छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व के उपकेन्द्रों से फीड होने वाले क्षेत्रों को मिलाकर एक आईलैण्ड सब-सिस्टम बनाया गया । इसके पश्चात् इस आईलैण्ड सब-सिस्टम में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित की गई। इस तरह एक बनावटी बिजली संकट छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया । इसके पश्चात् इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की। इसके लिये बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई क्रमांक-3 को सर्विस में लेकर बांगो उपकेन्द्र के बस को चार्ज किया गया और वहां उत्पादित बिजली को 132 के0व्ही0 लाईनों के माध्यम से छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व 132 के0व्ही0 उपकेन्द्रों तक क्रमशः पहुंचाया गया और पूर्व निर्धारित 33/11 के0व्ही0 विद्युत फीडरों को एक के बाद एक चालू कर बांगों की जल विद्युत इकाई से करीब 24 मेगावाट लोड लिया गया । इसके पश्चात् आईलैण्ड सब-सिस्टम की फ्रिक्वेन्सी एवं वोल्टेज को मॉनीटर करते हुए बांगो जल विद्युत गृह की सप्लाई को कोरबा पश्चिम ताप विद्युत गृह तक पहुंचाया गया । इस पूरी प्रक्रिया में 43 मिनट का समय लगा । इसके पूर्व में ''ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल'' 11 अगस्त 2023 को किया गया था ।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा में जुलाई 2024 सत्र से ध्यानाकर्षण सूचना ऑनलाईन प्रक्रिया प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में जुलाई, 2024 सत्र से ध्यानाकर्षण सूचना माननीय सदस्यों से प्राप्त करने एवं विभागों द्वारा पत्राचार करने हेतु ऑनलाईन प्रकिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र, (छ.ग.) के सहयोग से ऑन लाईन ध्यानाकर्षण प्राप्त करने तथा उसका जवाब देने की चरणबद्ध सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण विधान सभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया । इसके साथ ही विधान सभा सचिवालय में दिनांक 11.07.2024 को राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा माननीय सदस्यों के लिए ऑनलाईन ध्यानाकर्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वमाननीय लखेश्वर बघेल, नीलकंण्ठ टेकाम, व्यास कश्यप, प्रबोध मिंज, द्वारिकाधीश यादव एवं रायमुनि भगत जी सहित अन्य माननीय सदस्यों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुये साथ ही वर्चुअल माध्यम से भी सदस्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। इस सत्र में ऑनलाईन प्रक्रिया प्रायोगिक रूप से की जा रही है। सदस्यों एवं विभागों को ऑनलाईन के साथ ही पूर्वानुसार ऑफलाईन प्रक्रियाओं के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी। शासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाईन ध्यानकर्षण की सूचना से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र एवं संसदीय कार्य विभाग के सहयोग से दिनांक 11 एवं 12 जुलाई, 2024 को मंत्रालय में भी समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

## ट्रेन से टकराने से एक बाघ की मौत, दो शावक घायल

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी रेलवे स्टेशन के पास मिडघाट पर ट्रेन से टकराने से एक बाघ की मौत हो गई और दो शावक घायल हो गए। रेंजर महिपाल सिंह के अनुसार बुधनी रेलवे स्टेशन के पास तीसरी रेलवे लाइन पर ट्रेन से टकरा कर एक बाघ की मौत हुई है, जबकि दो शावक घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने पर फॉरेस्ट की टीम मौके पहुंची। सिंह ने कहा कि रेस्क्यू टीम और चिकित्सकों का अभी इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रेन से टकराकर कई वन्य जीव मौत की आगोश में जा चुके हैं। इसको देखते हुए पूर्व में ट्रेन के ट्रैक किनारे फेंसिंग लगाने का केंद्र सरकार ने फॉरेस्ट विभाग से कहा था। लेकिन आज तक पटरियों एवं जंगल के बीच में जालीदार फेंसिंग लगाने का कार्य नहीं हो सका है। इसके कारण आए दिन वन्य प्राणियों के साथ दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## रत्नागिरी में भारी वर्षा: सभी स्कूल व कॉलेज रहे बंद

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में लगातार भारी वर्षा होने से सोमवार को सभी स्कूल, प्राथमिक स्कूल और कॉलेज बंद रहे । पिछले जिले में भारी वर्षा को देखते हुए जिला अधिकारी एम देवेंद्र सिंह ने आपदा प्रबंधन 2005 की धारा 25 के अंतर्गत सभी स्कूल और कॉलेज बंद रखने का निर्देश जारी किया। बाढ़ के पानी को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी।

# बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियाँ और उनकी रोकथाम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बारिश के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक होता है। साफ पानी का सेवन, संतुलित आहार और उचित सावधानियों के माध्यम से हम इन बीमारियों से बच सकते हैं। स्वस्थ रहें और बारिश के मौसम का आनंद लें। बारिश का मौसम अपने साथ खुशहाली और ताजगी लाता है, लेकिन इसके साथ ही यह कई बीमारियों का खतरा भी बढ़ा देता है। बारिश के मौसम में नमी और पानी का जमाव बीमारियों के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करता है। बारिश के मौसम में होने वाली प्रमुख बीमारियों और उनकी रोकथाम के उपायों के बारे में सावधानियों की आवश्यकता है।

विष्णु देव साय ने आम नागरिकों से अपील की है कि जलजनित बीमारियों से बचने जागरूक रहें और अपने आसपास पानी का जमाव होने न दें, ताकि मच्छर पनप न पाए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जलजनित बीमारी फैलने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमला को जानकारी दें और त्वरित उपचार के लिए जीवन रक्षक दवाओं का उपायोग करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वास्थ्य अमलों को काम्बेट टीम के गठन के निर्देश दिए हैं। साथ ही राजस्व अमले को भी मौसमी बीमारी फैलने पर तत्काल स्वास्थ्य शिविर लगाने निर्देश दिए हैं।

बरसात के मौसम में फैलने वाली प्रमुख मौसमी बीमारियों के लक्षण और बचाव के तरीके निम्नानुसार है -

**डेंगू और मलेरिया:-** डेंगू और मलेरिया दोनों बीमारियाँ मच्छरों के कारण होती हैं। बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है।

**लक्षण:-** डेंगू:- तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते का होना।

**मलेरिया:-** ठंड लगना, तेज बुखार, पसीना आना, सिरदर्द।

डेंगू और मलेरिया दोनों बीमारियाँ मच्छरों के काटने से फैलती हैं, लेकिन दोनों बीमारियाँ अलग-अलग प्रकार के मच्छरों के काटने से फैलती हैं और इनके मच्छरों में कुछ महत्वपूर्ण अंतर होते हैं। इन दोनों मच्छरों के बीच के अंतर इस प्रकार है -

**डेंगू मच्छर:-**

प्रजातिः- एडीज़ एजिप्टी (द्गस्नद्गह्य ड्डद्ग4श्चह्लद्ब) ये मच्छर मुख्य रूप से दिन में काटते हैं, विशेषकर सुबह और शाम के समय। ये मच्छर साफपानी में प्रजनन करते हैं। कूलर, गमले, टायर और अन्य स्थिर पानी के स्त्रोतों में पनपते हैं।

**मलेरिया मच्छर:-** एनोफ्लिीस -ये मच्छर मुख्य रूप से रात में काटते हैं। ये मच्छर गंदे पानी, धान के खेतों, और तालाबों में प्रजनन करते हैं। इनके लार्वा को समाप्त करने के लिए जमे हुए पानी में मिट्टी तेल छिड़काव करना चाहिए।

**रोकथाम:-** मच्छरों के काटने से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। पानी को जमा न होने दें और घर के आसपास सफाई रखें। मच्छर भगाने वाले क्रीम और स्प्रे का उपयोग करें। घर में नीम पत्ती जलाकर धुंआ करने से मच्छर से बचा जा सकता है।

**टाइफाइड:-** टाइफाइड एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो प्रदूषित पानी और भोजन के सेवन से फैलता है।

**लक्षण:-** तेज बुखार, पेट में दर्द, सिरदर्द, कमजोरी, भूख में कमी।

**रोकथाम:-** साफ और स्वच्छ पानी पीएं। खाने से पहले और बाद में हाथ को साफधोएं। बाहर के खाने से बचें, विशेषकर सड़क किनारे के खाने में मक्खियां बैठी रहती है, इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों का उपयोग करने से, सड़े-गले खाद्य पदार्थों के उपयोग से बचें।

**कॉलरा:-** कॉलरा एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो दूषित पानी और भोजन से फैलता है।

**लक्षण:-** उल्टी, दस्त, पेट दर्द, अत्यधिक प्यास, कमजोरी।

**रोकथाम:-** साफपानी पीएं और खाना बनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। पानी को उबाल कर पीएं और खाने की सामग्री को ढक कर रखें।

**सर्दी और फ्लू:-** बारिश के मौसम में तापमान में अचानक बदलाव और नमी के कारण सर्दी और फ्लू का खतरा बढ़ जाता है।

**लक्षण:-** खांसी, जुकाम, बुखार, गले में खराश, बदन दर्द।

**रोकथाम:-** मौसम के अनुसार कपड़े पहनें और भीगने से बचें और गीले कपड़े का इस्तेमाल न करें। विटामिन सी युक्त फलों का सेवन करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचें।

**त्वचा संबंधी बीमारियाँ:-** नमी और गंदगी के कारण त्वचा संबंधी संक्रमण, जैसे फंगल इंफेक्शन, बढ़ जाते हैं।

लक्षणः- त्वचा पर लाल चकत्ते, खुजली, जलन।

**रोकथाम:-** त्वचा को सूखा और साफरखें। गीले कपड़े जल्द से जल्द बदलें। एंटीफंगल पाउडर या क्रीम का उपयोग करें।

**कंजेक्टिवाइटिस (आँख आना):-**

कारणः- बैक्टीरियल या वायरल संक्रमण एलर्जी, गंदे हाथों से आँखों को छूना

**लक्षण:-** आँखों में लाली, खुजली और जलन, पानी निकलना, सूजन का होना

**रोकथाम:-** साफ और स्वच्छ हाथों से आँखों को छुएं। व्यक्तिगत तौलिए और रुमाल का उपयोग करें। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से बचें और काले चश्में का उपयोग करें।




# बृजमोहन, टंकराम, शिवरतन, अशोक एवं लक्ष्मी ने किया भाटापारा मतदाताओं का अभिनंदन-सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन गोदड़ी धाम में किया। इसमें विधानसभा के तहत आने वाले चारो मंडलों के मतदाताओं का पार्टी गमछा पहना कर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सभी के सहयोग, आशीर्वाद और परिश्रम से ही देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर देश के हर एक वर्ग के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। नारियों का सम्मान बढ़ाते हुए राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वल गैस के साथ महतारी वंदन के तहत एक हजार महिलाओं के खाते में देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा विधानसभा में जितने भी विकास कार्य हुए है सभी भाजपा सरकार द्वारा ही हुए है, अभी केवल 07 माह की अवधी में ही हमारी विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा करोड़ो के कार्यो की स्वीकृति मिल चुकी है जिसमें 2017 -18 में स्वकृति मोपका महाविद्यालय हुई स्वीकृति के लिए पूरे पांच वर्षो में कांग्रेस द्वारा भवन स्वीकृत नही किया गया था जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है लगभग 04 करोड़ 78 लाख की लागत से भवन निर्माण का कार्य किया जाएगा, इसी तरह सिंमगा में लगभग 07 करोड़ एवं भाटापारा में लगभग 09 करोड़ की राशि से न्यायालय भवन की स्वीकृति मिल गई है, 13 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल निर्माण कार्य प्रारंभ है। भारतीय जनता पार्टी ने ही भाटापारा में हर विकास कार्य करवाये है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, आप सभी के परिश्रम और मतदाताओं के आशीर्वाद से देश, प्रदेश में खुशहाली आई है। गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के लिए सीएम विष्णुदेव साय सरकार ने विभिन्न योजना संचालित की गई है। जिससे प्रदेश खुशआली की ओर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम को अशोक बजाज एवं लक्ष्मी वर्मा ने भी संबोधित किया अशोक बजाज ने मतदाताओं का आभार मानते हुए कार्यकर्ता के परिश्रम से प्रदेश में विधानसभा व लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत मिलने की बात कही। इसके साथ ही आने वाले नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी भाजपा को जीत दिलवाने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। लक्ष्मी वर्मा ने भी जनता-जनार्दन को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त कर कहा कि, ये राष्ट्र के निर्माण और भविष्य का चुनाव था जिसमे आप सभी की अथक परिश्रम से ही तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी है। कार्यक्रम के उपरांत एक वृक्ष माँ के नाम कार्यक्रम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया, कार्यक्रम के पूर्व सभी सामाज द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में राकेश तिवारी, अनिल पांडेय, सुनील यदु, आशिस जायसवाल, आनंद अग्रवाल, महाबल बघेल, चारो मंडलो के मंडल अध्यक्ष- महामंत्री, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष- महामंत्री, सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, मतदाता, युवा, महिला, प्रबुद्ध जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बच्चों का स्कूल बच्चों द्वारा उन्मोचन गांव के लोगों ने खुशी जाहिर की

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






अल्ट्राटेक सीमेंट कुकुरदी के सौजन्य से ग्राम पंचायत सरकीपार में शासकीय प्राथमिक शाला भवन का उद्घाटन समारोह ग्राम सरकीपार के बच्चों व ग्रामीणों द्वारा किया गया। विदित हो की ग्राम सरकीपार का प्राथमिक शाला भवन विगत 4 वर्षो से जर्जर होने के कारण पंचायत भवन में संचालित हो रहा था। यह दिखाते हुए ग्रामवासी ने अल्ट्राटेक प्रबंधन से नई स्कूल भवन की मांग रखी थी, शिक्षा की प्राथमिकता को देखते हुए एक आधुनिक एवं नवीन शाला का निर्माण ग्राम पंचायत के सहयोग के माध्यम से किया । जिसमें 1 से 5 तक कक्षा, एक शिक्षक कक्ष, एक रसोईघर एवं बालक व बालिका के शौचालय का निर्माण किया गया, साथ-साथ बच्चों के खेलकूद का प्रावधान किया गया है इस विद्यालय को आदर्श बनाने के लिए (बाला) संकल्पना का उपयोग किया गया है जिसके अंतर्गत हर कक्षा को रूम रूप दिया गया है जिसके अंतर्गत बच्चों का बौद्धिक विकास की परियोजना रखी गई है तथा सभी कमरों पर बच्चों के लिए टेबल कुर्सी की व्यवस्था किया गया है जिसे देखकर बच्चों में अति उत्साह और ग्राम वासियों व शिक्षकों के चेहरे पर एक प्रसन्नता का माहौल है इस कार्य के लिए ग्राम पंचायत व समस्त ग्रामवासी एवं शिक्षक गण अल्ट्राटेक प्लांट कुकुरदी को हृदय से धन्यवाद देते हैं इस अवसर पर उपस्थित इकाई के अधिकारी गण प्रबल प्रताप सिंह मानव संसाधन प्रमुख मयंक सैनी माइंस प्रमुख जितेंद्र तंनवर विभाग प्रमुख रेणुका जांगड़े सरपंच ईश्वर जांगड़े उप सरपंच पंच गण प्राथमिक शाला प्रधान सुधा वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक देवेंद्र वर्मा संकुल प्रभारी गिरीश पटेल एवं अन्य शिक्षक गण व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे इसकी जानकारी रूपेंद्र पटनायक (सी एस आर) प्रमुख ने दी।

# भाजपा में अगले जिलाध्यक्ष को लेकर कयासों का दौर

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

भाजपा में अगले जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर पार्टी आलाकमान काफी विचार मंथन कर रहा है। दरअसल, विधायक चुने जा चुके चैतराम अटामी ही फिलहाल जिलाध्यक्ष का दायित्व निभा रहे हैं। लेकिन जल्द ही पार्टी जिलाध्यक्ष पद के दायित्व से उन्हें मुक्त करना चाहती है, ताकि संगठन की गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहें। दंतेवाड़ा जिले में भाजपा के नेतृत्व को लेकर पार्टी संगठन हमेशा शक्ति संतुलन बनाने की कोशिश करता रहा है। गीदम, नकुलनार, दंतेवाड़ा और बैलाडीला क्षेत्र पार्टी के प्रमुख शक्ति केंद्र रहे हैं, लेकिन अब तक नकुलनार, ह्यगीदम व दंतेवाड़ा केंद्र ही इस मामले में भारी पड़े हैं। इस बार बैलाडीला यानी किरंदुल, बचेली से भी तगड़ी दावेदारी दिख रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए किरंदुल-बचेली मंडल से आरसी नाहक, जयदीप माकन, पिंटू राम उइके, नकुलनार क्षेत्र से नंदलाल मुड़ामी, सत्यजीत चौहान, मुन्ना मरकाम, गीदम क्षेत्र से वर्तमान जिला महामंत्री संतोष गुप्ता, राजेश कश्यप, राकेश कछ्वाहा, नवीन विश्वकर्मा, दंतेवाड़ा क्षेत्र से जिला महामंत्री धीरेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश शर्मा, रामू नेताम, श्रवण कड़ती, सत्यनारायण महापात्र प्रमुख दावेदार हैं। इन दावेदारों में से नवीन विश्वकर्मा पूर्व में भी जिलाध्यक्ष का दायित्व कुशलता पूर्वक निभा चुके हैं, लेकिन प्रदेश भर में एक साथ फेरबदल होने से कार्यकाल पूरा करने का मौका उन्हें नहीं मिल सका था, जिससे इस बार उन्हें दोबारा अवसर मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। वरिष्ठता के लिहाज से मुकेश शर्मा व राकेश कछ्वाहा का नाम भी प्रमुखता से सामने आ रहा है।

# साहू समाज के संभागीय बैठक में बस्तर सांसद ने धर्मांतरण पर जताई चिंता

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में साहू समाज का संभागीय बैठक पथरागुड़ा के साहू सदन में आयोजित किया गया। जिसमें सातों जिला जगदलपुर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कांकेर, कोंडागांव जिला के जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहें। बैठक का शुभारम्भ साहू समाज की आराध्य देवीभक्त माता कर्मा की आरती के साथ किया गया। तत्पचात विभिन्न जिलों से पधारे अतिथियों का पुष्पाहार के साथ स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता कोंडागांव जिलाध्यक्ष राजेश साहू ने किया। संभाग के इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के ग्रामीण, परिक्षेत्र, तहसील, जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु नियमावली में संशोधन से पहले प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित कर चर्चा परिचर्चा करने के पश्चात बहुमत के आधार पर नियमों में बदलाव हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया एवं प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपने भावनाओं से अवगत कराया गया। बैठक का आयोजन हरि साहू जिलाध्यक्ष बस्तर के अगुवाई में हुआ सांसद कश्यप ने सभी समाज में वर्तमान परिस्थिति में बढ़ते धमार्नांतरण पर चिंता जताते हुए इनके रोकधाम हेतु सभी को मिलजुल कर सतप्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, एक धर्मान्तरित व्यक्ति अपने धर्म का त्याग नहीं करता बल्कि हम सबके लिए एक दुश्मन पैदा हो जाता है। कोंडागांव जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने साहू समाज के लिए संभागीय भवन के साथ ही सभी जिला में अलग अलग भवन की स्वीकृति हेतु मांग किया। जिस पर सांसद कश्यप ने हामी भरते हुए अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की बात कहीं। बैठक में संभागीय टीम का भी गठन किया गया जिसमें राजेश साहू कोंडागांव को संभागीय अध्यक्ष, जगन्नाथ राजू साहू सुकमा, बीना साहू दंतेवाड़ा को संभागीय उपाध्यक्ष एवं लक्ष्मीकांत साहू कांकेर को महासचिव का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। इस बैठक में प्रमुख रूप से हरि साहू जिला अध्यक्ष बस्तर, भूपेंद्र साहू जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा,जगजीवन साहू जिला अध्यक्ष नारायणपुर, राजेश साहू जिला अध्यक्ष कोंडागांव, राजू साहू जिला अध्यक्ष सुकमा, अवधेश साहू बीजापुर, लक्ष्मीकांत साहू कांकेर, बीना साहू उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा, ढालसिंग साहू उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा, जीतेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जगदलपुर,प्रकाश गुरूपांचयन कांकेर, नीम कुमारी साहू उपाध्यक्ष जगदलपुर, भूलऊ राम साहू उपाध्यक्ष नारायणपुर, बबली साहू उपाध्यक्ष बीजापुर,प्रमिला साहू उपाध्यक्ष सुकमा, विजय साहू महासचिव बस्तर,वैभव चंदन साहू,चमन लाल साहू, उत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय प्रवक्ता पवन साहू, प्रांतीय सहसंयोजक अशोक साहू, जिला महासचिव बसंत साहू, जिला सचिव विजय साहू, तहसील उपाध्यक्ष उमेश साहू, जिला उपाध्यक्ष कमलेश साहू, युवा प्रकोष्ठ महेंद्र साहू,ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नवनियुक्त संभागीय पदाधिकारियों को बधाइयां प्रेषित किया गया।

# छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय संघ के द्वारा किया जाएगा चरणबद्ध हड़ताल, सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में हमेशा की तरह ही वेतन समस्या बना हुआ है। वर्तमान की स्थिति में 1 से 4 माह का वेतन नगरीय निकायों में भुगतान हेतु लंबित है। प्रतिमाह लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित हो इस पर न ही शासन द्वारा कोई सार्थक प्रयास किया जा रहा है न ही नगरीय निकायों द्वारा।प्रतिमाह वेतन भुगतान नहीं होने के कारण निकायों के नियमित एवं प्लसेमेंट कर्मचारी आर्थिक तंगी / परेशानियों से जूझ रहे है। अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ दंतेवाड़ा के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर तिवारी ने बताया की अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आज ज्ञापन सौंपा गया है। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के अधिकारी/कर्मचारी दिनांक 22 जुलाई 2024 को एक दिवसीय कलमबध हड़ताल शांतिपूर्ण तरीके से करेंगे। दिनांक 29 जुलाई 2024 को समस्त जिला में अनुमति प्राप्त होने पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से करेगें जिसमें जिलास्तरीय अंदोलन में जिले से लगभग 200 अधिकारी/कर्मचारी हड़ताल में शामिल होगें। उक्त हड़ताल अवधि में निकायों में सभी मूलभूत सुविधा चालू रहेगी।दंतेवाड़ा जिले के नगर पंचायत गीदम, बारसुर, नगर पालिका दंतेवाड़ा, बड़े बचेली, किरंदुल के अधिकारी कर्मचारी ने अपने निकाय में ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के दौरान गौरीशंकर तिवारी, जॉर्डन राम, सुलधर नाग, हेमंत मंडावी एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

# बच्चों को मोबाइल व गेम्स से दूर करने का शिक्षकों ने किया अभिनव प्रयास

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



आत्मानंद विद्यालय में छुट्टी के दिनों में स्कूली बच्चों को पढ़ाई व कम्प्यूटर आदि सीखने के बजाय मोबाइल व गेम्स में अपना समय बर्बाद करते देखे गए हैं इससे उन बच्चों का बौद्धिक व व्यवहारिक ज्ञान लगभग शून्य हो जाता है ।बच्चों को मोबाइल व मोबाइल गेम्स से दूरी बनाए जाने हेतु एक अभिनव पहल की शुरुवात जरूरी थी । जिसका उद्देश्य बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है ।इस हेतु अब प्रत्येक रविवार को स्कूली बच्चों को स्पेशल क्लास के तहत क्लास लगाए जाने का विचार आया । उन्होंने अपने शिक्षकों के समक्ष विचार रखा । प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि बहुत ही कम लोगों को जानकारी में है कि हमारे भारत देश के महाराष्ट्र राज्य के ग्राम वाबलेवाड़ी में एक सरकारी स्कूल जो कि जिला परिषद के अंतर्गत आता है व विश्व के तीसरे स्थान पर सपने को प्रतिस्थापित किया हुआ है इस विद्यालय की बच्चों की मानसिक दक्षता एवं उनकी निपुणता विश्व स्तर पर रैंक करती है इसी तर्ज पर एक अनोखी पहल की है सरायपाली क्षेत्र के विद्यार्थियों की बौद्धिक एवं शैक्षणिक योग्यता विश्व स्तर पर परचम लहरा सकें इस हेतु यहां के शिक्षकों ने बड़ी जिम्मेदारी ली है और विश्व स्तर पर अपने क्षेत्र और अपने विद्यार्थियों को स्थापित करने के लिए एक प्रयास शुरू किया है जिसका नाम दिया गया हैह्य। संडे क्लासेस इस प्रयास को पूरे स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों एवम विशेष कर बच्चों के लिए हमेशा समय दान देने के लिए शिक्षा दान देने के लिए प्रेरित करने वाले शिक्षक वीरेंद्र कर करनापाली का विशेष सहयोग रहा है हमारे एवं बच्चों का उत्साह देखकर के अभी इस प्रयास में उनके साथ मिला है आने वाले दिनों में यदि इस प्रकार के सक्रिय शिक्षकों को एवं बच्चों बच्चों को हम जोड़ पाए तो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हम एक अच्छा कार्य कर सकेंगे बच्चों को आगे लाने के लिए बच्चों को आगे लाने के लिए शासन प्रशासन यदि सहयोग करती है तो निश्चित रूप से हमारा पालिका क्षेत्र आने वाले दिनों में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करने जा रही है और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा । प्राचार्य मनोज पटेल ने कहा कि विद्यार्थी डॉक्टर और इंजीनियर ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक बनना चाहते हैं, स्वामी आत्मानंद स्कूल एवं करनापाली के शिक्षक अपने मिशन में लग गए हैं, आत्मानंद विद्यालय में आज संडे क्लासेस की शुरुआत की गई, इस कक्ष को मोटिवेट करने के लिए मनोज पटेल एवं करना पाली स्कूल के एक्टिव शिक्षक वीरेंद्र करने बच्चों को मोटिवेट किया, संडे क्लासेस की शुरुआत एक बड़े उद्देश्य को लेकर किया जा रहा है इसका मूल उद्देश्य है हमारे बच्चे सिर्फ वैज्ञानिक डॉक्टर एवं इंजीनियर क्लर्क का ना बनाकर के वैज्ञानिक बनना चाहते हैं।

## भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा फुटबॉल ग्राउंड की माउसी बाड़ी से निकला

# नौ दिन के विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ पहुंचे अपने श्री मंदिर





पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा सोमवार शाम को किरन्दुल फुटबॉल ग्राउंड की माउसी बाड़ी से निकला। श्री गुंडिचा मंदिर में नौ दिन की प्रवास के बाद भगवान अपने भाई बहन के साथ श्री जगन्नाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। सुबह परंपरागत तरीके से बाल्य भोग,सूर्य पूजा, द्वारपाल पूजा, चकाछाड़, मंगल आरती, गौ पूजा के बाद दोपहर पहंडी आरंभ हुआ। उसके बाद एनएमडीसी परियोजना किरन्दुल के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही द्वारा भगवान की रथ को विधिवत पूजा करके सोने की झाड़ू से रथ मण्डप और रास्ते को साफ़ करके छेरापहंरा का परंपरा निभाया गया। शाम 4 बजे से भगवान की रथ वापसी का बाहुड़ा यात्रा शुरू हुआ जो फुटबाल ग्राउंड की माउसी बाड़ी गुंडिचा मंदिर से बैंडपार्टी एवं डंका, तुरही और शंखध्वनि की धून में फुटबॉल ग्राउंड से पेट्रोलपंप, बैंक चौक, अम्बेडकर पार्क के सामने से होते हुए हजारों भक्त एक साथ रथ को खींचते हुए श्री राघव मंदिर पहुँचे।रास्ते में बड़ी संख्या में भक्त भगवान का जय जयकार करते रहे। हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान का दर्शन करने के साथ साथ पूजा अर्चना भी की। जगन्नाथ मंदिर के सामने रथ की विधिवत पूजा आरती करने के बाद अंत में प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर एनएमडीसी सीजीएम वर्क्स किशन आहूजा,उपमहाप्रबन्धक बी के माधव,महाप्रबंधक उत्पादन आर राजाकुमार, महाप्रबंधक विद्युत एम सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक बचेली धर्मेंद्र आचार्य, जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आर सी नाहक, उत्कल समाज के अध्यक्ष अविनाश स्वाई, सचिव देवराज लेंका, दीपक मोहंती, शरद मिश्रा, शैलेश रथ, ब्रजेश मिश्रा, वासुदेव प्रतिहारी, गोपाल गिरी, विपिन महाराणा, एस के साहू, प्रवीण नायक, सुधीर प्रधान एवं हज़ारों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# खुले में बेचते पाया गया पेट्रोल एवं डीजल 4147 लीटर पेट्रोल एवं 5312 लीटर डीजल जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग की टीम द्वारा विकासखण्ड बलौदाबाजार के अंतर्गत ग्राम पण्डरिया स्थित मेसर्स सागर पेट्रोल पंप (किसान सेवा केन्द्र) से खुले में पेट्रोल,डीजल पाया गया। जिस पर मौके से ही 4147 लीटर पेट्रोल एवं 5312 लीटर डीजल जब्त कर सख्त कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही पेट्रोल पंप की जांच में फर्म के द्वारा स्टॉक संधारण में अनियमितता,बिल बुक संधारण नहीं करना, मासिक विवरणी नहीं प्रेषित करना तथा स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ मोटर स्पिरीट तथा हाईस्पीड डीजल आयल (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश, 1980 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत किया गया है जो कि दण्डनीय है। खाद्य निरीक्षक शीतलेश कुमार ने बताया कि कार्रवाई के दौरान फर्म के मैनेजर ओमप्रकाश प्रभुआ उपस्थित थे।अनियमितताओं के कारण भौतिक सत्यापन में प्राप्त पेट्रोल 4147 लीटर एवं डीजल 5312 लीटर को फर्म के मैनेजर ओमप्रकाश प्रभुआ से जब्त किया गया। आगे की कार्रवाई हेतु कलेक्टर को प्रेषित किया गया है। गौरतलब है कि कलेक्टोरेट में आगजनी के घटना के बाद कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा पेट्रोल पंप संचालको की बैठक लेकर ज्वलनशील पेट्रोल एवं डीजल को प्लास्टिक के बोतल अथवा खुले में बेचने से सख्त मना किया गया था।

# कांकेर जिले के पिटपास का धमतरी में हो रहा धड़ल्ले से उपयोग


## खनिज विभाग में पदस्थ बाबू की मिलीभगत से चल रहा गोरखधंधा, शासन के साथ की जा रही धोखाधड़ी

■ डंपिंग-डंपिंग का खेल चल रहा है जोरों पर

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में खनिज अमला की लापरवाही से नित नये काम हो रहे हैं जिसका भरपूर लाभ रेत परिवहन करने वाले माफिया उठा रहे हैं। इस संपूर्ण मामले में खनिज विभाग में पदस्थ एक बाबू जिसे लोग कलेक्टर कहकर संबोधित करते हैं, उसके द्वारा ये सारे तीन-पांच वाले काम करवाये जा रहे हैं जिसके चलते धमतरी जिले में उत्तर बस्तर कांकेर का भी पिटपास चलाया जा रहा है। साथ ही ऐसी हाईवा जो रेत परिवहन कार्य में लगी हुई हैं उनमें नंबर प्लेट भी नहीं है। ऐसी वाहनें महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ स्थित महानदी एवं सहायक नदियों से रेत परिवहन का कार्य में लगी हुई है। इसकी जानकारी जिला प्रशासन को है, लेकिन उक्त बाबू के तिकड़म के आगे यह सारे कार्य धड़ल्ले से जारी है। कांकेर जिले के पिटपास का धमतरी जिले में उपयोग खनिज विभाग में पदस्थ बाबू के मिलीभगत से चल रहा है। ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं होने से कलेक्टर की साफ सुथरी छवि भी धूमिल हो रही है।

महानदी एवं सहायक नदियों से रेत माफियाओं द्वारा प्रतिबंध लगने के बाद भी जेसीबी, चैन माउंटेन मशीन से रेत का उत्खनन कर उसे छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ साथ महाराष्ट्र के लिये परिवहन किया जाता है। भारी भरकम वाहनों के सड़कों में चलने के कारण सड़कें भी खराब हो रही हैं। रेत परिवहन का कार्य जिला प्रशासन द्वारा 15 जून से 15 अक्टूबर तक प्रतिबंधित किया गया है। इसके बाद भी रेत माफियाओं द्वारा शाम से पहट तक महानदी एवं सहायक नदियों से रेत का खनन करवाया जा रहा है। इनके द्वारा दावा किया जा रहा है कि हम डंप किये हुए रेत को ले जा रहे हैं। पिटपास के पूछने पर संबंधित वाहनों के चालकों द्वारा कांकेर जिले का पिटपास दिखाकर आसानी से बेवकूफ बनाकर यह कृत्य किया जा रहा है और रेत माफिया इस कार्य के लिये मनमाफिक पैसा वसूल रहे हैं और शासन को मिलने वाली रॉयल्टी की चोरी कर रहे हैं वहीं शासन के साथ धोखाधड़ी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। खबर है कि सत्तापक्ष, विपक्ष से जुड़े तथाकथित नेताओं द्वारा यह कार्य करवाया जा रहा है और इस कार्य में खनिज अमला पूरा-पूरा सहयोग कर रहा है। यहां पदस्थ एक बाबू अपने अधिकारी से बढ़कर निर्णय ले रहा है जिसके बारे में पिछले लंबे समय से शिकायतें की जा रही है। लगातार शिकायतों के बाद भी उक्त बाबू पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं होने से इसके हौसले बुलंद हैं। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इन्हें यहां से अन्यत्र नहीं हटाया जा रहा है।



मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि इस बाबू के पदस्थापना के बाद से इस व्यक्ति द्वारा अघोषित संपत्ति, खेत, सोना-चांदी, बैंक बैलेंस सब कुछ बना लिया गया है और इन्हीं के द्वारा ऐसे लोगों को प्रश्रय दिया जा रहा है। इस बाबू से जुड़े हुए माफिया के कुछ लोग उक्त बाबू को कलेक्टर साहब कहकर संबोधित भी करने लगे हैं। पता तो यह भी चला है कि यहां पदस्थ सहायक खनिज अधिकारी उक्त बाबू के तिकड़म के आगे नतमस्तक होकर वही कार्यों में सहयोग कर रहे हैं, जो उन्हें नहीं करना चाहिये। यह बाबू, अधिकारी के पहुंचने से पहले कार्यालय खुलते ही वहां नमूदार हो जाता है और जितने भी खुराफात करने वाले व्यक्ति हैं, उनके कार्यों को संपादित करने में विभाग के कुछ लोगों को आदेशित किया जाता है और उनके गलत कार्यों को पूर्ण करने के एवज में कार्यालय में बैठकर ही दिलेरी से बिना किसी डर के भारी राशि का लेनदेन किया जा रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस तथाकथित बाबू के हौसले कितने बुलंद हैं। खनिज विभाग के इस बाबू की वजह से कलेक्टर की साफ सुथरी छवि भी दागदार हो रही है। इस बाबू का यह भी दावा है कि मैं जो भी चाहता हूं उस काम को रोकने की हिम्मत न तो जिला प्रशासन के मुखिया के पास है और न ही विभाग के अधिकारियों के पास है। अब यह कथन उस बाबू का कितना सहीं है, यह तो वही जाने, और उसके गुर्गे जानें। लेकिन रेत माफियाओं की बल्ले-बल्ले है।

महानदी एवं सहायक नदियों के द्वारा कहा जा रहा है कि अब तो मुझ पर रहम करो, मेरे आगोश में मृतक लोग आराम फरमा रहे हैं, लेकिन वाह रे ऐसे लोग जो मानव कंकाल के निकलने के बाद भी क्षेत्र से बाहर जाकर नदियों का सीना चीरकर अपनी स्वार्थपूर्ति कर रहे हैं। शहर के वरिष्ठ लोगों का कहना है कि आज रेत माफियाओं द्वारा जो परिवहन कार्य किया जा रहा है, जिस प्रकार चोरी की जा रही है, उससे आगामी 10 वर्षों में धमतरी के नागरिकों को रेत के लिये दूसरे जिले अथवा प्रदेश का सहारा लेना पड़ेगा, तब कहीं जाकर वह अपना मकान बना सकता है। इतने भारी मात्रा में रेत चोरी होना, इससे न सिर्फ जलस्तर नीचे बैठ रहा है बल्कि महानदी एवं सहायक नदियां भी अब मिट्टी उगल रही हैं। लेकिन खनिज विभाग की लापरवाही एवं रेत माफियाओं की चोरी कम होने का नाम नहीं ले रही है। आश्चर्य की बात तो यह है कि खनिज विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में मुरूम का कोई भी खदान आबंटित नहीं है सिफ परिवहन के लिये अनुमति जारी की गई है। लेकिन लाखों रूपये का मुरूम रोजाना अवैध उत्खनन हो रहा है। कसावाही में तो संचालित हो रहे मुरूम खदान में वनों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बावजूद इसके न राजस्व विभाग, खनिज विभाग, वन विभाग, सभी कुंभकरणी नींद में सोये हुए हैं और परिवहन के नाम पर धड़ल्ले से जगह-जगह मुरूम का अवैध उत्खनन कर शासन को खुली चुनौति दे रहे हैं।

रेत, मुरूम, गिट्टी के साथ साथ महाराष्ट्र पासिंग वाहनें यहां के दोहन में लगातार लगी हुई है। ऐसी वाहनों के चलने से करोड़ों रूपये की लागत से निर्मित सड़कें भी जगह जगह से खराब हो रही हैं। तुर्रा यह कि अनेक लोग ऐसी भारी वाहनों के जद में भी आते-आते बचे हैं। इसी मामले को लेकर पिछले दिनों सिहावा चौक में बड़ा मामला होते-होते बचा, चक्काजाम हुआ, तब कहीं जाकर जिले में पदस्थ अधिकारी वहां पहुंचकर मान-मनौव्वल करते रहे और बिना नंबर प्लेट के चलने वाली वाहनों पर कार्यवाही का आश्वासन देकर इस मामले को टाला गया। लोगों का कहना है कि ऐसी वाहनें जो रेत चोरी में लगी हैं, उसमें वाहन के कागजात भी नहीं रहते। मोटर सायकल के नाम पर बड़े वाहनों को चलाया जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि रेत खदान और डंपिंग करने वाले लोगों ने बाहर से बुलाकर गुंडे, बदमाशों की पूरी फौज बना कर रखे हैं। यही नहीं जो रेत खदानों, डंपिंग वाले क्षेत्रों में पहुंचने वाले लोगों को डरा, धमकाकर वहां से जाने को कहते हैं। किसी व्यक्ति के द्वारा थोड़ी देर भी वहां खड़े रहकर चलने वाली जेसीबी और चैन माउंटेन को देखने पर उसे धारदार हथियार दिखाकर भगा देते हैं। अब देखना है कि इस मामले को लेकर जिला कलेक्टर क्या कार्यवाही करती हैं?

## अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा 50 स्प्रिंकलर सेट किसानों को प्रदत्त

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




उन्नत कृषि तथा खेती के दौरान कम जल खपत को ध्यान मे रख, अल्ट्राटेक रावन सी एस आर ने शासकीय कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 50 किसानो को स्प्रींकलर प्राप्त करने मे प्रत्येक किसान को राशि 7000 की अंशदान में सहयोग किया। प्रधानमंत्री सिचाई योजना अन्तर्गत गांवो के 50 चयनित किसानो को शासन के मापदण्ड को पूरा करने पर यह सेट प्रदान किया गया। स्प्रिंकलर सेट वितरण के अवसर पर एक कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे वरिष्ठ कृषि अधिकारी सुचीन वर्मा ने कृषको को स्प्रिंकलर सेट से होने वाले लाभो से अवगत कराया। लाभान्वित किसान मुख्यता झीपन, रावन, रवेली, पेंड्री, छिराही, गुमा, खपराडीह, पडकीडीह, चुचरुंगपुर, सरसेनी, औरासी, तिल्दाबांधा, नेवारी, फुलवारी गांवो से थे। इस प्रविधी से सिचाई करने से होने वाले लाभ से सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं सीएसआर अधिकारी ज्योस्तना पति ने सफलता पूर्व मंच संचालन तथा जानकारी प्रदान की एवं रंजय पाण्डेय ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रत्येक किसान को स्प्रिंकलर सेट अन्तर्गत 30 नग पाईप, 5 स्प्रिंकलर गन, 30 क्लैम्प, 5 बडा क्लैम एवं 4 साकेट सामाग्री प्राप्त हुई। समस्त किसानो ने अल्ट्राटेक को कृषक अंशदान मे राशि के लिए सहयोग प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सी एस आर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र यादव, दया वर्मा, साहिल पैकरा, ताराचंद वर्मा एवं धनेश्वरी साहू की भूमिका रही।

## ऑनलाइन नेशनल ड्रग लाइसेंस सिस्टम का प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार में ऑनलाइन नेशनल ड्रग लाइसेंस सिस्टम प्रशिक्षण कार्यालय का आयोजन उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा बलौदा बाजार भाटापारा जिला दवा विक्रेता के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ बलौदा बाजार जिला के ड्रग इंस्पेक्टर नीलिमा साहू एवं बृजेश प्रजापति का स्वागत पुष्पहार एवं पुष्प गुच्छ से जिला के केमिस्ट द्वारा किया गया ड्रग इंस्पेक्टर नीलिमा साहू द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कितना जरूरी है के ऊपर प्रकाश डाला गया उसके पश्चात जिला दवा विक्रेता संघ द्वारा लाइसेंस रिन्यूअल के लिए ऑनलाइन कितना जरूरी है और यह सभी केमिस्ट को सिखाना जरूरी है प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरने की पूरा प्रक्रिया को सरल शब्दों में केमिस्ट को बताया गया जिसमें किस ढंग से ओटीपी एवं ईमेल के पासवर्ड बनाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना है इसका पूरी जानकारी सभी केमिस्ट को विस्तृत रूप से दी गई एवं अपने कंप्यूटर एवं लैपटॉप से किस प्रकार ढंग से लाइसेंस रिन्यूअल कर कौन सा फॉर्म अपलोड करना है इसकी विस्तृत जानकारी केमिस्ट को बताया गया ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए पैन कार्ड पुराना लाइसेंस एवं रेंट एग्रीमेंट का कॉपी होना बहुत जरूरी बताया गया सभी केमिस्ट को इसके बारे में ध्यान से सीखने की बात कही गई पुराने सिस्टम की तहत अब लाइसेंस रिन्यूअल नहीं की जाएगी नए सिस्टम में सभी को ऑनलाइन फॉर्म भरना एवं सिखाना जरूरी बताया गया केमिस्ट ने इस सिस्टम को ध्यान से प्रोजेक्टर में देखा एवं समझा सभी केमिस्ट उपस्थित थे।

## भाजपा शासन में आवश्यक दवाइयों की कमी से जूझ रहा जिला अस्पताल : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com

भाजपा राज में प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। हर क्षेत्र में विफल सरकार प्रदेश की जनता को मुफ्त दवाई उपलब्ध कराने में असमर्थ साबित हो रहा है। महासमुंद जिला अस्पताल की हालत नाम बड़े और दर्शन छोटे वाली हो गई है। जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में मरीजों को दवाइयां ही नहीं मिल रही है, जबकि राज्य की विष्णुदेव सरकार गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा देने का राग अलाप रहे हैं। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जिला अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की



कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए कही। चंद्राकर ने कहा कि विष्णु सरकार द्वारा सरकारी अस्पताल में मरीजों को 24 घंटे बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के दावों की जमीनी हकीकत की पोल खुल गई है। महासमुंद का जिला अस्पताल की हालत नाम बड़े और दर्शन छोटे वाली है। आज अस्पताल की डिस्पेंसरी में जरूरी दवाइयां नहीं मिल रही है। मजबूरीवश गरीब मरीजों को बाहर से ही महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ रही है। जो साय सरकार के जन स्वास्थ्य के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाती है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा राज में भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी सिर चढ़कर बोल रही है। जिला अस्पताल में वर्तमान में प्रतिदिन ओपीडी 600 से भी अधिक पहुंच रही है। गरीब मरीज मुफ्त इलाज की आस में जिला अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे में उन्हें जरूरी दवा डिस्पेंसरी में नहीं मिलने से वे मजबूर होकर दुकानों से महंगी दवाई खरीदने विवश हैं। वर्तमान में जिला अस्पताल में रेगुलर जरूरी दवाओं में मल्टीविटामिन टेबलेट, मल्टी विटामिन इंजेक्शन, डाइक्लोफिनेक टेबलेट, प्रसव के बाद गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यंत जरूरी टेबलेट मीसाप्रोसटल, पेनेरामाइन इंजेक्शन सहित मरीजों को दिए जाने वाले दर्जनों जरूरी दवाइयों की कमी बरकरार है।

## शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं सरकारी स्कूल, बच्चों की भविष्य को लेकर पालकों में चिंता

पायनियर संवाददाता ∢ नर्रा
www.dailypioneer.com

जिले के बागबाहरा विकासखंड के अतर्गत संकुल केन्द्र नर्रा और परसुली में शिक्षा सत्र 2024 शुरू होते ही स्कूलों में शिक्षकों की कमी के चलते छात्र छात्राओं की पढ़ाई लिखाई प्रभावित होना स्वभाविक है। ऐसे में बच्चों के भविष्य को लेकर पालकों में चिंता बढ़ गई है। एक तरफ शासन प्रशासन बेहतर शिक्षा देने का दावा कर रहे है वही दुसरी तरफ स्कूलों में शिक्षक की कमी से जूझ रहे है। संकुल केन्द्र नर्रा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में नवमीं से बारवीं तक संचालित है बच्चों की कुल दर्ज संख्या करीब 450 बच्चे अध्ययनरत है मात्र 7 लेकचर कार्यरत है यदि विषयवार पढ़ने के लिए और 8 शिक्षक की अवश्यकता है। अभी भी शिक्षक की कमी से जूझ रहे है इस शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा में बच्चों की दर्ज संख्या 190 है। कक्षा छठवी से आठवीं तक संचालित है मात्र 4 शिक्षक कार्यरत है इसी तरह शासकीय कन्या एवं बालक प्राथमिक शाला नर्रा में 50 + 50 बच्चे दर्ज है। दोनों मिलाके 4 शिक्षक कार्यरत है। मिडील स्कूल राटापाली में कुल दर्ज संख्या 52 बच्चे अध्ययनरत है। इन बच्चों के लिए सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे में चल रही है स्कूल इसी तरह प्रायमरी शा प्राथमिक शाला बहेराभांठा में पहली से लेकर पांचवी तक संचालित है बच्चों का दर्ज संख्या 27 है। वहां 1 शिक्षक कार्यरत है। इस तरह शा प्रा शाला झलमला में बच्चे की दर्ज संख्या 40 है। इसके लिए मात्र 1 शिक्षक कार्यरत है। प्राथमिक शाला झिटकी में बच्चों की दर्ज संख्या 80 अध्ययनरत है। मात्र 1 शिक्षिका के भरोसे में चल रही है। इस तरह प्रा शाला कोकड़ी में लगभग 60 बच्चे अध्ययनरत है। वहां 1 शिक्षक कार्यरत है। वही प्रा शाला मुड़पार में दर्ज संख्या 50 है वहां 3 शिक्षक पदस्थ है। प्राशाला नक्टापार में दर्ज 26 बच्चे अध्ययन वहां शिक्षक पदस्थ है इस तरह मिडील स्कूल बिन्द्रावन में 105 बच्चे दर्ज है वहां 3 शिक्षक कार्यरत है। प्रायमरी स्कूल बिन्द्रावन में कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक दर्ज संख्या 90 बच्चे है। वहां 3 शिक्षक पदस्थ है। इसी तरह संकुल केन्द्र परसुली के अतर्गत बुढ़ा देव हाई स्कूल परसुली में कुल दर्ज संख्या 295 बच्चों है इन बच्चों के लिए मात्र 6 शिक्षक कार्यरत है यदि यहां भी विषयवार पढ़ाई के लिए कम से कम 6 शिक्षक की दरकार इस तरह मिडील स्कूल परसुली में 115 बच्चे दर्ज है। इन बच्चों के लिए 3 शिक्षक कार्यरत है प्रायमरी स्कूल परसुली में 64 बच्चे दर्ज है। जबकी 2 शिक्षक में से एक को व्यवस्था में चुरकी भेजा गया। प्रायमरी स्कूल परकोम में कुल 85 बच्चे दर्ज है। पहली से पांचवी तक संचालित है। इन पांच क्लास के लिए मात्र 2 शिक्षक के भरोसे में स्कूल इस तरह प्रा शाला पंडरीपानी में कुल 72 बच्चे दर्ज है। यहां भी 1 शिक्षिका के भरोसे में चल रही है। इस तरह प्रा शाला कारागुला में 47 बच्चे दर्ज है ।इनके लिए 2 शिक्षक कार्यरत है। प्रा शाला बनियातोरा में 30 बच्चे दर्ज है यहां 2 शिक्षक कार्यरत है प्रा शाला सेनभांठा में 24 बच्चे अध्ययनरत है यहां 1 शिक्षक पदस्थ है। इस तरह प्रा शाला खट्टी में कक्षा पहली से पांचवी तक संचालित है कुल बच्चे 105 दर्ज है। यहां भी 1 शिक्षक के भरोसे चल रही है। प्रा शाला अमनपुरी में 24 बच्चे अध्ययनरत हैं। एवं उड़ीया पारा में 12 बच्चे अध्ययन रत है वहां 2 + 2 शिक्षक पदस्थ है वही मिडील स्कूल परकोम में 47 बच्चे अध्ययन रत है इनके लिए 3 शिक्षक कार्यरत है। मिडील स्कूल पंडरीपानी में छठवी से आठवी तक संचालित कुल 160 बच्चे दर्ज है इनके लिए 4 शिक्षक कार्यरत है। इसी तरह मिडील स्कूल खट्टी में कुल 84 बच्चे दर्ज है यहां भी 1 ही शिक्षक के भरोसे में यानी शिक्षा विहीन हो गई है।

### पीडब्ल्यूडी ऑफिस घेराव करने की दी थी विधायक नंद ने चेतावनी

## विधायक के शिकायत को संज्ञान में लेते हुए विभाग के द्वारा गड्ढे भरने का कार्य शुरू





पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद की कड़ी फटकार के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारी हरकत में आए और सागरपाली में गड्ढों में तब्दील हो चुके सड़क को पाटने का काम शुरू कर दिया है। विधायक के शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पीडब्ल्यूडी के द्वारा गड्ढों को भरने का काम कल शाम से ही शुरू हो गया है। ज्ञात हो कि विधायक चातुरी नंद ने सागरपाली में अत्यंत ही जर्जर हो चुके सड़क का मरम्मत करने का निर्देश दिया था। विधायक नंद की इस पहल के लिए सागरपाली के सरपंच प्रतिनिधि मुन्ना अग्रवाल, चिंतामणि विशाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता घासिया सिदार, सरायपाली युवा कांग्रेस नेता अरमान हुसैन, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष भीष्मदेव पटेल, फारम पटेल, गिरवर वारे, जयंत यादव समेत ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

## केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मिली नपा अध्यक्ष राशि

पायनियर संवाददाता ∢ महासमुंद
www.dailypioneer.com



महासमुंद बायपास निर्माण के मुद्दे पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री को पत्र प्रेषित कर माँगों से अवगत कराने के पश्चात...केंद्रीय मंत्री के कार्यालय से बुलावे पर नपा अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाक़ात की व बायपास निर्माण पर चर्चा की । चर्चा के सबंध में महिलांग ने बताया कि अल्प समय के मुलाकात में केंद्रीय मंत्रीगडकरी ने आज तक के बायपास निर्माण के पूर्व में विभाग द्वारा निर्माण सबंधी क्रियाकलापो के सबंध में नपा अध्यक्ष से विवरण जाना । नपा अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा कि महासमुंद में शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित व ज़रूरी माँग है। व नितांत आवश्यकता बताते हुए कहा की...बायपास निर्माण के अभाव में महासमुन्द शहर में अनेक नागरिक जन सड़क हादसों का शिकार हो चुके है । बीते वर्ष नगर के मुख्य चौराहे पर एक दंपति को जान भी गवाना पड़ा था व अनेक सड़क हादसे निरन्तर जारी है । हादसों के समाचार की छाया प्रति भी मंत्री गडकरी को नपा अध्यक्ष ने सौपा । नपा अध्यक्ष महिलांग ने मंत्री गडकरी को चर्चा के दौरान आगे बताया अनेक बार शहर सीमा से लगे गाँवो से मार्ग निर्माण के लिए विभिन्न एजेसी सर्वे कर चुकी है....सर्वे का विभागीय 'डीपीआर' बनाकर राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने दिल्ली कार्यालय प्रेषित किया जा चुका था परंतु तकनीकी कारणों व समय सीमा के चलते व बजट आबंटन के अभाव में यह प्रस्ताव निरस्त किया जा चुका है । चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री गडकरी ने...नपा अध्यक्ष महिलांग से महासमुंद पालिका क्षेत्र की जनसंख्या के बारे में जानकारी ली व नपा अध्यक्ष के दूसरी बार शहर मुखिया बनने पर बधाई दी ।चर्चा के दौरान नपा अध्यक्ष ने महासमुंद प्रवास का निमंत्रण गडकरी को दिया जिस पर सहर्ष स्वीकार किया। महिलांग ने आगे बताया कि...केंद्रीय मंत्री ने चर्चा में बायपास निर्माण के लिए पुनः विभागीय प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया,महिलांग ने मंत्री के व्यवहार पर आभार माना।

# निगम ने आवासीय कालोनी ऋषभ ग्रीन सिटी में मनाया जल मड़ाई

# कैच द रेन अभियान को तेजी से पूरा करने में जुटा निगम

- जल पुरुष समीर वानखेड़े ने मॉडल के माध्यम से कालोनीवासियों को किया पानी बचाने के प्रति जागरूक






पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम।राज्य शासन के आदेशानुसार अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर चल रहा कैच द रेन अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। दिन-प्रतिदिन पृथ्वी के नीचे का जल स्तर घटते जा रहा है, उसको रोकने के लिए नगर निगम द्वारा आवासीय कालोनियो में कैच द रेन का अभियान छेड़ रखा है। जल ही जीवन है. इसे बचाने के लिए नगर निगम द्वारा अभियान चला रहा है. इसके तहत सोसायटी में जाकर लोगों को पानी के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत ऋषभ ग्रीन सिटी में कालोनी वासियों के साथ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर सहित अफसरों ने वृक्षा रोपण किया, कार्यक्रम के बाद ऋषभ ग्रीन सिटी कालोनी में कैच द रेन के तहत जल मड़ाई कार्यक्रम के दौरान जल पुरुष समीर वखेड़े द्वारा मॉडल के माध्यम से लोगो को जानकारी में बताया कि कैच द रेन (वर्षा जल संरक्षण)उसमें छोटे पत्थर, बालू, गिटटी इत्यादि डालकर ऐसा सिस्टम लगाया जाता है कि छत से होकर गिरने वाला वर्षा का पानी पाईप लाईन के माध्यम से उस गढढे में आये और धीरे धीरे जल स्तर को बढ़ाये। साथ ही कालोनियो के गार्डन बने है उसमें भी नियमानुसार कैच दरेन पिट बनाया जा रहा है। आवासीय कालोनी के पदाधिकारियो अध्यक्ष शिवलाल चक्रधारी एवं सचिव किशोर जैन, सुरेंद्र राजपूत, श्रीबियानी, जीतू राठी, गांधी, साहू, एवं समस्त कालोनी वासियों के बीच उन्हे कैच द रेन अभियान के बारे में बताते है कि हमे वर्षा का जल बचाना है सभी की उपस्थिति में शासन द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार कालोनियो के क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए वहां गढढा बनाया जाता है।कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के समीक्षा बैठक में आवासीय कालोनीयो में कैच द रेन,वर्षा जल संरक्षण हेतु चलाया अभियान चलाने के लिए।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर को निर्देश के बाद अधिकारियों ने नगर निगम के जितने भी शासकीय भवन, सार्वजनिक भवन, उद्यान, सांस्कृतिक भवन आदि सभी जगहो में बरसात के जल को संरिक्षत करने के लिए सोख पिट बनाया जाये। उन्होने सभी नागरिको से अपील की है कि नगर निगम के इस अभियान में सहयोगी बने अपने घर से निकलने वाले बरसात के पानी को सीधे नालियो में न जाने दे सोख पिट बना के संरक्षित करें। नगर निगम इसमें पुरी तरह से इस अभियान में सहयोग करेगा, हम सब मिलकर ही अपने वाले आने वाली पीढ़ही के लिए जल बचा सकते है। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारी द्वारा बताया कि कालोनियो में जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिम सिस्टम को व्यवस्थित करवाये है। भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरीश दीवान ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी आवासीय कालोनियो में कैच द रेन (वर्षा जल संरक्षण),हेतु अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के अवसर पर कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता विनोद मांझी, हरिशंकर साहू, मोहित मरकाम, राजेन्द्र धबाले,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही सहित अन्य मौजूद रहें। बताया गया कि जल शक्ति अभियान कैच द रेन-2024÷ अभियान में महिलाओं की भूमिका,नारी शक्ति से जल शक्ति थीम वाले इस अभियान में जल संरक्षण एवं प्रबंधन में महिलाओं की अभिन्न भूमिका पर विशेष जोर दिया गया है।

# शीतला तालाब के आस-पास सफाई के लिए आयुक्त ने बढ़ाया हाथ, सफाई के बाद लगाए गुलमोहर के पौधें





पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सफाई अपनाओं बीमारी के तहत भगाओ 1 जुलाई- 31 अगस्त तक अभियान के तहत आज सिविल लाइन शीतला तालाब की सफाई करने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, श्रद्धा सबूरी समाज सेवी संस्था अध्यक्ष नीरज वानखड़े जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वाटर हीरो जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित एवं अन्य संस्थाओं प्रीतम क्षीरसागर, सचिन नवघरे, डॉ पाणिग्राही साथ मिलकर सिविल लाइन स्थित शीतला तालाब के आस पास झाड़ू लगकार श्रमदान किया।माँ शीतला तालाब के भीतर फैली गंदगी को निकाला गया। 'कैच द रैन' अभियान में निगम कर्मचारियों समेत अधिक लोगों ने सफाई के लिए श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा कि हमारे क्षेत्र में तालाबों की स्थिति अच्छी है। कुछ तालाबो की स्थिति बहुत अच्छी नही है।खासकर निस्तारी वाले तालाबों की। लोग जल संग्रहण के महत्व को नहीं समझ रहे है। तालाब को बचाने और सहेजने की आवश्यकता है। यह कार्य जन सहभागिता के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। तालाबों को स्वच्छ रखने और तालाब को सहेजने आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की। हम सब कैच द रैन अभियान से जुड़े। इस अवसर पर निगम अमला उपस्थित थे। माँ शीतला तालाब नगर निगम क्षेत्र में तालाब को संवारने लोग एकत्र हुए।आयुक्त निर्देश सम्पूर्ण क्षेत्र में सफाई के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। कहा एक दिन में सफाई कार्य पूर्ण नहीं होगा लगातार करते रहें ।निगम सफाई कर्मी तालाब सफाई पूर्ण रूप से करें। हर रोज रूटिन वर्क से अलग होकर शहर के अन्य तालाब सफाई कार्य को पूर्ण करे। आयुक्त ने रोपे पौधे कैच द रैन अभियान के तहत तालाब किनारे पौधारोपण भी किया गया।आयुक्त ने गुलमोहर पौधा

# जनसमस्या निवारण शिविर में होगा आमजनों की समस्या-शिकायतों का समाधान

## 16 जुलाई को वार्ड क्रमांक 23 से 32 तक शिविर

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन के आदेशा नुसार किसी तरह की समस्या होने पर नागरिकों को लंबी दूरी तय कर निगम कार्यालय आने की जरूरत नहीं होगी। सुविधा और समस्याओं का निराकरण करने अधिकारी वार्ड के निर्धारित स्थान तक पहुंचेंगे।शासन के आदेश के बाद कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। शिविर अलग-अलग तिथियों में वार्डवार लगाया जाएगा। शिविर स्थल पर नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं शिविरों के प्रभारी अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहेंगे. 16 जुलाई की शिविर के सफल कियान्वयन के लिए उपायुक्त मोहेंद्र साहू को नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नेताम सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है. शिविर में खास बात यह है कि नागरिक अपना टैक्स भी उक्त शिविर में जमा कर सकते हैं। शिविर समाप्त होने के बाद प्राप्त आवेदनों की समीक्षा हर दिन आयुक्त करेंगे। बता दे कि जनसमस्या निवारण शिविर में हितग्राही अपनी समस्या उक्त शिविर में आवेदन के माध्यम से राजस्व वसूली, सफाई से सम्बंधित आवेदन, अतिक्रमण से सम्बंधित शिकायत, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, निराश्रित पेंशन, विद्युत तथा पेयजल, सड़क एवं नाली निर्माण से सम्बंधित शिकायत आदि समस्याओं के निदान हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। शिविर का आयोजन 16 जुलाई 2024 दिन मंगलवार को वार्ड क्रमांक 23 से लेकर 32 तक 10 वार्डो के लिए एक साथ सिंधु भवन वार्ड क्रमांक 24 में शिविर का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक किया गया है। जिसके लिए जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जाएगा. आमजनों की समस्या का त्वरित निराकरण के लिए जन समस्याओं का निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत अभियान चलाकर प्रयास करने दिए निर्देश

## नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण पर जोर




पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत एजेंडावार समीक्षा की गई। कलेक्टर चौधरी ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में जिले के सभी नगरीय निकायों में नालों, सड़कों की सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट का समुचित निपटान करने तथा गार्बेज फ्री सिटी की दिशा में अभियान चलाकर प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही नगरीय निकायों को अधोसंरचना सहित विभिन्न मद अंतर्गत लंबित तथा आवास निर्माण को पूर्ण करने, राजस्व आय में वृद्धि करने के निर्देश दिए। ज्ञातव्य है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 केंद्रीय मंत्रालय की पहल है रिड्यूस रियुज रिसाइकल की थीम पर आधारित है, जिसमें 4800 से ज्यादा शहरों में स्वच्छ सर्वेक्षण किया जाना है। बैठक में सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, नगर निगम भिलाई के आयुक्त देवेश ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चंद्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त मती मोनिका वर्मा, एसडीएम छावनी भिलाई लवकेश ध्रुव और सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चों की शिक्षा की राह आसान करने दी पाठ्य सामग्री

## जीई फाउंडेशन का शिक्षा अभियान का तीसरा चरण मरोदा में





पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

सामाजिक सेवा संस्थान गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने शिक्षा अभियान के अंतर्गत तीसरा चरण 13 जुलाई को शासकीय प्राथमिक शाला स्टेशन मरोदा-2 में आयोजित किया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से सभी बच्चों का स्वागत किया गया। संयोजक प्रदीप पिल्लई ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए करियर निर्माण में चुनौतियों का सामना करने तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की ओर से भविष्य में भी वंचित बच्चों के लिए हर संभव पहल की जाएगी, जिससे बच्चे अपनी शिक्षा की राह आसान कर सकें। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से इन बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। वहीं सत्र 2023-24 में अपनी-अपनी कक्षाओं मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पाठ्य सामग्री पा कर सभी बच्चे बेहद खुश नजर आए। कार्यक्रम में प्रधान पाठक सावित्री वर्मा, शिक्षक अंशिता मिश्रा, ओमप्रकाश जंघेल, रवि कुमार सिस्ता और शाला के सभी स्टाफमौजूद थे।

# आज आएंगे आलमगीर अशरफ तकरीर और फातिहा में होंगे शामिल





पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

कर्बला के शहीदों की याद में 10 रोज तक तकरीर, लंगर व फातिहा ख्वानी का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में पैगंबर हजरत मुहम्मद के वंशज आले नबी औलादे अली फर्जंद ए गौसे आजम हुजूर हजरत सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी 15 जुलाई को भिलाई पहुंचेंगे। अंजुमन हुसैनिया कमेटी खुर्सीपार के सदर हुसैन अली अशरफी ने बताया कि हजरत आलमगीर दोपहर 2 बजे भिलाई पहुंचेंगे। शाम के वक्त मगरिब की नमाज जामा मस्जिद सेक्टर-6 में पढ़ाएंगे। यहां सैयद आलमगीर कर्बला के शहीदों के वाकयात बयान करेंगे। इसके बाद रात 9.30 बजे इलाहाबादी पंचायती ताजिया इमामबाड़ा सड़क 20 जोन--1 खुर्सीपारा भिलाई में जि-ए-शोहदाए कर्बला में शामिल होंगे।

यहां हजरत आलमगीर के हाथों समाज में विशिष्ट योगदान देने वाली शख्सियतों का सम्मान किया जाएगा। उसके बाद रात 12 बजे इमामबाड़ा पर इमाम हसन की चौकी की फातिहा होगी। उन्होंने बताया कि 10 मोहर्रम तक रोजाना सुबह 8:00 बजे से 10:00 बजे तक कुरआन ख्वानी जारी है। वहीं रात में तकरीर के बाद रोजाना लंगर में बड़ी तादाद में लोग शामिल हो रहे हैं।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत न्यू पुलिस लाइन में विधायक व महापौर द्वारा किया वृक्षा रोपण



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत न्यू पुलिस लाइन कालोनी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल सम्मिलित होकर पौधारोपण किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा,एसपी जितेंद्र सुक्ला,,वार्ड पार्षद माहेश्वरी ठाकुर,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, डीएसपी लाइन चंद्रप्रकाश तिवारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, मनोज गोयल, राजेश गुप्ता एवं पुलिसकर्मी परिवार के साथ छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। विधायक व महापौर ने लोगो के साथ पौधा - रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल ने पुलिस लाइन कालोनीवासियों ने पुनीत कार्य सम्पन्न करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया.आप भी अपने घरों के आसपास पौधे अवश्य लगाएं ताकि पेड़-पौधे आने वाली पीढ़ियों के सुख और स्वास्थ्य का आधार बने। उन्होंने कहा कि वैसे ही प्रकृति भी हमारे लिए जीवनदायिनी है। इसकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा आप सभी शहरवासियों से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधा रोपण करने का आग्रह करता हूं।इस अवसर पर आसपास के प्रमुख नागरिकगण भी मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी : दीपक

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



ग्रीन वैली फाउंडेशन के तत्वावधान में क्षेत्र को हरा भरा बनाये रखने के उद्देश्य से सतत वृक्षारोपण किया जा रहा है. बड़े बुजुर्गो के साथ युवाओं को भी अभियान से जोड़ा जा रहा है. इसी कड़ी में क्षेत्र के प्रतिष्ठित सी ए दीपक अग्रवाल ने अपनी बेटी पलक अग्रवाल के साथ वृक्षारोपण किया. इसके साथ ही अन्य लोगों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर सहयोग किया. इस अवसर पर सीए दीपक अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतु आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी,जिससे पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके। पलक अग्रवाल ने कहा कि आपदाओं को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। यहां प्राकृतिक वातावरण काफी शुद्ध व स्वच्छ है।इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नहीं बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालो को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। ग्रीन हेमा गायकवाड ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से रोकना है तो पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जहां एक ओर पेड़ पौधे हमें फल और छाया देते हैं, वहीं पेड़ पौधों से हमें विभिन्न प्रकार की औषधियां मिलती हैं। चाहे कोई भी दवा हो, कहीं न कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वनस्पतियों से जुड़ी हुई होती है। ग्रीन नरोत्तम शर्मा ने कहा कि पेड़ पौधे इस धरा के अनमोल आभूषण होते हैं। उनसे ही मनुष्य का जीवन आगे बढ़ता है। इनके अभाव में जीवन संभव नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि पेड़ पौधे अवश्य लगाएं। साथ ही उनकी रक्षा करें।वृक्षारोपण के उपरांत उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शन संजय गायकवाड ने किया.

## स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई

# स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर आयुक्त ने ली कर्मचारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक के समय उन्होंने कहा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 समय पर पूरा करना सुनिश्चित करना सभी की अहम जिम्मेदारी है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा शाम को निगम अपने कक्ष में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की तैयारी समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता एप के माध्यम से हर रोज बड़ी संख्या में शिकायत आ रही है।ऐसे स्थिति में सफाई दरोगा व सुपरवाइजर अपने-अपने वार्डों की शिकायतों को जल्द निदान करें। स्वच्छता को लेकर जागरूकता और सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने करेंगे। इसके बाद इन शिकायतों को समय पर निदान व सफाई कराने की जिम्मेदारी निगम स्वास्थ्य शाखा के कर्मचारियों व अधिकारियों को भी निभानी होगी। बैठक के दौरान स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए तय पाइंट टू पाइंट आयामों पर चर्चा की गई। बैठक में दिए गए निर्देश को भी आयुक्त ने बताया कि सफाई व्यवस्था को और अधिक कारगार बनाना है। इसी तरह सीटी व पीटी में बेहतर व्यवस्था, लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के साथ सूखा व गीला कचरा अलग-अलग देने जागरूक करने, बल्क जनरेटरर्स को अपने ही संस्थान में गीला कचरा का उपयोग खाद् बनाने के लिए प्रेरित करने, स्वच्छता के लिए विभिन्न स्पर्धा के लिए बनाए गए संबंधित बातों पर चर्चा की गई। इस दौरान आयुक्त द्वारा दिए गए कार्यों व जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया।इसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित करना सभी की अहम जिम्मेदारी है।उन्होंने सभी वार्डो के लिए अधिकारी नियुक्त किये, उन्होंने कहा कि अधिकृत अधिकारी अपने अपने वार्डो में किये जा रहें सफाई कार्यो का मॉनिटरिंग करेंगे।निर्धारित सफाई कर्मचारी नियमित उपस्थित होकर सफाई कर रहें है कि नहीं, उनका उपस्थित पंजी की जांच भी करेंगें। प्रत्येक जोन व वार्ड के अनुसार निगरानी हेतु नियुक्त,हर घर से 100 प्रतिशत कचरा कलेक्शन हो रहा है कि नहीं। घरो व दुकानों से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग हो रहा है कि नहीं।समय अनुसार एकत्रित कचरा डम्फर के माध्यम से एस.एल. आर.एम. सेंटर में जा रहा है कि नहीं, इत्यादि कार्यो का मॉनिटरिंग करेगें। शहर क्षेत्र के दुकानों में प्लास्टिक प्रतिबंध से सम्बंधित जुर्माने की कार्यवाही, स्वच्छ सर्वेक्षण, स्टार रेटिंग, वॉटर प्लस के दस्तावेज बनाकर सम्बंधित पोर्टल पर अपलोड, ऑनलाईन सिटीजन फीडबैक कराना आदि करने की बात कही।

# कलेक्टर ने ली जल संसाधन विभाग की बैठक



पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com


कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने जल संसाधन विभाग की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की जिले में नहर सहित अन्य कार्यों के स्वीकृत कार्य एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बैठक में जल संसाधन बलरामपुर ईई एस.के.मिंज, रामानुजगंज ईई लोकेश मिश्रा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से विभाग अंतर्गत किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखते एवं बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष वार स्वीकृत कार्यो, प्रशासकीय स्वीकृति,नहर निर्माण कार्यों में जल भराव की स्थिति,भू अर्जन की स्थिति,भुगतान, मुआवजा प्रकरण इत्यादि के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों के अद्यतन स्थिति का रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

## संपादकीय

### जो बाइडेन क्षमता पर सवाल

**जो बाइडेन की क्षमता** पर सवालों के साथ उन पर हमले तेज हो रहे हैं। ऐसे में डेमोक्रेटिक पार्टी को कठोर निर्णय लेना होगा कि जो बाइडेन उसके राष्ट्रपति उम्मीदवार बने रहें या उनका विकल्प पेश किया जाए। दोनों स्थितियां कठिन हैं और उनके सकारात्मक व नकारात्मक पक्ष हैं। बाइडेन की आयु व उनकी क्षमताओं के प्रदर्शन से पार्टी को 'प्लान बी' पर विचार करना होगा। लेकिन डेमोक्रेटों के लिए समय तेजी से बीतता जा रहा है और यही स्थिति विकल्पों की है। हालांकि, इस प्रकरण की शुरुआत काफी पहले हो गई थी, पर 'राष्ट्रपति बहस' एक प्रकार से 'ऊंट की पीठ पर आखिरी तिनका' सिद्ध हुई जिसमें बाइडेन का प्रदर्शन बहुत खराब था। लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद बाइडेन के पक्ष में मजबूत तर्क हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण विधायी उपलब्धियों का लंबा समय देखा है जिनमें व्यापक ढांचागत संरचना विधेयक, महत्वाकांक्षी जलवायु परिवर्तन पहलें तथा जीवन्त कोविड-19 टीकाकरण अभियान शामिल हैं। बाइडेन प्रशासन जटिल अंतरराष्ट्रीय संबंधों से निपटने में सफल हुआ है। उसने अंतरराष्ट्रीय खतरों से निपटने में सफलता पाई है तथा खासकर चीन और रूस के खिलाफ गठबंधनों को मजबूत किया है। उनके मध्यमार्गी दृष्टिकोण का लक्ष्य अत्यधिक विभाजित राष्ट्र को एकजुट करना था। इसके लिए उन्होंने प्रगतिशील व मध्यमार्गी डेमोक्रेटों तथा निर्दलीयों व रिपब्लिकनों से भी अपील की। लेकिन बाइडेन की आयु और उनकी संज्ञानात्मक क्षमताओं पर चिन्ता बनी हुई है। 81 साल की आयु में वे अमेरिकी इतिहास के सबसे वयोवृद्ध राष्ट्रपति हैं। उनकी क्षमताओं तथा मानसिक सतर्कता पर राजनीतिक विरोधी तथा मीडिया अनुमान लगाते रहे हैं। जनमत सर्वेक्षणों से स्पष्ट है कि मतदाताओं का बड़ा हिस्सा उनकी क्षमताओं से असहज तथा चार वर्ष का एक और कार्यकाल देने पर दुविधाग्रस्त है। इसके साथ ही कुछ मुद्दों से निपटने के उनके तरीकों पर भी सवाल उठ रहे हैं जिनमें अफगानिस्तान से वापसी तथा वर्तमान आर्थिक चुनौतियां शामिल हैं। इसके लिए उनको दोनों पक्षों के राजनेताओं की आलोचना झेलनी पड़ी है।



इन विवादों से अफवाहों को बल मिला है कि क्या डेमोक्रेटों को 2024 में विजय दिलाने के लिए बाइडेन सर्वोत्तम उम्मीदवार हैं। लेकिन चुनाव को अब केवल चार महीने बचे हैं और डेमोक्रेटों द्वारा उनका विकल्प तलाशना कठिन है। ऐसे में 25वां संशोधन लागू करना भी आत्यन्तिक व असंभव लगता है जो सेवा करने में अक्षम राष्ट्रपति को हटाने का प्राविधान करता है। इसके संभावित राजनीतिक नतीजों के साथ ही 'अक्षमता' के स्पष्ट व अविवादित प्रमाण होने चाहिए। इस प्रकार यह रास्ता जोखिम भरा है। यदि डेमोक्रेट विकल्प तलाशने का निर्णय करें तो राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में अनेक हाई-प्रोफाइल नेता सामने आएंगे। वर्तमान उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस सर्वाधिक संभावित पसंद हो सकती हैं। पहली महिला, पहली अश्वेत व पहली दक्षिण एशियाई उप-राष्ट्रपति के रूप में उनका प्रस्ताव बहुत मजबूत है, पर उनके नेतृत्व तथा नीतिगत प्रभावशीलता पर गहरे सवाल हैं। परिवहन सचिव व साउथ बेंड, इंडियाना के पूर्व मेयर पीट बुटीगेग एक और उम्मीदवार हो सकते हैं। वे युवा, स्पष्ट वक्ता तथा नीतिगत समझदारी वाले व्यक्ति हैं। इसके साथ ही प्रगतिशील नीतियों के पैरोकार व कैलीफोर्निया के गवर्नर गाविन न्यूसन ने भी राजनीतिक चुनौतियों का दृढ़ता से सामना किया है। इस प्रकार वर्तमान समय में डेमोक्रेट भारी दुविधा के शिकार हैं। अंततः निर्णय बाइडेन की प्रभावी नेतृत्व क्षमता तथा पुनः चुनाव जीतने की संभावना पर होगा।

# तालिबानों से महिलाओं का संघर्ष

तालिबान अधिकारियों के इनकार के बावजूद अफगान महिलायें अपने प्रति गंभीर व अमानवीय अत्याचारों के खिलाफ उठ कर खड़ी हो रही हैं। विडंबना है कि विश्व जनमत इस उत्पीड़न पर खामोश है।



हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



तालिबान अधिकारियों के इनकार के बावजूद अफगान महिलायें अपने प्रति गंभीर व अमानवीय अत्याचारों के खिलाफ उठ कर खड़ी हो रही हैं। इसके अनेक प्रमाण भी सामने आ रहे हैं। 'द गार्जियन' में जाहरा जोया, क्रिस मैक्ग्रील, खुदाबाद पोलादी, एन्नी केली व टाम लेविट की रिपोर्ट 6 जुलाई, 2024 को प्रकाशित हुई। इसका शीर्षक 'वीडियो एपियर्स टु शो गैंग-रेप आफ अफगान वीमेन इन तालिबानी जेल' है, यानी इस वीडियो में संभवतः तालिबानी जेल में अफगान महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है। इससे अफगानिस्तान में जघन्य स्थिति का पता चलता है। रिपोर्ट के अनुसार, यह वीडियो 'द गार्जियन' तथा अफगानिस्तान में महिला संबंधी मुद्दों पर खबरें देने वाले आनलाइन मीडिया 'रुखसाना मीडिया' द्वारा यह वीडियो देखा गया।

इसमें एक युवा महिला और मानवाधिकार कार्यकर्ता से तालिबान जेल में सशस्त्र लोगों द्वारा सामूहिक बलात्कार व अत्याचार दिखाया गया है। इसमें दिखाया गया है कि महिला से अपने कपड़े उतारने को कहा गया और उसके बाद दो लोगों द्वारा उससे कई बार बलात्कार किया गया। उसे नंगी खड़े देखा गया, उसकी आवाज लड़खड़ा रही है और हमलों के दौरान उसे पहचाना जा सकता है। 'द गार्जियन' और 'रुखसाना मीडिया' में महिला को यह कहते दिखाया गया है कि उसे तालिबान के खिलाफ सार्वजनिक रूप से विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के कारण गिरफ्तार किया गया तथा तालिबानों की जेल में उससे कई बार सामूहिक बलात्कार किया गया। यह वीडियो उसे अफगानिस्तान से भाग जाने के बाद भेजा गया। उसे धमकी दी गई कि यदि उसने सार्वजनिक रूप से 'इस्लामी अमीरात' के खिलाफ कुछ बोला तो यह वीडियो उसके परिवार को दिखाया जाएगा तथा इसे सोशल मीडिया पर डाल दिया जाएगा। रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न, पिटाई तथा अत्याचारों के अन्य उदाहरण भी दिए गए हैं। इनमें न केवल तालिबानों द्वारा महिला-अधिकारों के दमन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वालों को बिजली के झटके देने, बल्कि युवा महिलाओं और किशोरियों द्वारा हिजाब नियमों के उल्लंघन की बात भी कही गई है। 'द गार्जियन' की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामी अमीरात अफगानिस्तान के सूचना एवं संस्कृति उप-मंत्री तथा मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने गिरफ्तार महिलाओं के व्यापक यौन उत्पीड़न के आरोपों का खंडन किया है। हालांकि, वे इसके अलावा और कुछ कर भी नहीं सकते थे, पर महिलाओं के आरोपों पर संदेह नहीं किया जा सकता है। अफगानिस्तान जैसे देशों में यौन हिंसा की शिकार महिलाओं के प्रति व्याप्त पूर्वाग्रहों को देखते हुए ये सही लगते हैं।

ऐसे में महिला और उसके रिश्तेदारों के लिए यह कहना बड़ी हिम्मत और प्रतिबद्धता का काम है कि हिरासत में उसके साथ बलात्कार या यौन उत्पीड़न हुआ है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने भी गिरफ्तारियों व हिरासतों पर टिप्पणी की है। अजीत कुमार सिंह ने 11 मार्च, 2024 को 'साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल' पर लिखा था कि अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन-यूएनएएमए ने 'इस्लामी ड्रेस कोड' के कथित उल्लंघन पर महिलाओं और लड़कियों की गिरफ्तारी और हिरासत पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की है।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष प्रतिनिधि तथा यूएनएएमए की प्रमुख रोज़ा ओटुनबायेवा के हवाले से लिखा है कि प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई तथा शारीरिक हिंसा 'खासकर अफगान महिलाओं के लिए अत्यधिक अपमानजनक व खतरनाक है।' उन्होंने कहा है कि हिरासत से 'अफगान महिलाओं पर बहुत भारी दाग लग जाता है जिससे उन पर खतरा और बढ़ जाता है।' महिलाओं के खिलाफ तालिबान के हमले 1996-2001 के बीच चले उनके पहले शासनकाल की याद दिलाते हैं जो उनके वर्तमान दूसरे शासनकाल में भी जारी हैं। बलात्कार और यौन उत्पीड़न ऐसे अत्याचारों का हिस्सा हैं।

इसकी शुरुआत सितंबर, 2021 में उस समय हुई जब तालिबान ने काबुल में महिला मामलों के मंत्रालय का बोर्ड हटा दिया और उसके स्थान पर 'मिनिस्ट्री फार द प्रमोशन आफ वर्चू एंड प्रिवेंशन आफ वाइस' का बोर्ड लगा दिया। अफगानिस्तान की सत्ता में पहली बार आए तालिबानों के शासनकाल में मनमाने व कठोर उत्पीड़न के लिए उनको काफी बदनामी झेलनी पड़ी थी। सरकार की आदिमकालीन सोच वाली घोषणाओं के चलते उन्होंने महिलाओं के प्रति अत्यधिक कठोरता बरती थी। वर्तमान समय में भी महिलाओं के खिलाफ अनेक कठोर कदम उठाए गए हैं। महिलाओं को एक पुरुष संरक्षक के बिना 70 किलोमीटर से अधिक यात्रा पर प्रतिबंध है जो उनका पति या 'महरम' हो। 'महरम' का अर्थ नजदीकी रक्त संबंधी है, जैसे पिता, बेटा, भाई, बाबा, परबाबा, ऐसा भतीजा जिससे विवाह प्रतिबंधित हो और जिसकी उपस्थिति में उसे हिजाब पहनने की जरूरत न हो। महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर 'समुचित' हिजाब तथा ऐसे ढीलेढाले काले कपड़े पहनने चाहिए जिनसे उनका शरीर और चेहरे पूरी तरह ढक जांए। इसके लिए उनके पुरुष रिश्तेदारों को जिम्मेदार ठहराया गया है जिनको अपना कर्तव्य पालन न करने पर दंड भुगतना पड़ता है। महिलाओं को प्राथमिक स्तर के बाद शिक्षा तथा हर प्रकार के रोजगार से वंचित किया गया है। सबसे बुरी बात है कि 23 मार्च, 2024 को अफगानिस्तान के राज्य टेलीवीजन पर प्रसारित एक मौखिक संदेश में तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबातुल्ला अखुंदजादा ने कहा था कि 'हम महिलाओं को कोड़े लगाएंगे और हम व्याभिचार के लिए उनको पत्थर मार-मार कर मार डालेंगे।' तालिबान ने इस घोषणा के पहले ही महिलाओं को कोड़े लगाना शुरू कर दिया था। उनको सेलफोन प्रयोग करने तथा अपने प्रेमियों या रिश्तेदारों से बात करने के 'अपराध' में कम से कम 30 कोड़े लगाने की सजा दी जाती थी। तालिबानों की आदिमकालीन सोच को देखते हुए यह आश्चर्यजनक नही था। 1996 से 2001 में सत्ता में पहली बार आने के समय उन्होंने यही सब किया था।

ऐसे में यह देख कर अत्यधिक आश्चर्य होता है कि बाकी दुनिया अफगान महिलाओं के साथ हो रहे इस घोर उत्पीड़न व मानवाधिकार उल्लंघन पर एकदम चुप है। दुनिया के अनेक जिम्मेदार देश और उनके राजनेता तालिबानों द्वारा अफगान महिलाओं पर ढाए जाने वाले ऐसे अत्याचारों के खिलाफ कुछ नहीं कह रहे हैं। इस सबंध में सारी दुनिया में स्वयं को लोकतंत्र के रक्षक की तरह पेश करने वाले पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों की चुप्पी और अधिक चिन्ताजनक हैं। लोकतांत्रिक देश तालिबानों के खिलाफ इस मामले में किसी प्रभावी कार्रवाई के मामले पर भी पूरी तरह खामोश हैं। विडंबना है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा उससे जुड़ी संस्थायें भी अफगान महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न पर सक्रिय नहीं दिख रही हैं, जबकि इस बारे में 'द गार्जियन' तथा 'रुखसाना मीडिया' की स्पष्ट वीडियो आधारित प्रमाणित रिपोर्ट के अलावा अन्य अनेकानेक प्रमाण सारी दुनिया के समक्ष मौजूद हैं।

हाल ही में दोहा और कतर में 25 देशों के राजदूतों का वैश्विक सम्मेलन हुआ। इसमें अमेरिका, रूस, चीन और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधि शामिल थे। इस सम्मेलन में अनेक मुद्दों पर तालिबान के साथ संपर्क को प्रोत्साहित करने की बात कही गई। यह अपने किस्म का तीसरा वैश्विक सम्मेलन था। हालांकि, तालिबान ने पहले दो सम्मेलनों में भाग नहीं लिया था, पर इस सम्मेलन में भी वह इस शर्त पर भाग लेने को तैयार हुआ था कि आयोजकों की ओर से कोई महिला सम्मेलन में भाग नहीं लेगी। संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा तालिबानों की यह शर्त मान लेने की मानवाधिकार संगठनों से व्यापक रूप से निन्दा की थी। उनका यह आरोप था कि संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा अन्य देशों द्वारा तालिबानों की यह शर्त मान लेने का अर्थ उनको महिला-अधिकारों को और कुचलने का अवसर देना होगा।

मानवाधिकार संगठनों की यह बात बिल्कुल सही है। लेकिन ऐसा लगता है कि मानवाधिकारों और महिला अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करने वालों को अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा महिलाओं व लड़कियों पर किए जा रहे अमानवीय अत्याचारों और दमन की जरा भी चिन्ता नहीं है।

# मोदी-पुतिन मुलाकात से रिश्तों में आई नई जान

पारुल चंद्रा
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



जब यह धारणा बढ़ रही थी कि भारत और रूस के बीच संबंधों में गति कम हो रही है, यहां तक कि ठहराव आ रहा है, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर-स्तरीय बैठक द्विपक्षीय संबंधों को नई गति प्रदान करने में मदद करेगी।

भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच दो वर्षों से अधिक के अंतराल के बाद आयोजित 22वें शिखर सम्मेलन में दोनों पक्षों ने अपनी रणनीतिक साझेदारी की पूरी क्षमता को अनलॉक करने का संकल्प लिया। शिखर सम्मेलन के परिणामों ने मॉस्को के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए नई दिल्ली के इरादे को व्यक्त किया, भले ही रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने और उसके बाद उसके देश पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद पुतिन को पश्चिमी देशों द्वारा व्यापक रूप से बदनाम किया गया हो। पुतिन के रूस-यूक्रेन युद्ध में व्यस्त होने के कारण, जो अब अपने तीसरे वर्ष में है, शिखर-स्तरीय बैठकें पीछे छूट गई थीं। पिछली शिखर वार्ता दिसंबर 2021 में नई दिल्ली में हुई थी। शिखर वार्ता में दोनों पक्षों की ओर से न केवल 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को पुनर्जीवित करने की उत्सुकता दिखाई गई, बल्कि आर्थिक सहयोग को भी संबंधों का आधार बनाया गया। यह एक अलग संयुक्त वक्तव्य में परिलक्षित हुआ, जिसमें आर्थिक सहयोग के लिए नौ प्रमुख क्षेत्रों की रूपरेखा बताई गई, जिसमें 2030 के लिए 100 बिलियन डॉलर का नया द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य निर्धारित किया गया। मोदी-पुतिन शिखर वार्ता में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को गले लगाते हुए देखकर निराशा और शांति प्रयासों के लिए विनाशकारी झटका व्यक्त किया, लेकिन इससे नई दिल्ली के कीव के साथ घनिष्ठ संबंधों को नुकसान पहुंचने की संभावना नहीं है। भारत ने भले ही आक्रमण की निंदा न की हो, लेकिन मोदी ने पुतिन से कहा कि युद्ध के मैदान में शांति नहीं है जबकि उन्होंने बातचीत की आवश्यकता पर भारत की स्थिति को दोहराया। वाशिंगटन ने मोदी-पुतिन की मुलाकात पर अपनी



नाराजगी भी जताई है, लेकिन ऐसा लगता नहीं है कि इससे मॉस्को के साथ उसके संबंधों पर कोई असर पड़ेगा, क्योंकि भारत की रणनीतिक ज़रूरतें इसके लिए ज़िम्मेदार हैं। बेशक, इनमें से एक रूस-चीन के बीच बढ़ती नज़दीकियां हैं। रूस के साथ नज़दीकी संबंधों पर ज़ोर देने से मॉस्को की वाशिंगटन के प्रति नई दिल्ली के झुकाव को लेकर चिंताएं भी दूर होंगी। भारत अब तक दो भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच संतुलन बनाने में कामयाब रहा है और उसे ऐसा करना जारी रखना चाहिए। भारत रूस को समय-परीक्षित भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखता है। पश्चिमी दुनिया प्रतिबंधों से प्रभावित रूस को यूक्रेन युद्ध के मामले में अलग-थलग रखना चाहेगी, लेकिन भारत का व्यापक और गहरे आर्थिक संबंधों के लिए प्रयास उसकी अपनी रणनीतिक ज़रूरतों को दर्शाता है। प्रतिबंधों के बावजूद भारत की रूसी तेल खरीद न सिर्फ़ जारी रहेगी बल्कि इसमें और वृद्धि होने की उम्मीद है। रूस से कच्चे तेल का आयात 2021 में 2.5 मिलियन टन से बढ़कर 2023 में 90 मिलियन टन हो गया है, भारत को यह स्पष्ट है कि यह उसकी ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों पक्षों द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में निवेश भी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। रूस से उर्वरक आयात भी भारत के कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। रूसी तेल आयात ने द्विपक्षीय व्यापार के आंकड़ों को 65.70 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने में मदद की है। लेकिन जबकि भारतीय आयात 61.44 बिलियन डॉलर का था, इसके निर्यात का हिस्सा मात्र 4.26 बिलियन डॉलर था। रियायती दरों पर रूसी तेल आयात करने में खुश होने के बावजूद, नई दिल्ली को रूस के साथ व्यापार की टोकरी को चौड़ा करके इस व्यापार असंतुलन को दूर करने की आवश्यकता होगी। भारत से निर्यात की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में फार्मास्यूटिकल्स, कार्बनिक रसायन, लोहा और इस्पात और विद्युत मशीनरी शामिल हैं।

दोनों पक्षों ने गैर-टैरिफ व्यापार बाधाओं को खत्म करने और यूरेशियन आर्थिक संघ -भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना की संभावना पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की, जो द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के इरादे की गंभीरता को दर्शाता है। भारत और ईएईयू के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए पूर्ण वार्ता शुरू करने की प्रेरणा से भी व्यापार संबंधों को बढ़ावा मिलना चाहिए।

कनेक्टिविटी भी दोनों पक्षों के लिए प्राथमिकता बनी हुई है। इसका मतलब होगा भारतीय सामानों के लिए यूरेशियाई बाजारों तक पहुंच। हालांकि, प्रस्तावित (अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन) गलियारा अभी भी वास्तविकता बनने से बहुत दूर है। जबकि चेन्नई-व्लादिवोस्तोक समुद्री गलियारा स्थापित करने के लिए दोनों पक्षों के बीच फिर से रुचि है, जिसे पहली बार 2019 में पेश किया गया था, यह भी देखा जाना बाकी है कि यह फलीभूत होगा या नहीं। शिखर सम्मेलन ने निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र में मजबूत सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया, जो भारत के सुरक्षा प्रतिमान का एक महत्वपूर्ण तत्व है।

रूस भारत का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, भले ही नई दिल्ली अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अमेरिका, फ्रांस और इज़राइल जैसे अन्य देशों की ओर रुख करके विविधता लाने के निरंतर प्रयास कर रहा हो। भारत निस्संदेह यूक्रेन युद्ध के कारण रूसी सैन्य हार्डवेयर और पुर्जों की आपूर्ति में देरी पर अपनी चिंताओं को दूर करने की कोशिश करेगा।

मोदी-पुतिन शिखर सम्मेलन ने भले ही पश्चिम को नाराज़ कर दिया हो, लेकिन यह बिल्कुल स्पष्ट है कि नई दिल्ली तब तक अपना काम जारी रखेगी जब तक कि यह उसकी रणनीतिक प्राथमिकताओं को पूरा करता रहे।

## आप की बात

### बिगड़ैल नाबालिग

**देश** में रसूखदारों के बिगड़ैल शहजादों के ही अधिकतर हिट एन रन मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे बिगड़ैल नाबालिग कहीं फुटपाथ पर सोये लोगों पर नशे में गाड़ी चढ़ा देते हैं तो कहीं अन्य दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ऐसी दर्दनाक घटनाएं अक्सर मीडिया व सोशल मीडिया में आने लगी हैं। दूसरी ओर लव जिहाद के गंभीर व दर्दनाक किस्से भी मीडिया की सुर्खी बन रहे हैं। कभी किसी लड़की के टुकड़े करके फ्रिज में रख दिए जाते हैं तो कहीं बोरियों में भरकर नदी में बहा दिए जाते हैं। समाज और सरकार को ऐसे मामले रोकने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। देश के कानूनविदों व पुलिस को मिलकर नाबालिगों द्वारा किए अपराधों को रोकने पर विचार करना चाहिए। यह सच है कि नाबालिगों व पहली बार अपराध करने वालों को वयस्कों व आदतन अपराधियों जितनी सजा नहीं दी जा सकती है। लेकिन बचपन से ही बच्चों में समाज के प्रति जिम्मेदारी तथा अपराध और दंड से भय करना सिखाया जाना चाहिए। गंभीर अपराधों में नाबालिग को वयस्क की तरह सजा देने का अधिकार भी यथासंभव न्यायालय के विवेकाधिकार तथा स्थितियों के विश्लेषण पर छोड़ने से नाबालिगों द्वारा किए जाने वाले अपराधों पर लगाम लगाई जा सकती है। यह कदम जरूरी हो गया है।

**- शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### शूटिंग में दुर्घटनायें

**फिल्म व टेलीविजन** के इतिहास में शूटिंग के दौरान दुर्घटनाओं के कारण मौतें होती रही हैं। 1980 से 1990 तक स्टंट के दौरान 37 मौतें हुई। इनमें से 24 मौतें हेलीकॉप्टर उपयोग संबंधी थीं। भारतीय फिल्म उद्योग में भी ऐसी दुर्घटनाएं होतीं रहतीं हैं। इंडियन 2 की शूटिंग में एक विशाल क्रेन गिरने से तीन तकनीशियनों की मौत हो गई, जबकि अभिनेता कमल हासन, काजल अग्रवाल और निर्देशक शनमुगम शंकर बच गए। 2004 में खाकी के सेट पर ऐश्वर्या राय बच्चन के पैर में जीप की टक्कर से फ्रैक्चर हो गया था। 1980 के दशक में कुली के फिल्मांकन के दौरान अमिताभ बच्चन बुरी तरह घायल हो गए थे। इसी तरह की एक दुर्घटना में 2021 में न्यू मेक्सिको में फिल्म शूटिंग के दौरान हेलिना हैचिन्स की गोली लगने से मौत हो गयी थी। गोली अभिनेता एलेक बाल्डविन के हाथों से चली थी। जबकि शूटिंग के दौरान नियम ये है कि बन्दूक असली होती है मगर उसके अंदर गोली नकली होनी चाहिए। अब सबूतों के अभाव में बाल्डविन को बरी कर दिया गया है। फिल्मों व टेलीवीजन शूटिंगों में होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए समुचित उपाय किए जाते हैं और खतरनाक मामलों में प्रशिक्षित लोगों का प्रयोग होता है।

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### प्रशासन की जिम्मेदारी

**प्रशिक्षु आईएएस** को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे लोगो को सर्वश्रेष्ठ सुशासन देने का निर्देश दिया। मोदी ने उनसे अपने कार्य के प्रति सक्रियता दिखाते हुए कल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुचाने का अनुरोध किया। देश में जनता द्वारा चुनी सरकार का कर्तव्य है कि वह नीतियां बनाने के साथ ही उनके क्रियान्वयन में अधिकारियों और प्रशासनतन्त्र की जवाबदेही तय करे। अधिकारियों को भी जमीनी स्तर पर विकास कार्यों का निरीक्षण करने के साथ ही आम जनता की समस्याओं को समझना चाहिए। विडंबना है कि केन्द्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों और निर्देशों के बावजूद केन्द्र व राज्य की अनेक जन-कल्याणकारी योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन नहीं हो रहा है तथा उनमें भ्रष्टाचार की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। गांवों में शौचालय निर्माण व पीएम आवास बनाने की अगली किश्तों तथा मनरेगा की बकाया धनराशि न मिलने की शिकायतें भी आ रहीं हैं। प्रशासन की जिम्मेदारी जनता की शिकायतें दूर करना भी है। जनता तथा सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं के बीच नियमित संवाद से भी प्रशासन की जिम्मेदारी व जवाबदेही सुनिश्चित करने में सहायता मिल सकती है।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### स्वागत योग्य फैसला

**सुप्रीम कोर्ट** ने मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं को भी अब गुजारा भत्ता उनके पति से सीआरपीसी की धारा 125 के अंतर्गत दिलाने का फैसला दिया है। यह निर्णय निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो केस को याद रखते हुए ये निर्णय दिया है जिसमें इसका प्रावधान था। लेकिन राजीव गांधी की सरकार ने 1986 में बनाए कानून से सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला निष्प्रभावी कर दिया था। अब 1986 का वह कानून धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता मांगने के अधिकार पर लागू नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट का ये कहना भी स्वागत योग्य है कि गुजारा भत्ता कोई खैरात नहीं है बल्कि तलाकशुदा महिला का मौलिक अधिकार है। विडंबना है कि अनेक कट्टरपंथी मौलाना इसे शरीयत में दखलंदाजी कह रहे हैं, जबकि दुनिया के अनेक मुस्लिम-बहुल देशों में महिलाओं को यह अधिकार प्राप्त है। कई मुस्लिम देशों में पुरुषों को बिना अदालती फैसले तलाक देने पर प्रतिबंध है तथा वे एक से अधिक महिलाओं से विवाह नहीं कर सकते हैं। भारतीय मुसलमानों को भी अब दकियानूसी सोच छोड़ कर आगे बढ़ना चाहिए।

**-भगवानदास छारिया,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पहली बार बालोद पहुचे प्रभारी मंत्री विजय के सामने लगी आवेंदनो और शिकायतों की बाढ़, कार्यकर्ताओ को डिप्टी सीएम ने दी सीख, आवेदक नही निराकरण के लिए करें कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और बालोद जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा सोमवार को बालोद जिले के दौरे पर रहें। प्रभारी मंत्री बनाए जाने के बाद विजय शर्मा का यह पहला बालोद जिला दौरा था। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा सबसे पहले भाजपा जिला कार्यालय पहुचे। भाजपाईयों ने जिलाध्यक्ष पवन साहू की अगुवाई में विजय शर्मा का जोरदार गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पूर्व गुंडरदेही में भी भाजपाईयों ने प्रभारी मंत्री विजय शर्मा का स्वागत किया।

ग्राम जुंगेरा स्तिथ भाजपा जिला कार्यालय में विजय शर्मा ने कार्यकर्ताओ की बैठक ली और आगामी निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर टिप्स भी दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओ को हाथ जोड़कर अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की बनाई सरकार है। मुख्यमंत्री के संदेश पर सभी जनकल्याण और जनसेवा का काम करते है। आज सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर बड़ी प्रसन्नता हुई। पहली बार बालोद पहुचे प्रभारी मंत्री विजय के सामने लगी आवेंदनो और शिकायतों की बाढ़ सी आ गई, तो वही कार्यकर्ताओ को विजय शर्मा ने सीख दी कि, आवेदक नही निराकरण के लिए कार्य करें। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू के स्वागत उद्बोधन के पश्चात प्रभारी मंत्री ने एक-एक कार्यकर्ताओं की समस्याओं, कार्यो को सुना एवं जन भावनाओं के रूप जिले में व्याप्त समस्याओं से अवगत हुए। कार्यकर्ताओं द्वारा कुछ शासकीय कर्मचारियों के दुर्व्यवहार, स्कूलों में शिक्षक की कमी, भ्रष्टाचार मे लिप्त कर्मचारियों, अधिकारियों की शिकायत सहित धर्मांतरण, सड़क पानी सहित अन्य जन समस्याओं से अवगत हुए। बैठक के पश्चात जिले के प्रमुख भाजपा नेताओं के साथ सभी आवेदनों पर चर्चा करते हुए निराकरण के लिए लिखा।

## कार्यकर्ता आवेदक नही निराकरण के लिए कार्य करें

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विजय शर्मा ने कहा कि भाजपा की असली शक्ति बूथ में चिट बांटने वाले से लेकर बुथ का हमारा कार्यकर्ता है। जिनकी ताकत से हम जनता से किए वादों को पूरा करते जा रहे हैं। कम समय में भाजपा की विष्णु देव सरकार जनता के विश्वास पर पूर्ण रूप से खरा उतरी है। इस विश्वास को चिरस्थाई बने हम सब कार्यकर्ताओं को सामूहिक रूप से परिश्रम करना है। हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं। आवेदक नहीं निराकरण के लिए काम करेंगे। यह सरकार जनता एवं कार्यकर्ताओं की बनाई सरकार है। जनता एवं कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा खड़ी है। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू, भाजपा नेता यशवंत जैन, देवलाल ठाकुर, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव, अभिषेक शुक्ला, राकेश छोटू यादव, चेमन देशमुख, नरेश यदु, देवेंद्र जायसवाल, किशोरी साहू, अनीता कुमेटी, संध्या भारद्वाज, छगन देशमुख, दिलीप शर्मा, शरद ठाकुर, नरेश साहू, अमित चोपड़ा, राजेश दसोड, लोकेश श्रीवास्तव, कुलदीप कत्याल, सुरेश निर्मलकर, प्रेम साहू, कौशल साहू, दुष्यंत सोनवानी, प्रदेश जैन, टिनेश्वर बघेल, रूपेश सिंन्हा, राकेश द्विवेदी, मनीष झा, अकबर तिगाला, शुभसिह कुरेटी, कमल पनपालिया, दुर्जन साहू, दुर्गानंद साहु, संदीप साहू, संजय साहू, संतोष कौशिक, नरेंद्र सोनवानी, सौरभ जैन, विक्रम लालवानी, दानेश्वर मिश्रा, दारा सिंह भावसार्य, मदन मायवती, अजय चौहान, महेंद्र सिंह, टिकेंद्र, महत्ता नेताम, नंदकिशोर शर्मा, विश्वास गुप्ता, पवन सोनबरसा, कुंती सिन्हा, टोमन साहू, प्रमोद जैन, होरीलाल रावटे, किर्तिका साहू, नीतीश मोंटी यादव, मीना साहू, ललिता साहू, प्रेमलता साहू, पोषण बनपेला, शिव धरमगुडे, संदीप सिंह, विवेक वैष्णव सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में एक पेड़ माँ के नाम तथा 'जल शक्ति ने नारी शक्ति' अभियान अंतर्गत किया गया पौधरोपण





पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बेमेतरा में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया। बेमेतरा राज्य शासन द्वारा संचालित 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियान के साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में एवं चंद्रवेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सी.पी. शर्मा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में 'एक पेड मी के नाम' थीम पर जिले के लगभग 1178 आंगनबाड़ी केंद्रों जनप्रतिनिधि/जनसमुदाय द्वारा एक फलदार वृक्ष रोपित किया गया है एवं चार अन्य फलदार वृक्ष नान प्रतिनिधियों, महिला समूहों, महिला मंडल एवं ग्रामीण महिलाओं को सम्मिलित कर तथा गर्भवती महिलाओं कुपोषित बच्चों के घर में वृक्ष लगाकर इसे एक उत्सव के रूप में मनाया गया है जिसमें रोपित पौधों की संख्या लगभग 6000 से ऊपर है। साथ ही 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्थानीय महिलाओं को एकत्रित कर स्वच्छ पेयजल की महत्ता, पानी का संचयन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सारा पानी का अन्य उपयोग के साथ-साथ प्रत्येक घर में पानी का संचयन कैसे किया जाना चाहिए, पर विस्तार जानकारी देते हुए जागरूक किया गया तथा उक्त जानकारियों को व्यवहार में लाने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही उपस्थित जन समुदाय विशेष कर महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया, इस अभियान को जिला कार्यालय, समरत एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं सखी वन स्टाप सेंटर महिला एवं बाल विकास के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा इस अभियान को एक पर्व के तर्ज पर हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। इस अभियान को सफ्ल बनाने में उद्यानिकी विभाग, वन विभाग, पंचायती राज विभाग का विशेष योगदान रहा।

# प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली बार बालोद पहुचे डिप्टी सीएम का बड़ा एक्शन, शिकायत पर टीआई और तहसीलदार को किया सस्पेंड, भ्रष्ट और लापरवाह अधिकारियों में मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




**अगली बार जब भी मैं बालोद प्रवास पर आऊ तो अधिकारी सारे कार्य कर लें: विजय शर्मा**

पहली बार बालोद पहुंचे सूबे के उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कार्य में लापरवाही बरत रहे और भ्रष्ट अधिकारियों को बड़ा संदेश दिया है कि लापरवाही किसी भी हाल बर्दाश्त नही की जाएगी। प्रभारी मंत्री के इस कड़े तेवर से लापरवाह एवं भ्रष्ट अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। दरअसल सोमवार को उप मुख्यमंत्री एवं बालोद जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा अपने एकदिवसीय दौरे में बालोद पहुचे, जहां उन्होंने अपने पहले ही दौरे में शिकायत पर बड़ी कार्यवाही करते हुए एक थाना प्रभारी और एक तहसीलदार को सस्पेंड कर दिया है। लॉ इन ऑर्डर स्थिति बिगड़ने मामले में गुरुर थाना प्रभारी दिनेश कुर्रे एवं राजस्व मामले में लापरवाही बरतने व लेनदेन मामले में देवरी तहसीलदार नीलकंठ जनबन्धु को सस्पेंड किया है। इस कार्यवाही से भ्रष्ट और लापरवाह अधिकारियों में हड़कंप मच गया हैं। यह शिकायत सोमवार स्थानीय लोगों ने गृह मंत्री के सामने रखी थी। आपको बता दें कि थाना प्रभारी दिनेश कुमार कुर्रे को लेकर काफी सारी शिकायत है। खासतौर पर गुरुर में भाजपा महिला पार्षद को कुछ महिलाओं द्वारा घर से बाहर घसीट कर लाकर मारपीट किये जाने एवं उसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर लॉ इन ऑर्डर की स्तिथि बिड़गने मामले में शिकायत की गई थी, जिसपर गृहमंत्री ने नाराजगी भी व्यक्त की हैं। वहीं कुछ आरक्षकों के संदर्भ में भी शिकायतें रखी गई है। जिनके द्वारा सटोरियों के साथ बैठक करने और लेनदेन संबंधी शिकायतें शामिल हैं।

## 3 घँटे चली बैठक

प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागों की समीक्षा बैठक ली। 3 घँटे से अधिक चली इस मैराथन बैठक में प्रभारी मंत्री ने अधिकारियो की जमकर क्लास लगाई और विभाग वार योजनाओ की समीक्षा की। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को दो टूक में कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर एक व्यक्ति को प्राथमिकता के साथ मिलना चाहिए। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने, सीएचसी केंद्र में सोनोग्राफी प्रारंभ करने, जिले में पांचों ब्लॉक मुख्यालयों के प्राथमिक शालाओं में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था और बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था करने निर्देशित किया है। वही उन्होंने कलेक्टर को भी राजस्व कैंप लगाकर किसानों की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।।उन्होंने बताया कि खाद की स्तिथि ठीक है। वही प्रभारी मंत्री ने अधिकारियो को साफ तौर पर कहा है मैं जब अगले बार आऊ तो सारे कार्य पूरे कर लें।

## बस्तर में होगा सब कुछ ठीक

कोंडागांव पुलिस को नक्सली मोर्चे में मिली सफ्लता पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भारी बारिश में भी नक्सल मोर्चे पर कार्रवाई की प्रि या अनिवार्य जारी है और हम सबको आपको बस्तर को शांत रूप में देखना है और बस्तर में आने वाले दिनों में सब कुछ ठीक रहेगा इस बात का हम आप सभी से वादा करते हैं।

## वृक्षारोपण कर रखी नीव

बालोद दौरे के दौरान जिला सयुंक्त कार्यालय परिसर में गृहमंत्री ने नीम का पौधा रोपण किया उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन साहू ने भी पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कई हितग्राहियों को उपकरण भी प्रदान किया। जिसमें ऑटोमेटिक व्हीलचेयर इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर शामिल है। वहीं बिहान योजना से जुड़कर काम करने वाली महिलाओं को भी गृह मंत्री ने सम्मानित किया।

# मानव उत्थान सेवा समिति आध्यात्मिक प्रचार के साथ-साथ कई सामाजिक कार्य भी करती है



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

मानव उत्थान सेवा समिति आध्यात्मिक प्रचार के साथ-साथ कई सामाजिक कार्य भी करती है। जैसे मिशन मेडिसिन, मिशन एजुकेशन, ब्लड डोनेशन ,पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, आपदा पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराना आदि शामिल है। इसी क्रम में 14 जुलाई को निषाद समाज भवन दल्लीराजहरा में मिशन एजुकेशन के तहत डोनेशन बॉक्स लगाया गया द्य जिसमें निषाद समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शिक्षण सामग्री कॉपी, पेन, पेंसिल रबर दान किया। यह अभियान पिछले 8 वर्षों से लगातार पूरे भारतवर्ष में चल रहा है द्य इसका उद्देश्य सक्षम व्यक्तियों एवं संस्थाओं से दान लेकर सुदूर गांव अंचल में बसे जरूरतमंद बच्चों तक शिक्षण सामग्री पहुंचाना है ताकि वे भी पढ़ लिखकर समाज और देश की सेवा कर सके। इस अभियान के बारे में समिति के सदस्य कोमल पटेल ने विस्तार से जानकारी दिया।

कार्यक्रम को निषाद समाज अध्यक्ष घनश्याम पारकर, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशीराम निषाद एवं देवंतीन पारकर ने संबोधित करते हुए इस अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में निषाद समाज की महिला अध्यक्ष कल्याणी निषाद, कोषाध्यक्ष ढाल सिंह निषाद, जोहन निषाद, भागवत निषाद, रेखा पारकर, दीपक, देव प्रसाद एवं धर्मेंद्र निषाद उपस्थित थे।

समिति की ओर से शाखा प्रधान सुखुराम कोसमा, पी एल महेंद्र, नेतराम भारद्वाज, हितेश भारद्वाज, संतोष रावटे, यमुना रावटे, कुंती पटेल ने भाग लिया।

# शासकीय प्राथमिक विद्यालय पंडरदल्ली के सभी बच्चों को एक एक कॉपी और पेन वितरण किया



**दल्लीराजहरा।** महिला कमांडो वार्ड 07 के द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने हेतु पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी शासकीय प्राथमिक विद्यालय पंडरदल्ली के सभी बच्चों को एक एक कॉपी और पेन का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठिका किरण श्रीवास्तव, शिक्षक तुमेन्द्र कुमार साहू , शिक्षिका होमेश्वरी साहू ,महिला कमांडो समिति के अध्यक्ष पत्रिका बंजारे, कोषाध्यक्ष इंदिरा मानिकपुरी,सचिव मानो यादव सदस्य कुमारी मांडवी, रमला यादव, खिलेश्वरी साहू, बुधिया बाई, देवकी, जामुन बाई, मीना,पूर्णिमा, भानबाई, अंजनी बाई साहू, द्रोपति, बबिता, सावित्री, केसरी एवं शाला विकास समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# मारपीट कर लुटने वाले दो आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया



**बेमेतरा।** मारपीट कर लुटने वाले दो आरोपी को पुलिस ने पकड़ा इस संबंध में पुलिस ने बताया कि थाना बेमेतरा के अपराध क्रमांक 380/2024धारा 309(6),296,3(5)भारतीय न्याय सहिता के प्रकरण में घटना दिनांक 08/07/2024 को रात्रि करीबन 11/00 बजे घटना स्थल सिघौरी बेमेतरा मनसुख साहू के हॉटल के सामने प्रार्थी राजेश वर्मा पिता कोमल वर्मा उम्र 26वर्ष निवासी कंतेली के 1ां0 कंपनी के मोबाईल फोन को आरोपीगण 1नीलेश यादव ऊर्फ माफिया पिता फेरहा यादव उम्र 19वर्ष (2) नीरज देवांगन ऊर्फसिनु पिता दिनेश देवांगन उम्र 19वर्ष दोनों निवासी वार्ड 03 बेमेतरा लूट कर प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा माँगा नही देने पर आरोपीगण द्वारा प्रार्थी को गली गलौच कर मारपीट कर घायल कर दिया प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध क़ायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण के आरोपीगण को गिरफ्तर कर न्यायालय पेश किया जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया।

# 'मोहर्रम' के अवसर पर 17 जुलाई को शुष्क दिवस घोषित'

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा ने एक पत्र जारी किया जिसमें उन्होंने 17 जुलाई 2024 दिन बुधवार को ''मोहर्रम'' शुष्क दिवस घोषित करने के आदेश दिए हैं।

देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन नियम एवं अन्य बिंदुओं पर शासन निर्देश के बिंदु क्रमांक 16 (16.1) के अनुसार ''मोहर्रम'' दिनांक 17 जुलाई 2024 (बुधवार) को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त शुष्क दिवस में जिला बेमेतरा में स्थित समस्त देशी मदिरा दुकानें सी.एस.-2 (घघ), समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल.-1 (घघ),समस्त देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानें सी.एस. -2 (घघ-कम्पोजिट) एवं समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता) एवं एफएल, (ख-अहाता) को दिनांक 17 जुलाई 2024 (बुधवार) को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु एतद् द्वारा आदेशित किया जाता है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किये जाने आदेशित किया गया है।

# पूर्व विधायक अवधेश चंदेल जी के 58 वें जन्मदिन पर 58 पौधे लगा कर दी गई बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा के पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा के नेतृत्व में अपने सभी साथियों के साथ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल का 58 वें जन्मदिन पर नदी किनारे भागवताचार्य पंडित रामप्रताप महराज के आश्रम ग्राम बहरघट में 58 पेड़ लगाकर व केक काट कर पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के दीर्घायु सतायु जीवन उत्तम स्वास्थ्य की कामना किये भैया अवधेश चंदेल जी को जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं देने वालों में विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका,पंडित रामप्रताप शास्त्री जी भगवताचार्य, विकास तम्बोली जिला भाजपा मंत्री कार्यालय, वरिष्ठ नेता राकेश मोहन शर्मा हर्षवर्धन तिवारी जी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश साहू जी,संजीव तिवारी जी,नीलू ठाकुर पार्षद, सुनील राजपूत, मनोज मिश्रा गौरव साहू, गोलू कोसले, अमरीका निर्मलकर, संजय निषाद सहींत सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करें, लापरवाही बर्दाश्त नही: विजय शर्मा

## शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में पूरी की जाए

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री एंव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र एंव राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का सफ्ल क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित की जाए। जिससे कि शासन के मंशानुरूप आम जनता को उसका समुचित लाभ सुनिश्चित हो सके। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। विजय शर्मा जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली समीक्षा बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों एंव जिले के कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया, संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष प्रेमलता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### निर्धारित समयावधि में करें समस्या का निराकरण

बैठक में डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने जिला अस्पताल बालोद में डॉक्टरों एंव अधिकारी कर्मचारियों के निर्धारित समयावधि में उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु शुरू की गई बायो मेट्रिक व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे पूरे जिले के अस्पतालों में शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने राजस्व विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी स्थिति में उनके राजस्व संबंधी परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने इस कार्य मे लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने को कहा।

### शाला भवनों की स्तिथि की समीक्षा की

बैठक में उन्होंने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बच्चो को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु स्कुलो में जरूरी संसाधनों की उपलब्धता के अलावा शिक्षकों का समय पर एंव नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कुलो में बच्चो के अध्ययन अध्यापन की समुचित मोनिटरिंग एंव शिक्षकों की उपस्थिति सुनिशिचत कराने हेतु जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय के प्राथमिक शालाओ में सीसीटीवी कैमरा लगाने एंव शिक्षकों तथा कर्मचारियों का बायो मेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एंव जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा इसकी समुचित मॉनिटरिंग कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इस कार्य को एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आगामी समीक्षा बैठक में इस कार्य की समीक्षा करेगें। प्रभारी मंत्री ने जिले के शाला भवनों की स्थिति समीक्षा करते हुए जर्जर शाला भवनों को डिस्मेंटल किये जाने पर कक्षा संचालित करने हेतु की गई वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली।

### थाने में शौचालय की सुविधा हो उपलब्ध- शर्मा

बैठक में प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने मौजूदा मानसून सीजन के दौरान जिले में खाद बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने किसानों को समुचित मात्रा में उपलब्ध कराने हेतु जरूरी व्यवस्थाये सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने जिले के किसानों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग से अलग कर बालोद के लिए पृथक से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थापना प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी मशीन की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करा दी जाएगी। बैठक में उन्होंने कानून व्यवस्था के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था की स्तिथि सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। विजय शर्मा ने अपने काम के सिलसिले में थाने में आने वाले लोगो के लिए शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सामुदायिक शौचालय के निर्माण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधीक्षक एसआर भगत को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए।

### जल जीवन मिशन कार्य को जल्द करें पूरा

बैठक में विजय शर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन की भी समीक्षा की। उन्होंने बालोद जिले को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु स्वच्छता रैंकिंग में पूरे देश मे अग्रणी इंदौर शहर का निरीक्षण करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को निर्देशित किया। उन्होंने बालोद शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विजय शर्मा ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों के अन्तर्गत जमीन अधिग्रहण संबन्धी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। विजय शर्मा ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के कार्यो की समीक्षा करते हुए लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के संम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने जलजीवन मिशन के कार्यो को शीघ्र पूरा कराने तथा सभी घरो में पानी की समूचित आपूर्ति कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग को दी।

### कलेक्टर ने किया प्रभारी मंत्री का स्वागत

बैठक में डिप्टी सीएम ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, सहकारिता, वन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मछली पालन विभाग, अमृत सरोवर योजना, आयुष्मान कार्ड के कव्हरेज के साथ आदि योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में इन सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद जिले में आयोजित पहली समीक्षा बैठक में उपस्थित होने पर उनका स्वागत एंव अभिनंदन किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नोजे ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जिले की परिचयात्मक जानकारी एंव जिले में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की भी जानकारी ली।

# पुलिस अधीक्षक ने इंटर सेप्टर वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

श्री रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक जिला बेमेतरा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त इंटर सेप्टर वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया इंटर सेप्टर वाहन की विशेषता वाहन में अनेक प्रकार के यंत्र स्थापित किये गये। स्पीड राडारगन निर्धारित गति से तेज चलने वाले वाहनो की गति मापने के लिये बेथ एनालाईजर नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालको की हेतु, सर्विलांस कैमरा वाहनो की निगरानी हेतु, प्रकाश तीव्रता मापन यंत्र वाहन की तेज हेडलाईट की जॉच हेतु ग्लास पारदर्शिता यंत्र वाहन के ग्लास की पारदर्शिता मापने हेतु ध्वनि मापक यंत्र वाहन में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रो की आवाज मापने हेतु पीए सिस्टम यंत्र सुगम यातायात प्रबंधन हेतु दिशा निर्देश देने हेतु इंटर सेप्टर वाहन में लगे यंत्र का उपयोग कर तेज गति से वाहन चलाने वाले शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको पर लगातार कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर राजेश कुमार झा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कमल नारायण शर्मा उप पुलिस अधीक्षक बालक विरूद्ध अपराध उप निरीक्षक परवासी यादव यातायात प्रभारी बेमेतरा एवं यातायात स्टाफउपस्थित रहे।

# पति के चिता में पत्नी का जलकर सती होने की आशंका, चीता के पास कपड़ा, चप्पल और चश्मा मिला, पति की दाह संस्कार के बाद पत्नी देर रात घर से गायब, पुलिस जांच में जूटी





पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ के चक्रधर नगर थाना के चिटकाकानी में पति के मौत के बाद पत्नी की चिता में जलकर सती होने जैसा एक मामला सामने आया है। जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस सती हो जाने को नहीं मानकर गुम इंसान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक चक्रधर थाना क्षेत्र के चिटकाकानी में रहने वाला जयदेव गुप्ता 65 साल लंबे समय से कैंसर बीमारी से पीड़ित था। जहां कैंसर की वजह से कल उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसका शाम करीब पांच बजे अंतिम संस्कार किया गया। रात में 11 बजे के बाद उसकी पत्नी गुलापी गुप्ता 58 साल घर से कहीं चली गई। बाद में परिजनों को जब गुलापी के घर में नहीं होने की जानकारी हुई, तो उसकी तलाश की गई। तब परिजनों को उसका चप्पल, चश्मा व साड़ी पति के चिता के पास मिला। ऐसे में परिजनों का कहना है कि वह भी उसी चिता में जल कर उसकी भी मौत हो गई और वह सती हो गई।

## पुलिस जांच में जूटी

बताया जा रहा है कि मामले की सूचना मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस व फॉरेसिंग टीम मौके पर पहुंची। इस मामले में पुलिस पूछताछ करते हुए बारीकी से जांच करने में जूट गई। हरके पहलू में जांच किया जा रहा है कि आखिर मामला क्या है।

## चिता के पास मिला मां का सामान

मृतक के पुत्र सुशील गुप्ता ने बताया कि शाम को पिता का दाह संस्कार किया गया। रात में ग्यारह बजे के बाद मां घर से निकल गई और जब घर में काफी देर तक नहीं दिखी तो पता किया गया, पर आसपास वह नहीं थी। बाद में मुक्तिधाम में पिता के चिता के पास जाकर देखा गया, तो उसके चप्पल, साड़ी और चश्मा मिला। हमे आशंका है कि पिता के चिता में जलकर मां सती हो गई।

> चिटकाकानी में रहने वाले जयदेव गुप्ता की कैंसर से मौत के बाद कल शाम उनका दाह संस्कार किया गया। रात में उसकी पत्नी घर से निकल गई। परिजनों को आशंका है कि उसकी भी आग से जल कर मृत्यु हुई है। मामले में हर एंकल में जांच की जा रही है।
>
> -दिव्यांग पटेल
> एसपी रायगढ़

# नेशनल लोक अदालत में 17187 प्रकरणों की सुनवाई एवं 14777 प्रकरणों को किया निराकृत

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



इस वर्ष के द्वितीय नेशनल लोक अदालत में कुल 14777 प्रकरण निराकृत हुए तथा 1,78,65,040 (एक करोड़ अठहत्तर लाख पैसठ हजार चालीस रूपये)/ रही अवार्ड राशि वर्ष 2024 के द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय, एवं राजस्व न्यायालय, जिला मुगेली में किया गया। जिला न्यायालय मुंगेली में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ 10.45 बजे चन्द्रकुमार अजगल्ले, जिला न्यायाधीश मुंगेली द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा परिसर में उपस्थित एक वृद्ध महिला पक्षकार जो अपने आपसी विवाद के निपटारे हेतु उपस्थित हुई थी उनके हाथों से भी दीप प्रज्वलित कराकर पक्षकारों को आपसी सामन्जस्य एवं सौहार्दपूर्ण जीवन व्यतीत करने का संदेश पहुंचाया गया। नेश्ननल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में कुल 04 खंडपीठ तहसील न्यायालय लोरनी 01 खडपीठ तथा राजस्व न्यायालय में कुल 08 खंडपीठ का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में कुल 17187 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये है जिनमें से कुल 14777 प्रकरणों का निराकृत किया जाकर 1,78,65,040/- रूपये के राशि का अवार्ड पारित किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में बलराम देवांगन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के खण्डपीठ द्वारा ट्रेक्टर की किश्त पटाने को लेकर पिता पुत्र में वाद विवाद हुआ था जिसका आपसी समझौता के तहत् निराकरण किया गया।

## मोहर्रम के अवसर पर 17 जुलाई को शुष्क दिवस घोषित'

**मुंगेली।** मोहर्रम के अवसर पर 17 जुलाई को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने 17 जुलाई को 01 दिन के लिए जिले के समस्त देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ), देशी मदिरा की दुकानें सी.एस.-2(घघ कम्पोजिट) शॉप, विदेशी मदिरा दुकान एफएल-1 (घघ) की फुटकर दुकानें, सी.एस.-2(ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल-1 (ख-अहाता) तथा एफ एल. 3 होटल बार और होटल सिटी पैलेस बंद रखे जाने एवं जिले में स्थित आसवनी मेसर्स भाटिया वाईन मर्चे. प्रा.लि. धूमा में मदिरा परेषण का आयात-निर्यात व परिवहन पूर्णतः निषिद्ध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किये जाने के निर्देश दिए हैं।

# गोल्डन एरा कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में एक पौधा मां के नाम से कार्यक्रम हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com




पूरे प्रदेश भर में पौधारोपण कार्यक्रम जो शोर से मुहिम चलाए जा रहा हैं। ताकि कि गर्मियों के मौसम में पेड़ पौधे लगाने से गर्म हवाओं से राहत मिल सके। क्योंकि मनुष्यों का जीवन प्राकृतिक संरचनाओं के रूप में हैं। वहीं एक पौधा मां के नाम से गोल्डन एरा कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूकूल चांपा के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं के द्वारा कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा एक पौधा मां के नाम से लगाने मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। स्कूल की छात्र छात्राओं के द्वारा एक पौधा माँ के नाम से एक-एक पौधा अपने घरों के आंगनों में पौधारोपण करने के लिए तत्पर दिखाई दिए गोल्डन एरा कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल चांपा के शिक्षकों के द्वारा फलदार वृक्ष जैसे अमरूद का पेड़ जामुन का पेड़ आम का पेड़ नीम का पेड़ बरगद का पेड़ अन्य फलदार पौधे दिए गए। ताकि अपने घरों के आंगनों में पौधारोपण कर सके गोल्डन एरा कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर निकुंज मसीह ने कहा कि मनुष्य के जीवन कई वर्षो से प्राकृतिक पेड़ पौधे के स्वरूप में डाला हुआ है हमें पौधारोपण करने की आवश्यकता है। ताकि हमें प्राकृतिक पेड़ पौधे वृक्ष के साथ हमेशा ही तालमेल रखने की आवश्यकता है वहीं प्रिंसिपल शैलेजा बाजपेयी का कहना हैं कि जिस तरह आज पूरे प्रदेश पर पेड़ों की कटाई की जा रही है जिससे प्राकृतिक संतुलन धीरे-धीरे बिगड़ रही है हमें संतुलन बनाकर रखनी चाहिए।

# गाड़ी की डिक्की से 80 हजार रूपए की उठाईगिरी

- कोतवाली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े घटना को दिया गया अंजाम, लगातार घटित हो रही घटनाएं

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनदहाड़े एक उठाईगिरी का मामला सामने आया है। जिसमें छात्र के गाड़ी की डिक्की से 80 हजार रूपए को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया है। घटना के बाद मामले की सूचना पर पुलिस आगे की जांच में जूटी है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक राजीव नगर कोतरारोड क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा छात्र ओमकर साहू घरेलू काम के लिए आईडीएफसी बैंक से 90 हजार रूपए निकाले। 10 हजार रूपए अपनी जेब और 80 हजार रूपए अपने स्कुटी के डिक्की में रखा था। इसके बाद कार्मेल स्कूल के सामने स्कूटी गाड़ी खड़ी कर आधार कार्ड का कापी कराया फिर ईसाफ बैंक जगतपुर गया। बैंक के बाहर स्कुटी खड़ी कर बैंक जाकर 95000 रूपए निकाल कर वापस आया और रूपए रखने स्कुटी वाहन की डिक्की खोला तब देखा कि पहले के रखे 80,000 रूपए वाहन की डिक्की में नहीं है। मामले की सूचना दो दिन बाद पीड़ित ने थाना में दी। जहां पुलिस मामले में अपराध कायम कर आगे की जांच में जूट गई है।

## ग्राम फरसवानी में नवा सौगात मितानिन राशि योजना कार्यक्रम हुआ संपन्न

**कोरबा।** नवा सौगात मितानिन राशि योजना कार्यक्रम का आयोजन फरसवानी स्वास्थ्य केंद्र में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झाम लाल साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा व पूर्व जनपद सदस्य उपस्थित थे। प्रदेश भर की मितानिनों को प्रोत्साहन राशि अब समय पर एक साथ मिलेगी। भाजपा सरकार द्वारा मितानिनों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान डीबीटी ऑनलाइन किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मितानिनों को ऑनलाइन प्रोत्साहन राशि दिए जाने की व्यवस्था का शुभारंभ किया है। मुख्य अतिथि साहू ने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य विभाग मे सहयोग करने वाले जमीनी स्तर की कार्यकर्ता हैं।

# कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग



पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

बीती रात कोरबा के मध्य मुख्य मार्ग में रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने संचालित प्रतीष्ठित दुकान डिलाइट क्लॉथ में गत रात्रि लगभग 10:20 बजे आग लगने की घटना घटित हो गई। बताया जा रहा हैं की जिस वक्त यहां आग लगी, दुकान बंद हो चुकी थी और संचालक सहित कर्मचारी घर जा चुके थे। एकाएक आग लगने की सूचना फैलते ही आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गई और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। कोतवाली पुलिस और दमकल वाहन भी पहुंच आग बुझाने का प्रयास करने लगे।जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान के ऊपरी मंजिल से लगी है। दुकान के सामने से हाई टेंशन तार गुजरी हुई है और यहां पेड़ की डालियां भी लटकी हैं। ऐसी चर्चा है कि तार में आपस में शॉर्ट सर्किट होने से उत्पन्न चिंगारी के संपर्क में दुकान की सजावट के लिए उपयोग में लगाई गई ज्वलनशील सामग्री का संपर्क होने से आग बढ़ गई और दुकान के अंदर तक फैल गई है। बड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया।

# सहारा निवेशकों ने भुगतान को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से चर्चा की



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

सहारा निवेशकों ने भुगतान को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से चर्चा की। इस दौरान सहारा पीड़ित जमाकर्ता एवं कार्यकर्ता कल्याण संघ के लोगों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश व मुंगेली जिले के सभी जमाकर्ताओं को जल्द पोर्टल की जटिल प्रक्रिया को सरल करते हुए शीघ्र भुगतान करवाने की मांग की गई है। साथ ही आवश्यक सुझाव भी 05 बिंदुओं पर प्रदेश संगठन ने सौंपा है। संगठन ने केंद्रीय राज्य मंत्री साहू से इस प्रक्रिया को शीघ्र कराने की मांग की है। इस अवसर पर अजय देवांगन, पवन जायसवाल, सुरेश जाय सवाल, बृजेंद्र नामदेव, देवेंद्र साहू, राकेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी केन्द्र भवन में घुसे सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



लोरमी विकासखण्ड के ग्राम नवागांव (जैत) में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन में घुसे सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया। गौरतलब है कि 11 जुलाई को आंगनबाड़ी भवन में सांप को देखकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने जिला प्रशासन द्वारा संचालित कॉल सेंटर के हेल्पलाईन नम्बर पर सम्पर्क किया, जिसके पश्चात वन क्षेत्रपाल ने 01 घंटे के भीतर वहां पहुंचकर सांप का रेस्क्यू कर लिया। इसी तरह नगर पालिका लोरमी के वार्ड क्रमांक 09 तथा 12 में भी सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया। आवेदकों ने इसके लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है। बता दें कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आमलोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टोरेट में कॉल सेंटर की स्थापना की गई है। इस कॉल सेंटर के हेल्पलाइन नंबर 9406275513, 9406275534, 9406275514, 8641002203 पर कोई भी व्यक्ति सम्पर्क कर अपनी शिकायतें और समस्याओं को दर्ज करा कर उचित समाधान प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही जिले में बारिश के दिनों में घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू एवं बाढ़ में फंसे लोग भी हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं। कॉल सेंटर में अभी तक कुल 05 हजार 591 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिसमें से 05 हजार 524 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

# भोथिया में मीडिया कार्यालय का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत तहसील कार्यालय भोथिया में होने के वजह से वहां पर मीडिया कार्यालय का उद्घाटन हमारे क्षेत्र के विधायक मान्य बालेश्वर साहू के कल कमलो से हुआ। जहां पर पूर्व विधायक चैन सिंह सामने एवं पूर्व विधायक केशव प्रसाद चंद्रा एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार चंद्रा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उमाशंकर चंद्रा, बोध सिंह चंद्रा, अशोक चंद्रा, घासीराम यादव अनेक नेताद्वय उपस्थित रहे जयजयपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि मीडिया ही ऐसा है जो जनता तक आवाज पहुंचाती है तथा सभी अधिकारी, कर्मचारी, नेताओं तक उनकी आवाज जाती है जिसे मीडिया को चौथा स्तंभ कहा गया है उन्ही की देंन है। उन्होंने कहा कि हमने कलेक्टर से यहां के क्षेत्र के विकास के बारे में छपोरा एवं भोथिया में महाविद्यालय खोला जाएगा तथा यहां की सड़क की हालत जर्जर होने कारण बरसात में उन्हें रिपेयरिंग करने की अपेक्षा किये। छात्रों को हित को देखते हुए जाति, निवास, आमदनी के लिए भी कलेक्टर महोदय को निवेदन किया गया है क्योंकि हल्का के पटवारी आंदोलन पर हैं इसका रास्ता निकालना का आग्रह किया गया और पानी के लिए भी बताया गया कि आप लोग 2 महीना पहले डलवा फसल के लिए पानी की मांग करें ताकि यहां पर पानी की सुविधा किसानो को मिल सके पूर्वविधायक माननीय केशव प्रसाद चंद्रा ने कहा कि यह क्षेत्र में मैं 10 वर्षो तक विधायक रहा जो उन्ही की दें है जो आज भोथिया को तहसील का दर्जा प्राप्त हुआ पूर्व विधायक चैन सिंह सामने ने कहा कि 10 वर्ष गुजर गए लेकिन यहां पर विकास नहीं हो पाया पहले की अपेक्षा और जर्जर हो चुकी है।

यहां पर सर्वप्रथम मां सरस्वती बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं महात्मा गांधी की तैलचित्र पर पुष्प माला से स्वागत किया गया मीडिया का कार्यालय का रिबन काट कर विधायक महोदय ने उद्घाटन किया तथा आदमकद गांधी बाबा की स्टैचू पुष्पमाला अर्पण करने के बाद सभी अतिथियों ने अपना पवक्तय रखें तथा मीडिया के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष उमाशंकर चंद्रा जी नै सभी अतिथियों एवं पत्रकारों का आभार प्रदर्शन किया।

**सभी वरिष्ठजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी**

# अरुण साव ने जिले के ग्राम रामगढ़ में आनंदाश्रम परिसर में नव निर्मित सियान सदन भवन का लोकार्पण किया




पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव ने जिले के ग्राम रामगढ़ में आनंदाश्रम परिसर में नव निर्मित सियान सदन भवन का लोकार्पण किया और सभी वरिष्ठजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री साहू ने कहा कि वरिष्ठजन हमारे समाज के गौरव हैं। उनके मार्गदर्शन को आत्मसात करते हुए हम सब अपने समाज और देश का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने रामायण के चैपाई के माध्यम से वरिष्ठजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि इस संसार पर सबसे बड़े भगवान हमारे माता-पिता और गुरु हैं। आज हम जहां भी पहुंचे है, ये सब उन्हीं का आशीर्वाद का फल है। यदि किसी घर में वरिष्ठ लोगों की बात सुनकर युवा का मन प्रफुल्लित हो जाए, तो समझ लो वहां रामराज आ गया। हमें वृद्धजनों का हमेशा सम्मान करना चाहिए।

## वरिष्ठजनों के अनुभव का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले : उप मुख्यमंत्री साव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि रामगढ़ में नवनिर्मित सियान सदन भवन का लोकार्पण हुआ है। अब हमारे वरिष्ठजन यहां पर विभिन्न गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से संचालित कर सकेंगे। वरिष्ठजनों के पास जो अनुभव का खजाना है, उसका लाभ हमारे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का दिन उनके लिए बहुत खास है, क्योंकि वे जिनके हाथों को पकड़कर चलना और पढ़ना सीखे, आज सभी वरिष्ठजन यहां मौजूद हैं। उन्हीं के आशीर्वाद से वह इस मुकाम तक पहुंचे है। उन्होंने सियान सदन परिसर में ट्यूबवेल कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही वरिष्ठजनों की मांग पर हर सम्भव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। अब मुंगेली की धरती से डबल इंजन हो गया है और तेजी से काम करेंगे।

## समाज के सभी वर्ग के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत : कलेक्टर

कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा समाज के सभी वर्ग के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में वरिष्ठजनों के लिए सियान सदन भवन का लोकार्पण किया गया है। यह आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रप्रकाश देवरस ने वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने, रेलवे में छूट और सीनियर सिटीजन के लिए ग्राम पंचायत की भूमिका बढ़ाने की मांग की। जिला संघ के अध्यक्ष धनेश सोलंकी ने सियान सदन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और कहा कि इसकी मांग काफी वर्षों से थी, यह प्रयास कलेक्टर के कार्यकाल में पूरा हुआ है। इससे संघ के कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने वरिष्ठजनों के लिए आयोग का गठन और रायपुर में भवन की मांग की। संघ के सचिव प्रमोद पाठक ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, भवन निर्माण में सहयोगी सरपंच व प्रतिनिधि के साथ भवन निर्माण में योगदान देने वाले मजदूर साथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्य म का संचालन नीलकंठ तिवारी ने किया।

## 20 लाख रुपए की लागत से बनाया गया सर्वसुविधायुक्त सियान सदन भवन

बता दें कि लगभग 20 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त सियान सदन भवन बनाया गया है। जिसमें एक हाल, दो कक्ष और दो शौचालय शामिल है। कार्यक्रम में आनंदाश्रम के 17 वृद्धजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं संबंधित अधिकारीगण, नगर पालिका मुंगेली के उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, बी. आर. साव ट्रस्ट के अध्यक्ष विनय गुप्ता, गणमान्य नागरिक शैलेष पाठक, लववीर गुप्ता, विनोद पाठक, सुनील पाठक, सईद खान, मोहन भोजवानी, वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सिस्टम के लाचार व्यवस्था के चलते सरकारी जमीन पर निजी कब्जा

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिला शुरुआत से वी आई पी जिला के नाम से प्रदेश में अपना अलग स्थान बना लिया है। कबीरधाम जिला का अपना खुद का अलग ही वजूद है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियो कर्मचारियों के अनदेखी या लाचार व्यवस्था के चलते हजारों एकड़ जमीन पर निजी कब्जा है। नियमानुसार जिस जमीन पर सरकारी धन का उपयोग या मुआवजा मिलने के बाद जमीन मालिक का मालिकाना हक़ खत्म हो जाता है लेकिन कबीरधाम जिला में ऐसा नही हो रहा है और बकायदा खरीदी बिक्री हो रहा है।

**सरकारी जमीन पर निजी कब्जा** - कबीरधाम जिला का गठन 06 जुलाई 1998 में हुआ था तब से लेकर आज तक बहुत से निजी जमीन पर सरकारी योजनाओं के तहत निर्माण कार्य हुआ है । छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने जल स्तर में सुधार के लिए जोगी डबरी नाम से योजना का संचालन किया जिसके तहत कोई भी किसान अपने निजी जमीन पर पच्चीस हजार रुपए शासन से अनुदान प्राप्त कर डबरी बनवा सकता था उक्त योजना से जिले के हजारों किसानों ने शपथ पत्र लिखकर अपने जमीन में डबरी का निर्माण किया है लेकिन आज तक किसी भी किसान का डबरी सरकारी अभिलेख के नकसा में दर्ज नहीं है। जिसके चले निजी उपयोग किया जा रहा है।

**पंचायतों में सरकारी खजाना से बना भवन**-छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद सभी गांवों में पंचायत भवन, स्कूल, अस्पताल, आंगनवाड़ी केन्द्र, सामूदायिक भवन सहित तरह तरह तरह के सरकारी भवन देखने को मिलते हैं। उक्त भवनों में नागरिक सूचना पटल और भूमिपूजन, लोकार्पण का शीला लेख भी लगा रहता है जिसमे विभिन्न मद से व्यय राशि का उल्लेख किया गया है लेकिन गावो के राजस्व नक्शा में उक्त भवन का उल्लेख नहीं है ।कुछ भवनों का निजी कब्जा कर लिया जाता है । सरकारी रिकार्ड में संशोधन नही होने के कारण अधिकारी कब्जाधारियों पर किसी भी प्रकार का कोई कार्यवाही नहीं कर सकता।

**निस्तारी जमीन पर हो रहा है कब्जा** -गावो में आवागमन की सुविधा को लेकर ग्रामीण निजी जमीन को सड़क, नाली ,भवन, स्कूल, अस्पताल सहित अन्य उपयोग के लिए दान पत्र लिख देते है और तत्काल उक्त जमीन पर सरकारी धन व्यय भी किया जाता है। कुछ वर्षो के बाद दान दाता के मौत होने के बाद उसके वारिसो ने उस पर कब्जा कर लेते है। जिसके चलते निस्तारी की समस्या होता है और शासन प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं।

**सबसे ज्यादा जल संसाधन विभाग पर कब्जा**-कोई भी गांवो में नहर नाली , जलाशय का निर्माण किया जाता है उससे पहले संबंधित प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है और उसके जमीन को अधिग्रहीत किया जाता है द्य विभाग किसानो को मुआवजा देने के बाद भूल जाता है जिसके बाद किसान अपना निजी जमीन समझकर खरीदी बिक्री भी करते रहता है।

**नक्शा सुधारने की मुहिम चलाने की जरूरत**-जिला गठन से लेकर आज तक जितने भी निजी जमीन पर सरकारी धन व्यय किया गया है उसका रिकार्ड खंगाल कर अपडेट करने की आवश्यकता है जिससे सरकारी जमीन की रकबा में बढ़ोतरी होगी और लोगो की निस्तरी की समस्या भी दूर होगा साथ ही गावो में हो रहे विवादो से भी मुक्ति मिलेगा । उक्त कार्य के लिए एक अभियान चलाने की जरूरत भी है ।

# मैनपुर में मलेरिया से छात्र के मृत्यु के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया स्पष्टीकरण

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मैनपुर में मलेरिया से विशेष पिछड़ी जनजाति कमार छात्र के मृत्यु के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्टीकरण जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद डॉ. गार्गी यदु पाल ने बताया कि ग्राम गिरहोला (आश्रित मोहल्ला दर्रीपारा) के छात्र भुवेन्द्र कुमार सोरी, पिता पुनीतराम सोरी, उम्र 07 वर्ष, ग्राम गिरहोला (आश्रित मोहल्ला दर्रीपारा) का पिछले 02 दिनों से बुखार पीड़ित होने की सूचना मिलने पर ग्राम के मितानित मेहतरीन ओटी द्वारा आर.डी. टेस्ट किट से जांच किया गया। जिसमें पी.एफ पॉजिटिव रिजल्ट दिखने पर तत्काल आयुष्मान आरोग्य मंदिर देहारगुडा में प्रातः 11 बजे ले जाकर सीएचओ द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं हीमोग्लोबिन जांच किया गया। जिसमें हिमोग्लोबिन की मात्रा 5.1 ग्राम आने पर एवं बच्चे में पालर लक्षण दिखने पर मलेरिया का उपचार के लिए एसीटी कीट (05 से 08 वर्ष) की प्रथम खुराक बिस्कीट एवं गुड़ खिलाया गया तथा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के लिये प्रातः 11:30 बजे रिफर किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि परिजनों के द्वारा बच्चा का दवा सेवन करने के बाद थोडा अच्छा महसुस करने के कारण कुछ देर बाद मैनपुर अस्पताल ले जायेंगे कहकर बच्चे को साथ लेकर अपने घर चले गये। इसके उपरांत भी मितानिन द्वारा बच्चे के घर जाकर प्रत्येक दो घंटे में फालोअप कर स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही थी तथा मितानिन द्वारा बार-बार उन्हें मैनपुर अस्पताल ले जाने कहा गया। किन्तु बच्चे के माता-पिता थोड़ी देर बाद ले जायेंगे कहकर समय टालते गये।

## वेविन ने भारत के टी20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया

**नई दिल्ली।** ऑर्बिया बिज़नेस एवं इनोवेटिव पाईपिंग समाधानों और एडवांस्ड वॉटर मैनेजमेंट सिस्टम्स में ग्लोबल लीडर, वेविन ने भारत के लिए रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है, जिन्होंने हाल ही में देश को टी20 वर्ल्ड कप दिलाया। 60 सालों से ज्यादा समय के अनुभव के साथ वेविन उसी प्रकार परफॉर्मेंस और ड्यूरेबिलिटी के मानक स्थापित करता है, जैसे भारत के कप्तान और हिटमैन रोहित शर्मा करते हैं। वेविन पाईपिंग और वाटर स्टोरेज/मैनेजमेंट के विस्तृत समाधान प्रदान करता है। यह पिछले कुछ सालों से भारत में अपना काफी विस्तार कर चुका है। इसने विकसित होते देश की जरूरतों को पूरा करते हुए उद्योग के लिए मानक स्थापित कर दिए हैं। भारत में कंपनी दो ब्रांड्स, वेविन और वेक्टस पाईप्स का संचालन करती है और अपने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के उत्पादों द्वारा देश में ड्रेनेज और प्लम्बिंग की समस्याओं का समाधान करती है। कंपनी के पास शोध एवं विकास का दशकों पुराना इतिहास है। रोहित शर्मा और वेविन के बीच गठबंधन देश की जनता के साथ अपना जुड़ाव बढ़ाने के कंपनी के उद्देश्य के अनुरूप है, साथ ही, कंपनी रोहित शर्मा के करियर और छवि का प्रदर्शन करने वाली उत्कृष्टता की ओर अपनी प्रतिबद्धता को उजागर करना चाहती है।



# CMF फोन 1, CMF बड्स प्रो 2 और CMF वॉच प्रो 2 की बिक्री आज दोपहर से होगी शुरू

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



लंदन की टेक्नोलॉजी कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड CMF ने भारतीय समय के अनुसार दोपहर 12 बजे से बहुप्रतीक्षित CMF फोन 1, CMF बड्स प्रो 2 और CMF वॉच प्रो 2 की बिक्री शुरू करने की घोषणा की है। CMF फोन 1-CMF फोन 1 अपने सेगमेंट की सबसे बेहतरीन पर्फोर्मेंस प्रदान करता है। यह भारत का पहला फोन है जिसमें मीडियाटेक डाइमेंशन 7300 5% प्रोसेसर दिया गया है। इस फोन को तेज़, भरोसेमंद और कुशल पावर जैसी खूबियों के साथ नथिंग के साथ मिलकर तैयार किया गया है। 5000 mAh की बैटरी के साथ, यूजर्स इस फोन को एक बार चार्ज करने पर दो दिन तक इसका उपयोग कर सकते हैं। 16 GB तक की रैम के साथ, आप इससे बहुत ही स्मूथ मल्टीटास्किंग का मजा उठा सकते हैं। यह फोन नथिंग OS 2.6 पर चलता है, जो बहुत ही यूनीक और कस्टमाइज करने योग्य एंड्रॉयड अनुभव प्रदान करता है। इसके दमदार कैमरा सिस्टम में सटीक बोकेह इफेक्ट के लिए एक डेडिकेटेड पोर्ट्रेट सेंसर के साथ सोनी 50 MP रियर कैमरा और 16 एमपी फ्रंट कैमरा दिया गया है। इसमें आसानी से उपयोग करने के लिए चमकदार 6.67 इंच सुपर एमोलेड डिस्प्ले में एक अल्ट्रा-स्मूथ 120 हर्ट्ज एडेप्टिव रिफ्रेश रेट दी गई है।

CMF वॉच प्रो 2 -यह एक वर्सटाइल और स्टाइलिश स्मार्टवॉच है, इसमें एक इंटरचेंजेबल बेज़ल डिज़ाइन, 1.32'' एमोलेड ऑलवेज-ऑन डिस्प्ले है जो हाई रिज़ॉल्यूशन प्रदान करता है। इसके साथ ही इसमें 100 से अधिक वॉच फेस कस्टमाइज़ेबल विकल्प भी दिए गए हैं। यह 120 से ज्यादा स्पोर्ट्स मोड और 5 स्पोर्ट के ऑटोमेटिक रिकॉग्निशन को सपोर्ट करता है। इसमें चौबीसों घंटे हेल्थ मॉनीटरिंग, ब्लूटूथ कॉल, म्यूजिक कंट्रोल और नोटिफिकेशन एवं रिमोट कैमरा कंट्रोल जैसे इंटेलिजेंट फीचर्स भी दिए गए हैं। IP 68 वाटर एवं डस्ट रजिस्टेंस के साथ, यह एक एक्टिव लाइफस्टाइल सपोर्ट करती है।

# जिला प्रशासन की तत्परता से अन्नपूर्णा, शारदा एवं प्रमिला को मिली अनुकंपा नियुक्ति

## कलेक्टर अग्रवाल ने तीनों को नियुक्ति पत्र सौंपकर दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन की त्वरित एवं संवेदनशील पहल से मती शारदा पटेल, प्रमिला कुर्रे एवं सु अन्नपूर्णा ध्रुव को अनुकंपा नियुक्ति मिल गई है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने तीनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए निष्ठा एवं लगन से शासकीय सेवा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति मिलने से तीनों ने खुशी जताते हुए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। शारदा, प्रमिला एवं अन्नपूर्णा को भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य शासन की नीति के तहत त्वरित पहल से नौकरी मिल गई है। जिससे आर्थिक समस्याओं को दूर करने एवं परिवार के पालन पोषण में सहायक होगी। उल्लेखनीय है कि शासन के प्रावधानों के तहत कलेक्टर अग्रवाल ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। इसी के तहत अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। ग्राम देवरी जिला जांजगीर चांपा की रहने वाली शारदा पटेल ने बताया कि उनके पति व्याख्याता के रूप में हायर सेकेण्डरी स्कूल अकलवारा में पदस्थ थे। उनके निधन के बाद भृत्य पद के रूप में शासकीय हाईस्कूल लोहझर में नियुक्ति मिली है। उन्होंने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति मिलने से परिवार के पालन पोषण एवं देखरेख में सहायता मिलेगी। साथ ही भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इसी प्रकार मचेवा जिला महासमुंद की रहने वाली मती प्रमिला कुर्रे के पति शिक्षक एलबी के रूप में शासकीय मीडिल स्कूल गुड़ेमा में पदस्थ थे। उनके निधन के पश्चात उन्हें भृत्य के रूप में शासकीय हाईस्कूल सेमरा में अनुकंपा नियुक्ति मिली।

# विप्र कॉलेज का आज 29 वां स्थापना दिवस समारोह






पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन शिक्षण समिति द्वारा संचालित विप्र महाविद्यालय का 29 वां ÷स्थापना दिवस समारोह16 जुलाई को परिसर स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में सुबह 10:30 बजे आचार्य ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद जी महाराज (प्रमुख शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर) के सानिध्य में मोदक अर्चन , दूब अर्चन एवं हवन-पूजन मंत्रोच्चार और वैदिक रीति रिवाज से संपन्न होगा। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र महाविद्यालय का 29 वां स्थापना दिवस, विप्र पब्लिक स्कूल का सातवां स्थापना दिवस एवं सिद्धिविनायक मंदिर का छठवा स्थापना दिवस समारोह धूमधाम के साथ विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, समिति के समस्त संचालक गण एवं विप्र समाज के वरिष्ठ नागरिकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

# 30 जुलाई को लॉन्च हो रहे रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी में एआई के साथ अल्ट्रा क्लियर कैमरा और मोनेट से प्रेरित डिज़ाईन होगा

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




भारतीय युवाओं का सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी 30 जुलाई, 2024 को भारत में रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च कर रहा है। इस स्मार्टफोन में मोनेट से प्रेरित सुंदर डिज़ाईन है और यह रियलमी की ओर से पहला एआई प्रोफेशनल कैमरा फोन होगा। बहुप्रतीक्षित रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी के डिज़ाईन के लिए रियलमी ने म्यूज़ियम ऑफफाईन आर्ट्स, बोस्टन (एमएफए) के साथ गठबंधन किया है। इस सीरीज़ में रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो+ 5जी शामिल हैं। यह मोनेट से प्रेरित अद्वितीय सुंदरता का प्रदर्शन करती है। यह मोनेट गोल्ड, मोनेट पर्पल, और एमराल्ड ग्रीन कलर विकल्पों में उपलब्ध है। इस गठबंधन द्वारा कला व टेक्नोलॉजी का बेहतरीन फ्यूज़न किया गया है। रियलमी ने मोनेट की उत्कृष्ट कृतियों - ''हे-स्टैक्स'' और ''वाटर लिलीज़'' से प्रेरणा ली है। मिराकल शाईनिंग ग्लास के साथ ये डिवाईस मोनेट की कृतियों के लाईट एवं शैडो इफेक्ट को प्रदर्शित करती हैं, इसलिए बिल्कुल पोर्टेबल कलाकृतियों की तरह दिखाई देती हैं।

भारत में रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी का लॉन्च स्मार्टफोन उद्योग में एक नई लहर लेकर आएगा। सोनी के साथ गठबंधन में 2024 का यह दूसरा नंबर सीरीज़ लॉन्च रियलमी की ओर से डीएसएलआर कैमरे जैसी क्षमताओं वाला पहला एआई प्रोफेशनल कैमरा फोन पेश करेगा। इसके कैमरा सिस्टम में ड्युअल सोनी सेंसर, सोनी लाईट-701 और लाईट-600 शामिल हैं, जो हाई डायनामिक रेंज के फोटो, रात में स्पष्ट शॉट, ऑप्टिकल जूम, और डिजिटल सुपरजूम जैसी क्षमताएं प्रदान करते हैं। एआई अल्ट्रा-क्लैरिटी फीचर और एआई हाईपर-रॉ एलगोरिद्म की मदद से इमेज की क्लैरिटी और डायनामिक रेंज काफी बढ़ जाती है।

# नगर निगम की टीमो ने विधानसभा मार्ग, फुण्डहर आदि मार्गो के दुकानदारों से संपर्क कर सहयोग करने किया आव्हान



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आवारा मवेशियों को मार्गो से धरपकड़ करने हेल्प लाईन नंबर 6269066630 या 6269066612 जनसुविधा हेतु जारी किये गये है। नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के तहत विधानसभा मार्ग और सफायर ग्रीन आवासीय परिसर क्षेत्र के समीप एवं आस पास की दुकानों और जोन 10 क्षेत्र के तहत फुण्डहर मार्ग व्हीआईपी रोड के आस पास के दुकानदारों को पत्र में हेल्प लाईन नंबर की जानकारी देकर आवारा मवेशियों की धरपकड हेतु सहयोग देने का आव्हान नगर निगम जोन 9 एवं जोन 10 की टीमो ने जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय, रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता पदमाकर वास, दिनेश सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू, पुरन तांडी की उपस्थिति में किया है। नगर निगम रायपुर द्वारा नागरिको से आव्हान किया गया है कि सडक पर आवारा मवेशी दिखें तो कृपया 6269066630 या 6269066612 नंबर पर संपर्क करें ताकि उन जगहों से मवेशियों को हटाकर यातायात को सुगम बनाकर किसी भी तरह की परेशानी को रोका जा सके। नगर निगम की टीमो ने रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार जोन 9 एवं जोन 10 के जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में आवारा मवेशियों की धरपकड को लेकर हेल्प नंबर की जानकारी देते हुए विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों के मार्गो के दुकानों के संचालको को पत्र देकर जागरूक बनाया एवं उनसे इसमें सहयोग देने का नगर हित में आव्हान किया।

# OPPO इंडिया ने Reno12 5 G सीरीज़ लॉन्च की; एआई फोन की उपलब्धता आसान बनाई

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




OPPO इंडिया ने रेनो 12 सीरीज़ लॉन्च की। यह देश में एआई फेन की उपलब्धता बढ़ाने की ओर कंपनी का पहला कदम है। रेनो 12 सीरीज़ ''आपकी दैनिक सहयोगी'' है। इसमें एआई इरेज़र 2.0, एआई क्लियर फेस, और स्मार्ट इमेज मैटिंग 2.0 जैसी खूबियाँ हैं, जो बिना किसी जटिल इमेज एडिटिंग के बेहतरीन और मनोरंजक फोटो प्रदान करती हैं। इस डिवाईस में एआई टूलबॉक्स दिया गया है, जो गूगल जेमिनी एलएलएम द्वारा पॉवर्ड है। इसमें टूलबॉक्स में एआई राईटर, एआई समरी, एआई स्पीक आदि हैं, जिनसे दैनिक उत्पादकता बढ़ती है। Reno12 Pro 5% दो वैरिएंट में उपलब्ध होगा। इसका 12जीबी+256जीबी का वैरिएंट 36,999 रु. में और 12जीबी+512जीबी का वैरिएंट 40,999रु. में मिलेगा। रेनो12 5जी का मूल्य 32,999रु. होगा और यह 8जीबी रैम एवं 256जीबी स्टोरेज के वैरिएंट में आएगा। Reno12 Pro 5% की सेल भारत में 18 जुलाई को शुरू होगी और Reno12 Pro 5% 25 जुलाई से OPPO e-Store, Flipkart, और सभी मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स पर मिलना शुरू होगा। इस लॉन्च के बारे में पीटर डोह्युंग ली, हेड ऑफ प्रोडक्ट स्ट्रेट्जी, OPPO ने कहा, ''रेनो 12 सीरीज़ OPPO की एक बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ हमने एआई फोन को अपनाने में तेजी लाई है। रेनो सीरीज़ में OPPO की आधुनिक जेनएआई क्षमताएं, फ्यूचरिस्टिक फ्लुड डिज़ाईन, और अतुलनीय एनर्जी एफिशियंसी दी गई हैं, जिनसे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। हमारा मानना है कि एआई से मोबाईल डिवाईस और ज्यादा व्यक्तिगत एवं इन्ट्यूटिव बनेंगी।

## सुशील सन्नी अग्रवाल पहुंचे जसगीत एवं झाकी कार्यक्रम में

**रायपुर।** छिर्रापारा, भाठागांव रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय दो दिवसीय जसगीत एवं झाकी प्रतियोगिता, जय मां दंतेश्वरी परमानंद ज्ञान सुधा सेवा एवं फग मंडली के द्वारा किया गया जिसमे छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल सम्मिलित हो कर माँ दंतेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि मंडली द्वारा हर साल जसगीत एवं झाकी का आयोजन किया जाता है जिससे जनता में उत्साह और मनोरंजन के साथ साथ माता के भजन करने का भी मौका मिलता है।

**कोरबा के बिजलीघरों को पुनःसंचालित करने बांगो से भेजा गया पॉवर**

# स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर से किया गया ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुर्नसंचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि आपात स्थिति में पॉवर प्लांट के ब्लैक आऊट होने पर कोरबा पश्चिम के बिजली संयंत्रों को शुरू करने हेतु लगभग 43 मिनट में जल विद्युत संयंत्रों से बिजली पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। 12 जुलाई को यह मॉक ड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं उत्पादन कम्पनी के प्रबंध निदेशक क्रमशः आर0 के0 शुक्ला तथा संजीव कुमार कटियार की उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ । इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुसार साल में एक बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है। इस दौरान डंगनिया स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर में कार्यपालक निदेशक सर्व के0 एस0 मनोठिया एवं एम0 एस0 कंवर, मुख्य अभियंता के0 के0 भगत, अतिरिक्त मुख्य अभियंता मती शारदा सोनवानी, राकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता मनोज राय, संजय चैधरी, अभिषेक जैन , संजय वैद्य, एम0 नायक, मती माया नायर, मती पुष्पा पिल्लई कार्यपालन अभियंता जी0पी0सिंह, धर्मजीत भट्ट, मनोज रावटे, सु सुदेशना पॉल, नमिता विभा लकरा, अवनीश जोशी, सहायक अभियंता केतन मिश्रा, विन्ध्याचल गुप्ता, प्रीति गुप्ता, जुवेना गोम्स, रेखा शर्मा, संदीपा देवॉगन, कनिष्ठ अभियंता शुभम घोरे आदि उपस्थित थे । राज्य भार प्रेषण केन्द्र के नियंत्रण कक्ष में ड्युटी पर उपस्थित कार्यपालन अभियंता जी0 आर0 नवरंग, रंजीत कुजुर, सहायक अभियंता संदीप देवॉगन एवं तकनीकी सहायक दिनेश विश्वकर्मा का मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही । इसी तरह बांगो जल विद्युत संयंत्र के अधीक्षण अभियंता बी0 आर0 भगत, एस0 के0 रहमतकर एवं उनकी टीम, विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में अधीक्षण अभियंता एस0 करकरे एवं उनकी टीम, कोरबा पूर्व में पारेषण संकाय से अधीक्षण अभियंता डी0एस0 पटेल एवं उनकी टीम, वितरण संकाय से अधीक्षण अभियंता पी0 एल0 सिदार एवं उनकी टीम ,संचार एवं टेलीमीटरी संकाय से कार्यपालन अभियंता मती अजय कंवर एवं उनकी टीम, उत्पादन कॅपनी से कार्यपालन अभियंता आनंद कुमार एवं सुरेश साहू की सक्रिय भूमिका इस मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में रही है । ऐसे पूरी हुई मॉकड्रिल की प्रक्रिया- मॉक ड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत गृह, छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व के उपकेन्द्रों से फीड होने वाले क्षेत्रों को मिलाकर एक आईलैण्ड सब-सिस्टम बनाया गया । इसके पश्चात् इस आईलैण्ड सब-सिस्टम में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित की गई । इस तरह एक बनावटी बिजली संकट छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया । इसके पश्चात् इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की । इसके लिये बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई क्रमांक-3 को सर्विस में लेकर बांगो उपकेन्द्र के बस को चार्ज किया गया और वहां उत्पादित बिजली को 132 के0व्ही0 लाईनों के माध्यम से छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व 132 के0व्ही0 उपकेन्द्रों तक क्रमशः पहुंचाया गया।

## शपथ पत्र

मैं कु. मनीषा कोशले उम्र 24 वर्ष पिता अजय कोशले जाति सतनामी निवासी ग्राम देवरी (संगवा) थाना तहसील व जिला-मुंगेली छ.ग. की हूँ जो निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूँ-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. यह कि मैंने सन् 2022 में बी.एस.नर्सिंग की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हूं जिसमें पंजीयन प्रमाण पत्र की मूल प्रति मुझे प्रदान किया गया था जो कहीं खो गया है।
3. यह कि मेरे बी.एस.नर्सिंग पंजीयन प्रमाण पत्र की मूल प्रति कहीं खो गया है जिसके कारण मुझे शासकीय कार्य एवं अन्य कार्यों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए पंजीयन प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति की प्राप्त करना चाहती हूं।
4. यह कि उक्त पंजीयन प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के संबंध में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।
5. यह कि मैंने कोई बात नहीं छिपाई है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं कु. मनीषा कोशले यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक की बातें मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 11/07/2024 को स्थान मुंगेली में लिखाकर पढ़ाकर, पढ़कर, सुनकर, समझकर अपना हस्ताक्षर की।

शपथकर्ता

# ठेके पर समझौता पर अब भी राह आसान नहीं : अब मजदूरी को लेकर सफाई कर्मियों का आंदोलन.. हर महीने 10 से 12 लाख अंदर कर रहीं एजेंसियां

**कलेक्टर दर पर मजदूरी का भुगतान न किए जाने से आक्रोश, यूनियन ने काम बंद का ऐलान किया, इधर 3 समूहों को दिए गए सफाई ठेके में भाजपा का पलड़ा भारी, कांग्रेस को बंटवारे में कम वार्ड मिले**

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अंततः निगम में 29 वार्डों में सफाई के ठेके पर समझौता हो ही गया। एमआईसी मेंबर्स ने बैठक कर एमआईसी की प्रत्याशा में सफाई ठेके के टेंडर पर सहमति दे दी। बड़ी बात यह है कि इस बैठक में महापौर हेमा देशमुख मौजूद नहीं थी। बताया जा रहा है कि, उन्होंने इसकी भूमिका पहले ही तैयार कर ली थी। माना जा रहा है कि, आयुक्त अभिषेक गुप्ता से खिंचतान में वे अपनी ही एमआईसी में रद्द टेंडर्स को हरी झंडी दिए जाने के मामले से दूर रहना चाहती हैं। बहरहाल, अनुशंसा प्राप्त होते ही निगम ने वर्क ऑर्डर जारी करने की दिशा में दस्तावेजी कार्यवाही तेज कर दी। 3 समूहों को ठेका दिया गया है। इसमें 27 वार्ड और बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई का काम शामिल है। लेकिन सफाई ठेके पर बंटवारे और दूसरे मामलों में सहमति बनने के बाद भी शहर की सफाई की राह आसान नहीं है। सफाई मजदूर यूनियन अब एजेंसी के सफाई मजदूरों को कलेक्टर दर पर मजदूरी के लिए अड़ गया है। इस मामले को लेकर मंगलवार से सफाई मजदूर प्रदर्शन शुरु करने जा रहे हैं। यूनियन ने इस प्रदर्शन की सूचना एसडीएम, पुलिस प्रशासन और निगम प्रशासन को दे दी है। मांग स्पष्ट है कि, मजदूरों को कलेक्टर दर 409 रुपए का भुगतान किया जाए। कई सालों से ठेका और प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से काम करने वाले सफाई कर्मियों की मजदूरी में बड़े गबन को अंजाम दिया जा रहा है। प्रतिदिन तकरीबन 40 हजार रुपए का हेरफेर सफाई एजेंसियां कर रही हैं। इस तरह एक महीने में ही 29 वार्डों के 300 मजदूरों की 12 लाख की मजदूरी का गबन किया जा रहा है। इस मामले को लेकर सफाई कर्मी अब तक चुप रहे लेकिन बीते कुछ दिनों में इस मांग को लेकर आवाज बुलंद हुई है। पायनियर ने इस पूरे मामले की तह से जुड़ी खबर प्रकाशित की थी।

पायनियर लगातार


निगम में गली-गली, नाला-नाली तक भ्रष्टाचार

निगम में सफाई के धंधे में सबके हाथ गंदे... 409 की कलेक्टर दर, प्लेसमेंट का टेंडर 490 में, मजदूरों को मिल रहे 250, रोज 30 हजार अंदर, सप्लायर की आड़ में लाखों का भ्रष्टाचार

आयुक्त बताएं सफाई का सच.... व्यवस्था चरमरा चुकी, दो सौ मजदूर बेरोजगार, महिलाओं को काम पर नहीं लिया जा रहा और चेयरमेन को कोई खबर नहीं

आयुक्त के फैसलों ने निगम में भ्रष्टाचार के रास्ते खोले, सारी व्यवस्था की नींव हिला दी, जनप्रतिनिधियों का पॉवर छीना

अहंकार की लड़ाई में पिस रहा शहर : महापौर-आयुक्त की लड़ाई जग-जाहिर, इसका खामियाजा शहर को भुगतना पड़ रहा

स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के निर्देश दे रहे और इधर उनके फैसले से शहर की सफाई पर बट्टा लग गया है

शायद महापौर-आयुक्त को दिखाई दे... नालियों का पानी गली मोहल्ले और घरों तक पहुंच रहा, लोग इस हालत में जीने मजबूर

विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्वाचन मुख्यालय की ये तस्वीर वाकई शर्मनाक है

सफाई ठेके के लिए सियासत और अफसरशाही में समझौता यथास्थिति की शर्त पर वर्क ऑर्डर जारी करने की कवायद

15 दिनों से कचरे-गंदगी का निपटारा न होने से शहर के गली-मोहल्लों में त्राहि-त्राहि

आज होगी बैठक

यूनियन ने भी दबाव बनाया

## सर्विस चार्ज वसूलने के बाद भी दे रहे कम मजदूरी

गौरतलब है कि, प्लेसमेंट और सफाई ठेका में काम करने वाले सफाई मजदूरों की मजदूरी में 150 रुपए कम दिए जा रहे हैं। कई सालों से काम कर रहे मजदूरों को 250 रुपए दिन के ही हिसाब से भुगतान किया जाता है। जबकि मौजूदा समय में कलेक्टर दर ही 409 रुपए है। प्लेसमेंट और सफाई ठेकेदार कलेक्टर दर के अतिरिक्त सर्विस चार्ज निगम से वसूलते हैं। सर्विस चार्ज एक तरह का कमिशन है जो मजदूरों के पारिश्रमिक के अतिरिक्त एजेंसी को मुनाफे बतौर हासिल होता है। लेकिन इस सर्विस चार्ज के बाद भी सफाई कर्मियों के हिस्से के तकरीबन 100 से 150 रुपए काटे जा रहे हैं। यह खेल लंबे समय से चल रहा है। जबकि नियमतः मजदूर को कम से कम कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाना आवश्यक है। ऐसा न करना श्रम कानूनों में अपराध की श्रेणी में भी आता है।

## आधे घंटे में टापू बन गया शहर



पखवाड़े भर से चरमराई सफाई व्यवस्था के चलते शहर की सूरत इस कदर बिगड़ी है कि यहां गंदगी की तस्वीरें भी छापना मुमकिन नहीं है। नाला-नाली चोक हो चुके हैं। हालात यह हैं कि, सोमवार को लगभग आधे घंटे की बारिश में ही नालियों से पानी सड़कों पर आने लगा। कलेक्टोरेट के सामने यही स्थिति रही। पुराना जिला अस्पताल में गेट तक पानी के साथ गंदगी जमा हो गई। नया बस स्टैंड, मिल चाल, इंडस्ट्रियल एरिया, तुलसीपुर, राजीव नगर, कौरिनभांठा, पुराना बस स्टैंड और भी कई जगहों पर हालात बेहद बदतर हैं। शांतिनगर, शंकरपुर, स्टेशनपारा, चिखली में भी गंदगी का आलम है। श्रमिक बस्तियों में तो गंदगी और भी ज्यादा है।

### 12-17 पर बनी बात, बाहरी दखल भी रहा

निगम में अक्सर समूहों को दिए जाने वाले सफाई ठेको में राजनीतिक लोगों का सीधा दखल होता है। इनमें पार्षद, एमआईसी मेंबर शामिल होते हैं। ठेकों को लेकर हर बार कांग्रेस- भाजपा का आपसी समझौता महत्वपूर्ण होता है। जानकारी निकलकर आ रही है कि इस बार सफाई ठेकों में 12-17 के फॉर्मूले पर समझौता हुआ है। इसमें कांग्रेस समर्थित एक समूह को 12 वार्डों के ठेके जबकि 17 वार्ड भाजपा समर्थित समूह के हिस्से आए हैं। बताया जा रहा है कि, इस समझौते में निगम से बाहर नेता का भी दखल रहा। इस दखल में शर्तें साफ थी कि भाजपा के हिस्से ज्यादा ठेके आएं और हुआ भी यही।

### किन वार्डों में ठेके के हवाले सफाई

निगम क्षेत्र में वार्ड नंबर 01, 04, 06, 07, 08, 10, 13, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 32, 33, 35, 39, 40, 41, 42, 44, 46 और वार्ड नं. 51 की सफाई व्यवस्था ठेके के हवाले है। इसके अलावा गोल बाजार और हाट बाजार की रात्रि कालीन सफाई का काम भी सफाई ठेका एजेंसी को ही करना होता है। 30 जून के बाद से इन इलाकों में सफाई व्यवस्था लड़खड़ाई हुई है। अब जब सफाई ठेके का वर्क ऑर्डर जारी हो रहा है तो सफाई यूनियन ने कलेक्टर दर पर मजदूरी की मांग को लेकर हड़ताल करने का फैसला ले लिया है। इससे फिलहाल तो सफाई व्यवस्था सुधरती नज़र नहीं आ रही है।

## क्या विपक्ष सफाई मजदूरों के साथ आएगा..

शहर में सफाई एक संवेदनशील मुद्दा है लेकिन सफाई मजदूरों की मांग भी जायज है। महंगाई के दौर में 7 घंटे की मजदूरी महज 250 रुपए दी जा रही है। जबकि उनके ही नाम पर निगम से 409 रुपए वसूले जा रहे हैं। पूर्व में इस मामले को लेकर महापौर ने पूरी मजदूरी न दिए जाने को गलत करार दिया था। यही नहीं नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कम मजदूरी भुगतान के लिए कलेक्टर और आयुक्त को पत्र लिखकर जांच की मांग करने की बात कही थी। सवाल उठता है कि, अब सफाई मजदूरों की मांग को विपक्ष का समर्थन मिलेगा।

# जागृति उपभोक्ता भंडार में 2 पदों पर निर्विरोध चुनाव



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में जागृति उपभोक्ता भंडार का चुनाव सोमवार को सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में स्वरूपचंद जैन निर्वाचित हुए। वे अपने निकततम प्रतिद्वन्दी प्रमोद जैन को पराजित करके पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं उपाध्यक्ष एवं जिला सहकारी संघ प्रतिनिधि के लिए एकमात्र पर्चा दाखिल होने से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जानकारी के अनुसार सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन और प्रमोद जैन ने नामांकन दाखिल किया। स्वरूप जैन को पांच एवं प्रमोद जैन को तीन वोट मिले। उपाध्यक्ष के लिए उषा जैन के निर्विरोध निर्वाचित हुई। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रतिनिधि के लिए रामकुमार गुप्ता एवं बद्रीनारायण शुक्ला के मध्य मुकाबले में गुप्ता निर्वाचित हुए। जिला सहकारी संघ मर्यादित प्रतिनिधि के लिए प्रदीप रत्नाकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसी प्रकार सदस्य प्रबोध जैन, प्रदीप रतनाकर, बद्रीनारायण शुक्ला, टीकाराम राजपूत, प्रमोद जैन, संजय गुप्ता, बहल सिन्हा, चंदाबाई साहू, आरबी टेबुरकर चुने गए। इस मौके पर रिटर्निंग अधिकारी एस एन चकलादार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आलोक सिंह, बीरेंद्र बोरकर, अखलेश नखत, प्रियंक जैन अरुण जैन, नारायण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# जनपद सभापति ने कराया स्कूल में न्यौता भोज



**डोंगरगांव नगर।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम सुखरी स्थित प्राथमिक शाला में क्षेत्रीय जनपद सदस्य व लोकनिर्माण सभापति चंद्रिका रोहित सोनकर ने विद्यार्थी बच्चों को न्यौता भोज कराया। बच्चों को उनके रुचि मुताबिक खीर, पूरी एवं अन्य व्यंजनों षित चावल , दाल व सब्जी परोसकर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। जनपद सभापति सोनकर ने इस दरम्यान बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेलकूद के प्रति भी रुचि लेने का सुझाव देते हुए अपने परिजनों एवं गुरुजनों को गौरवान्वित करने ताकीद दी। इस अवसर पर प्राथमिक शाला सुखरी की प्रधान पाठक सपना भारद्वाज, शिक्षक गिरिजा साहू, सरस्वती साहू उपस्थित थे।

# बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या, ग्रामीणों ने घेरा विद्युत केंद्र

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



तहसील के बम्हनी चारभाटा एवं सड़क चिरचारी क्षेत्र के ग्रामवासियों ने बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या को लेकर आक्रोश जताया है। तकरीबन आधा दर्जन गांव के लोगों ने सोमवार को छुरिया स्थित सबस्टेशन घेर लिया। यहां उन्होंने विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता एनके साहू और सहायक अभियंता दिनेश चतुवेदी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने 5 दिनों में समस्या के निराकरण का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू तथा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा भी यहां ग्रामीणों को समर्थन देने पहुंच थे। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज के कारण सिंचाई, पेयजल, पढ़ाई-लिखाई जैसे अनेक कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। समस्याओं को लेकर पूर्व में भी कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है। ग्रामीणों ने चक्का जाम भी किया था पर अब तक इस समस्या का निराकरण नहीं हुआ है।

विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में पर्याप्त बिजली की आपूर्ति की जाती थी। पर्याप्त मात्रा में बिजली कनेक्शन दिए जाते थे। बीजेपी की सरकार आने के बाद सरप्लस बिजली उत्पादन होने के बावजूद यहां के ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे प्रदेशों को बिजली बेची जा रही है और यहां के किसान बिजली की कमी से जूझ रहे हैं। विधायक ने एक हफ्ते में समस्या का निराकरण नहीं होने पर किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान मनोज सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, राम साहू, सतीश पटेल, छबिलाल, मानसिंह, गणपत राम, संतोष, धनीराम, वासुदेव, मोहनलाल, रामदयाल मरकाम तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### नया स्टेशन बन रहा

कार्यपालन अभियंता एन के साहू ने कहा कि पूर्व में किसानों द्वारा चक्का जाम करने के बाद बम्हनी, चारभाटा क्षेत्र के सब स्टेशन को समय पर चालू कर दिया गया था तथा उसकी क्षमता भी बढ़ा दी गई थी। ग्राम भंडारपुर में 132 केवी स्टेशन का निर्माण कार्य चालू है जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कर इसे चालू कर दिया जाएगा जिससे कि किसानों की समस्याओं का निराकरण हो जाएगा।

**छुरिया इलाके के 14 पीड़ितों ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार**

# ब्याज में रकम बांटकर सूदखोरों ने हड़प ली 35 एकड़ जमीन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छुरिया के लालूटोला इलाके के अलग-अलग गांव और अलग-अलग लोगों से सूदखोर और उसके एजेंटों द्वारा सूदखोरी और जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। तकरीबन 14 पीड़ितों ने इस मामले से जिला प्रशासन को अवगत कराया है। इनमें से कुछ ने पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई है।

12 जून को छुरिया के गोपालपुर में महापंचायत में क्षेत्र में ग्रामीणों से सूदखोरी और उनकी जमीन हड़पे जाने का मामला सामने आया। पीड़ितों ने बताया कि उनके नाम से एजेंटों ने साहूकार से कई ज्यादा रकम उधार ली और अब इसे लौटाने के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है। उनसे 10 प्रतिशत ब्याज वसूला जाता रहा। यही नहीं बताया जा रहा है कि ग्रामीणों की तकरीबन 35 एकड़ जमीन सूदखोर ने अपने नाम करवा ली है। इसमें तकरीबन 55 लाख रुपए के लेनदेन का मामला सामने आ रहा है।

इस पूरे मामले में लालूटोला निवासी अख्तर खान, मासुलजोब निवासी हिरमदास मानिकपुरी और चेतन मानिकपुरी की भूमिका एजेंट के तौर पर सामने आई है जिनमें अख्तर का काम सीधे साहू से पैसे दिलाना था। हिरमदास और चेतन ऐसे जरुरतमंद ग्रामीणों की तलाश करते थे। जबकि इन्हें पैसा राजनांदगांव के व्यापारी भोजराज ईसरानी द्वारा मुहैया कराया जाता था। ब्याज में रकम बांटने और इस एवज में जमीन हड़पने के मामले में इन्हीं लोगों को आरोपी बताया जा रहा है। गोपालपुर के रहने वाले पेमुराम ने भी जरुरत पड़ने पर हिरमदास और चेतन से संपर्क किया जिसके बाद उसे अख्तर खान से मिलवाया गया। राजनांदगांव लाकर उसे लिखा पढ़ी कर 40 हजार की रकम दे दी गई। इसके कुछ समय बाद अख्तर ब्याज के लिए दबाव बनाने लगा और एक लाख रुपए लौटाने के लिए धमकाया। कृषक की ऋण पुस्तिका भी साहूकार के पास ही रख दी गई और पेमुराम को नकली ऋण पुस्तिका दी गई। इसी तरह जैतगुड़ा निवासी माला बाई ने भी जरुरत पड़ने पर चेतन मानिकपुरी के माध्यम से अख्तर खान से पैसे के लिए संपर्क किया। राजनांदगांव में कई कागजातों पर दस्तखत करवाकर उसे एक लाख सत्तर हजार रुपए दिए गए। लेकिन अब उस पर 5 लाख का कर्ज बताया जा रहा है। यही नहीं उसकी ऋण पुस्तिका भी सदूखोरों ने नहीं लौटाई है। इसी तरह लगभग 14 किसानों ने खुद को पीड़ित बताते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की है। भादूराम के नाम की 10 एकड़ जमीन की साहूकार ने पॉवर ऑफ एटार्नी अपने नाम करवा ली है। भादूराम के बेटे ने बताया कि उसके पिता को सिर्फ 7 हजार रुपए दिए गए लेकिन अब उन पर 5 लाख का कर्ज बताया जा रहा है। उनकी जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है। उसने न्याय की मांग की है।

# जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों का लोकार्पण



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुतुलबोड़ भाठागांव में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू थे। अध्यक्षता सुयश नाहटा ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य अंबिका रेवाराम साहू सम्मिलित हुए। समारोह में सामुदायिक कबीर मंच, मिनी गार्ड़न निर्माण कार्य, मंच सह कमरा निर्माण कार्य, मंच निर्माण कार्य ढ़ाबा चैक, बोर पंप खनन एंव पाईप लाईन विस्तार कार्य सिर्रा, हैण्ड़ पंप मे बोर स्थापना कार्य कुतुलबोड भाठागांव का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उमा राणा सरपंच टाकेश साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## इंदिरा विवि की कुल सचिव का इस्तीफा

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कुल सचिव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पिछले माह विश्वविद्यालय की कुलपति ममता चंद्राकर को राज्य सरकार ने पद से हटा दिया था। कुलपति का प्रभार दुर्ग संभागायुक्त एसएन राठौर को दिया गया है। इसके बाद विवि की कुल सचिव प्रो. नीता गहरवार ने भी पद से त्यागपत्र दे दिया है। कुल सचिव का प्रभार खैरागढ़ के अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल को सौंपा गया है। खैरागढ़ युनिवर्सिटी में नए सिरे से कुलपति और कुलसचिव के पद पर नियमित पदस्थापना को लेकर राज्य सरकार फैसला कर सकती है। राजभवन के आदेश के पश्चात सरकार दोनों पद के लिए नए नामों की घोषणा करेगी।

# 5 करोड़ 36 लाख रूपये के लागत से विभिन्न गोडाउन सह कार्यालय भवन निर्माण कार्य का किया लोकार्पण

## उपमुख्यमंत्री अरूण साव नगर पंचायत कोपरा के अभिनंदन समारोह में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने ग्राम कोपरा को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के पश्चात संचालन समिति के गठन होने के उपलक्ष्य में अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्हेंने कहा कि आज के दिन कोपरा वासियों के लिए बहुत ही ऐतिहासिक और गौरवशाली का दिन है। इसके लिए सभी नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी वर्गो के विकास के लिए लगातार कार्य किये जा रहे है। जिसका फायदा प्रदेश के सभी नागरिकों को मिल रहा है। इसके अलावा प्रदेश में विभिन्न निर्माण कार्य भी कराये जा रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जो मोदी की गारंटी के तहत जो वादे किये गये थे, उन वादों को सरकार बनते ही अमल कर क्रियान्वयन किया गया है। जिसका लाभ सीधा पात्र हितग्राहियों को निश्चित समय पर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कोपरा ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बना है। इसके सुव्यवस्थित विकास के लिए किसी भी प्रकार की राशि की कमी नहीं आयेगी। कोपरा को योजनाबद्ध तरीके से एक नया शहर बनायेंगे। इसके लिए हमें 50 वर्षो की कार्य योजना बनाकर काम करने की आवश्यकता है। जिससे अन्य शहर के लोग भी इस शहर को एक आदर्श शहर के रूप में पहचान मिले। इसके लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है। कोपरा में सुव्यवस्थित सड़के, सीसीरोड, नाली निर्माण, बिजली, पेयजल, कार्यालय, चिकित्सालय, स्कूल सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगरीय निकायों में विभिन्न निर्माण कार्यो एवं विकास के लिए सरकार बनने के उपरांत 1500 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये है। इस दौरान उन्होंने नगरीय निकाय कोपरा के विकास के लिए 50 लाख रूपये की घोषणा की तथा राजिम नगर के विकास के लिए 2 करोड़ रूपये की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने 5 करोड़ 36 लाख रूपये के लागत से बने गरियाबंद जिले के 21 विभिन्न ग्रामों में 200 मीट्रिक टन गोडाउन सह कार्यालय भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शुभ सवेरा क्लस्टर श्यामनगर को बिहान दिदियों को 32 लाख रूपये का बैंक लिकेंज ऋण, लीड बैंक द्वारा दो हितग्राहियों को 15 लाख 45 हजार रूपये के ट्रेक्टर लोन, समाज कल्याण विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र, 2 हितग्राहियों को व्हीलचेयर, मत्स्य विभाग द्वारा 3-3 हितग्राहियों को जाल एवं मछली आइस बाक्स प्रदाय किया। कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को स्वाईल हेल्थ कार्ड, 10 किसान को किसान क्रेडिट कार्ड, 10 किसानों को अरहर बीज एवं 5 विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को पीएम किसान अंतर्गत प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 5 हितग्राहियों को सिकलसेल कार्ड, 10 किसानों को फलदार पौध वितरण किया गया। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू ने कार्यक्रम में नगर पंचायत का दर्जा मिलने के पश्चात संचालन समिति के गठित होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हम सबके के लिए गौरव का क्षण है।

# खरीदी व्यवस्था पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार से मुक्त होगीए निगम के पिछले रेट कान्टैक्ट की हो जांच : विजय मोटवानी

- जेम पोर्टल से सरकार की खरीदारी के निर्णय का पार्षद ने किया स्वागत
- नगर निगम के भ्रष्टाचार का मुखरता से विजय मोटवानी ने खोली थी पोल

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए आने वाले समय में सरकार के सभी विभागों की आवश्यकतानुसार समाग्री एवस्तुओं और सेवाओं दर और विशिष्टताओं की खरीदारी अब भारत सरकार के डीजीएस एंड जैम वेबसाइट में उपलब्ध नियमावली के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत किए जाने के निर्णय का स्वागत पार्षद एवं भाजपा नेता विजय मोटवानी द्वारा करते हुए कहा गया है कि उक्त ऐतिहासिक एवं जनहितकारी निर्णय से पारदर्शीतापूर्ण शासन तथा भ्रष्टाचार मुक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यवस्था अब आम जनता को प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में साबित होगी। मोटवानी ने आगे कहा है कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार के 114 आवश्यक सामग्रियों की खरीदी रेट कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर किए जाने के नीति को खत्म करना वास्तव भ्रष्टाचार को खत्म कर, ईमानदारी पूर्ण जन सेवा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय है एउन्होंने राज्य सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर नगर निगम धमतरी में जितनी भी खरीदी हुई है इसकी निष्पक्ष जांच करने की मांग की है ताकि वास्तविकता जनता के सामने आ सके क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के समस्त पार्षद गणों द्वारा समय.समय पर लोकतांत्रिक पद्धति से आंदोलन कर शासन प्रशासन का ध्यान हार्पिक, क्लोरीन, डस्टबिनए झाडू फिनायल, बर्तनए खुर्सी सहित अनेक समाग्रियों की खरीदारी में बरती गई अनियमितता की ओर आकृष्ट कराया गया था। ऐसे खरीदियों में भंडार क्रय नियम 2002 का खुल्लम.खुल्ला उल्लंघन किया गया था।गौरतलब है कि सरकार के उक्त निर्णय के तहत अब 1 वर्ष में 900 करोड रुपए की खरीदी जिम पोर्टल के माध्यम से होने से सरकार को आमदनी के साथ बचत भी होने की पूर्ण संभावना है इससे पहले होने वाले रेट कॉन्टैक्ट में समय.समय पर धांधलीय एवं भ्रष्टाचार की बात उठती थी लेकिन अब छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय नियम में संशोधन करने के पश्चात राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार उपरोक्त ऐसे कार्यो पर पूर्णता अंकुश लग जाएगा। जिससे आम जनता का विश्वास सरकार के प्रति बढ़ेगी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 15 जोड़े

## कार्यक्रम में अतिथियों सहित उपस्थितों ने दिया नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी द्वारा आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विवाह में 15 जोड़ों ने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया।

स्थानीय विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक धमतरी ओंकार साहू, विधायक सिहावा अंबिका मरकाम, महापौर नगरनिगम धमतरी विजय देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने नवविवाहित इन जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। गौरतलब है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति जोड़ा 50 हजार रूपये दिया जाता है। इसमें 8 हजार रूपये विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन, 7 हजार रूपये मंगलसूत्र, वर-वधु के कपड़े, श्रृंगार सामग्री चुनरी, साफा, उपहार सामग्री, 35हजार रूपये वधु को ड्रॉफ्ट/बैंक खाते के माध्यम से भुगतान के लिए दिये जाते हैं।

# जनदर्शन में मिले 77 आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





शासन की मंशानुरूप आमजनों की समस्या, शिकायत और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन हर सोमवार को किया जाता है। आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के वनांचल एवं दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्या, शिकायत और मांगों को गंभीरता से सुना और संवेदनशीलता से उनपर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आज आयोजित जनदर्शन में प्रमुख रूप से आवास के लिए आबादी जमीन देने, महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, इलाज के लिए सहयोग प्रदान करने, राशन कार्ड, पट्टा, दिव्यांगों को मनरेगा के तहत काम दिलाने, आधार कार्ड बनाने, नाली निर्माण कराने, श्रमिक पंजीयन करने, नया पंचायत बनाने सहित निजी जमीन से मटेरियल हटवाने संबंधी कुल 77 आवेदन प्राप्त हुए।

# सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए ऑनलाईन आवेदन 5 अगस्त तक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

राजीव युवा उत्थान योजना के तहत राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के कुल 50 ऐसे अभ्यर्थी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में करना चाहतें हैं, उनसे आगामी 5 अगस्त तक ऑनलाईन आवेदन मंगाया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in अथवा http://hmstribal.cg.nic.in कर सकते हैं। इसके अलावा वेबसाईट से पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम इत्यादि संबंधी सूचना भी प्राप्त कर जा सकता है।

# श्याम मंदिर में भागवत कथा का आयोजन 11 अगस्त से

**धमतरी।** श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट व्दारा आगामी 11 से 18 अगस्त तक श्याम मंदिर धमतरी में मद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथावाचक के रूप में पं मनोज महाराज मनोज धाम वृंदावन अपनी मधुर वाणी से भक्तों को भागवत कथा का वाचन करायेंगे। आयोजक श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट ने श्याम भक्तों से अपील की है कि अगर वे इस भागवत कथा के आयोजन में आर्थिक सहयोग प्रदान करना चाहते है तो संपर्क कर सकते है, साथ ही सभी भक्तों से इस भागवत कथा में उपस्थित होकर भक्ति लाभ लेने की अपील भी की है।

# सांई बाबा मंदिर कोलियारी में गुरूपूर्णिमा महोत्सव 21 को

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



आगामी 21 जुलाई को ग्राम कोलियारी स्थित सांई बाबा मंदिर में गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा ( इस दिन सुबह 6 बजे सांई बाबा मंदिर में मंगल स्नान, आरती व पूजन पश्चात विष्णु सहस्त्र नाम के मंत्र उच्चारण, 11 बजे से सत्यनारायण कथा, दोपहर 1 बजे प्रसादी वितरण तथा दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक शुभ लाभ मानस परिवार एवं भजन संध्या जुनवानी का सांई भजन कार्यक्रम आयोजित है। शाम 7 बजे सांई बाबा की धूप आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। मंदिर संचालक ने समस्त सांई भक्तों से इस दिन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

# दावा-आपत्ति-सुझाव 22 जुलाई तक

**धमतरी।** नगरपालिक निगम धमतरी क्षेत्र को 40 वार्डो और नगरी एवं आमदी नगर पंचायत में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारित संबंधी प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव नगरनिगम कार्यालय और एसडीएम कार्यालय में चस्पा किया गया है।
कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा है कि उक्त प्रस्तावों के संबंध में यदि कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना चाहता हो तो, 22 जुलाई अथवा 7 दिन के भीतर लिखित रूप में कलेक्टोरेट कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

# गंगरेल मंडल के द्वारा हुआ वृहद वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण का आयोजन ग्राम सोरम के उत्तर माध्यमिक विद्यालय में किया गया वृक्षारोपण के पश्चात भारी बारिश हुई जिसमें कार्यक्रम और भी सुंदर हो गया। वृक्षारोपण में आए समाज सेवियो के साथ बच्चों ने भी पौधारोपण करके पौधा को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम पश्चात वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा हुई उपस्थित जिला पंचायत के पूर्व सभापति श्यामा साहू के द्वारा पिछले कोविड का वर्णन करते हुए ऑक्सीजन के महत्व पर प्रकाश डाला गया पश्चात महिला मोर्चा महामंत्री मोनिका देवांगन के द्वारा कहा गया कि सिर्फ वृक्ष लगाने से ही हमारी भूमिका खत्म नहीं होती है बल्कि एक मां की तरह उस पेड़ को बड़ा करने तक हमारी जिम्मेदारी होती है। उपस्थित मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि ऑक्सीजन के बिना जैसे जीवन संभव नहीं है वह ऑक्सीजन हमें पेड़ से प्राप्त होता है और जिस तरीके से आज पेड़ों की कटाई हो रही है वह चिंता का विषय बना हुआ है। गर्मी के दिनों में हम एक कुलर से ठंडकता लाने का प्रयास करते हैं जो की अंतिम विकल्प नहीं है अंतिम विकल्प सिर्फ वृक्षारोपण ही है और वृक्षारोपण को सामाजिक क्रांति बनाने का कार्य सिर्फसमाज के प्रत्येक वर्ग ही कर सकता हैऔर इस दिशा में हम सबको आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित जिला महामंत्री अविनाश दुबे ने अपने उद्बोधन में कहे की आज हम विकसित भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं आने वाले 2047 तक हमको विकासशील देशों में अग्रणी होना है जिसमें पर्यावरण की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि देश में जिस तरह सबसे बड़ी संकट जो गर्मी के रूप में दिख रही है उसको सही करने का एकमात्र उपाय वृक्षारोपण ही है और आज के दिन हम सबको वृक्ष लगाकर उसको संरक्षित करने का संकल्प लेकर हम सबको आगे बढ़ना है। इस कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश यादव के द्वारा कार्यक्रम का आभार किया गया साथ ही वहां के प्रिंसिपल साहू के द्वारा भी सभी अतिथियों का आभार किया गया। कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति रुद्री के अध्यक्ष मुकेश यादव, जनपद सदस्य रूपाली ध्रुव, उमेंद्र सिन्हा, दुष्यंत सिन्हा सरपंच बोरीदखुर्द, नंदिनी साहू सरपंच सोरम, हेमंत साहू, चेतन साहू, मनीराम साहू, जीवन यादव पूर्व उपसरपंच आदि उपस्थित थे।

# शिशु संरक्षण माह 19 जुलाई से 23 अगस्त तक जिला टीकाकरण कार्यबल की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला टीकाकरण कार्यबल की बैठक आहूत की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.कौशिक ने बताया कि जिले में द्वितीय चरण में 19जुलाई से 23अगस्त तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जायेगा। शिशु संरक्षण माह वर्ष में दो बार और 10 सत्रों में आयोजित किया जाता है। इस दौरान 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को विटामिन ए की सिरप पिलायी जाती है तथा 6 माह से 5 साल तक के बच्चों को आयरन सिरप पिलायी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान छूटे हुये बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती माताओं की जांच, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं एनआरसी में रेफरल बच्चों का वजन किया जाता है। कलेक्टर ने सु गांधी ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से शिशु संरक्षण माह का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश बैठक में दिये हैं। बैठक अपर कलेक्टर जी.आर. मरकामसहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।कलेक्टर गांधी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे शिशु संरक्षण माह के दौरान अपने बच्चों को नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र अथवा आंगनबाड़ी केन्द्रों में ले जाकर समय पर टीकाकरण करायें।

# भाजपा कार्य समिति की बैठक में शिरकत करेंगे नेताम : जयसवाल



**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने बताया कि प्रदेश संगठन के आवाहन पर जिला कार्य समिति का बैठक 16 जुलाई दिन मंगलवार को स्थनीय भाजपा कार्यालय मे सुबह 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। जिसमें कृषि मंत्री रामविचार नेताम,सरगुजा लोकसभा सांसद चिंतामणि महाराज,सामरी विधायक उध्देश्वरी पैकरा,प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते सहित पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के निर्देशन पर आगामी महा सदस्यता अभियान के साथ नगर निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव सहित परिसीमन व अन्य विषयों पर महत्त्वपूर्ण चर्चा की जाएगी।

## कलेक्टर नम्रता गांधी ने समय सीमा की बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

# कम बारिश की संभावना के मद्देनजर दलहन, तिलहन और मिलेट्स के बीज की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



वर्तमान में जिले में रूक-रूककर हो रही बारिश के मद्देनजरकिसानों को खरीफ फसल में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसलिए किसानों को धान के अलावा अन्य विकल्पों दलहन, तिलहन और मिलेट्स की खेती के लिए समय पर बीज उपलब्ध कराने और और इसकी विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश आज कलेक्टर सु नम्रता गांधी ने समय सीमा की बैठक में जल संसाधन, राजस्व, कृषि और संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सु नम्रता गांधी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर जिले में होने वाली बारिश और विभागों द्वारा इसकी अग्रिम तैयारियों की समीक्षा की तथा आने वाले दिनों के लिए समुचित, व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों से कहा। उन्होंने डेंगू, मलेरिया और बारिश में होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर सप्ताह फॉगिंग करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही बारिश में पीने का पानी नहीं पहुंच पाने और अत्यधिक पानी भरने वाले इलाकों की जानकारी लेते हुए कार्ययोजना बनाने कहा। साथ ही इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्र में बनाए गए रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी लेते हुए अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने कहा। इसके साथ ही मवेशियों की धर-पकड़ की जानकारी भी कलेक्टर ने बैठक में ली। बैठक में अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा के अधिकार के तहत् स्कूलों की मॉनिटरिंग करने हेतु नियुक्त किये गये मेंटर की जानकारी लेते हुए कहा कि मेंटर यह ध्यान रखने कहा कि यदि कोई बच्चा भरती नहीं ले रहा है, तो उसके कारणों को पता लगाकर बच्चों को स्कूल तक लाये। इसके लिए पालकों और बच्चों से बात करें और किसी प्रकार की परेशानी आये तो अवगत करायें। उन्होंने कहा कि पंचायत और नगरीय निकाय की छोटी छोटी समस्याओ का समाधान स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करें। इसके लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और शिक्षा विभाग सतर्क रहे।किसी भी हॉस्टल, आंगनबाड़ी, स्कूल मे डेंगू, मलेरिया, डायरिया के बच्चे मिले तो तत्काल शिविर लगाकर सभी बच्चों की जाँच करें। ज़िंक और ओआरएस की दवाइयो को ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित करते हुए राज्य के अनुपात मे वितरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में अविवादित/विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा, बटांकन, डायवर्सन, भू-अर्जन, बिना डायसर्वन के बनाए गए मकान पर कार्यवाही, फॉगिंग, आंगनबाड़ी की स्थिति, हाट-बाजार में लगी दुकानों की जांच करना सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। इसके लिए उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाने कहा। इसके अलावा जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद वितरण, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी कलेक्टर ने बैठक में ली। साथ ही बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, क्रेडा, समाज कल्याण, पशुपालन, मछलीपालन, आरईएस, वन, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के विभागीय प्रकरणों की बारी-बारी से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

# अनियंत्रित कार गड्ढे में गिरी सवार सभी लोग घायल एक गंभीर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरी की ओर से धमतरी की ओर आ रही एक कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। इस दुर्घटना में कार में सवार सभी लोग घायल हो गए जिसमें से एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है। दुर्घटना पश्चात राह चलते लोगों ने गड्ढे में गिरी कार को सीधा कर घायलों को निकाला और एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें जिला अस्पताल भेजा जहां घायलों का ईलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 04 एल ई 4666 में लगभग आठ लोग सवार होकर नगरी से धमतरी की ओर आ रहे थे। तभी खड़ादाह के पास अचानक रोड किनारे कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा घुसी कार दो बार पलटी भी हुई और कार में बैठे लोग कार में ही दब गएए जिसे आसपास के लोगों ने कार को सीधा किया और घायलों को बाहर निकाल कर तत्काल एंबुलेंस को फोन कर जिला अस्पताल लाया गया, जहां घायलों की इलाज जारी है। बताया जा रहा है ज्यादातर घायल बालाघाट के रहने वाले हैं जो की कैटरिंग का काम करते हैं। कैटरिंग का काम करने के लिए रायपुर से नगरी आए हुए थे। आज सुबह वापस लौटते समय यह सड़क हादसा हुआ और कार में सवार 7 लोग घायल हो गए। जिसमें विकास साहू रायपुर, पवन नमोही, राजेंद्र बिसेन,नकुल लिल्हारे,विजय, अवन सिंह निरलेश नागपुरे और रामेश्वर है यह सभी बालाघाट निवासी है जिसमें रामेश्वर और विकास साहू भर्ती है।

# MATS UNIVERSITY

MATS UNIVERSITY ready for life.......

NAAC ACCREDITED UNIVERSITY

## APPROVALS & RECOGNITIONS

UGC | AICTE | BCI | PCI
NCTE | AIU | CGPURC

Microsoft IT ACADEMIC PARTNER CG'S ONLY AUTHORISED MICROSOFT INNOVATION CENTRE | LAZARSKI | ORACLE | ima The Association of Accountants and Financial Professionals in Business | EAST CAROLINA UNIVERSITY TIE-UP WITH EAST CAROLINA UNIVERSITY, USA | CLAT COMMON LAW ADMISSION TEST | NATIONAL LAW SCHOOL OF INDIA UNIVERSITY Bangalore | UNIVERSITY OF APPLIED SCIENCES IN NYSA | nlu MUMBAI | Patna Law College Patna University, Patna | NPTEL | BOSCH

# Unlock Your Future

## Begin Your Journey with Us Today!

NEP 2020

- 4 Year Undergraduate Program with an Option to Exit at 3rd year with 3-year Degree
- Multiple Entry and Exit Option : 1st Year Exit with Certificate 2nd Year Exit with Diploma
- Emphasis on Skill Development and Vocational Training
- Flexibility for Students to Choose Learning Paths and Programs Based on their Needs
- Exposure to Life Skills, Ethics, Human Values and the Indian Knowledge System
- Integration of Projects, Internships and Apprenticeships in the Curriculum

**Introducing National Education Policy 2020 from Academic Session 2024**

## FOR ADMISSION - APPLY ONLINE VISIT : www.matsuniversity.ac.in

### School of Engineering

**M.Tech.**
Computer Science Engineering
Turbo Machinery
Power Electronics
Computer Aided Structural Engineering

**B.Tech. Hons.**
Computer Science Engg.(IOT, AI & ML)
Aeronautical Engg. (UAV)
Mechanical Engg. (ROBOTICS & ENERGY)
Mining Engg. (MINERAL PROCESSING)
Civil Engg. (CONS. MGMT. & GREEN TECH.)

**B.Tech.**
Computer Science Engineering
Aeronautical Engineering
Mechanical Engineering
Mining Engineering
Civil Engineering

**Diploma**
Mechanical Engineering
Civil Engineering

Admission Help Line : 7389356989, 9109951182

### School of Business Studies

**M.Com.**
**B.Com. (Hons.)**
**B.Com. (Land Transportation)**
Admission Help Line : 7389376989

### School of Research Studies

**Ph.D.**
in various streams
Admission Help Line : 9109994500

### School of Management

**M.B.A.** Marketing/HR/Fin. (Dual Spe.)
**B.B.A. (Hons.)** Marketing/HR/Fin.
**B.B.A. (Logistics)**
Admission Help Line : 9109913111

### School of Information Technology

**M.C.A.**
Specialization in AI/ Data Science
**M.Sc. (CS)**
**P.G.D.C.A.**
**B.Sc.**
Animation & Graphic Designing
**B.C.A.**
Specialization in AI/ Data Science
**D.C.A.**
Admission Help Line : 9109951181

### School of Fashion Designing & Technology

**M.Design**
**B.Sc. (Hons.)**
Fashion Designing & Technology
Interior Design & Decoration
Admission Help Line : 9109951183

### School of Education

**M.A.** Education
**B.Ed.**
Admission Help Line : 9109951184

### Law School

**LL.M.**
**B.A. LL.B.**
**LL.B.**
Admission Help Line : 9109997900

### School of Sciences

**M.Sc.**
Microbiology/ Chemistry
Botany/ Zoology/ Mathematics
**B.Sc.**
Biotechnology/ Microbiology
Forensic Science/ CBZ/ PCM
Admission Help Line : 9109991032

### School of Library & Information Science

**M.Lib.I.Sc.**
**B.Lib.I.Sc.**
Admission Help Line : 9109991031

### School of Physical Education

**M.A.** Yoga
**B.P.Ed.**
**P.G.D.Y.Ed.**
Admission Help Line : 9755199381

### Department of Social Work

**M.S.W.**
Specialization :
1. Community Development
2. Medical & Psychiatry
Admission Help Line : 9109994500

### School of Pharmacy

**B.Pharmacy**
**D.Pharmacy**
Admission Help Line : 9755199381

### School of Arts & Humanities
### Department of Psychology

**M.Sc.** Psychology
**M.A.** Psychology
**P.G.D.G.C.**
PG Dip. in Guidance & Counseling
**B.Sc. (Hons.)** Applied Psychology
**B.A. (Hons.)** Applied Psychology
Admission Help Line : 7471180268

### Department of Hindi

**M.A.** - Hindi/ Political Science
**B.A.** History/ Political Science/ Social Science
**B.A. (Hons.)**
Hindi with Journalism & Tourism
**Diploma**
Journalism & Mass Communication
Admission Help Line : 7880001773

### Department of English

**M.A.** - English
**B.A. (Hons.)**
English with Mass Communication
Admission Help Line : 9752942949



**FOR DETAILS CALL : 1800 123 819999**

**ADMISSION OFFICE** : RAIPUR CAMPUS, MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR, CG, 492 004
**UNIVERSITY CAMPUS** : AARANG KHARORA HIGHWAY, AARANG, RAIPUR, CG, 493 441
**Tel :** 0771 4078995, 96, 98 **Mob:** 9109951184, 9755199381, 9109994500 **Email :** admissions@matsuniversity.ac.in

SCAN FOR VIRTUAL TOUR OF MATS UNIVERSITY

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403